

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 13 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -279 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



महागठबंधन की सरकार अपना वादा पूरा करने ... 02
■ सफाई व्यवस्था काफी हद तक दुरुस्त
■ पाकिस्तान से पश्मीना शॉल-कालीन कारोबार... 03
■ जयशंकर व ब्लिंकन ने हौथी हमलों व गाजा...
■ समुद्र में मिला आठ वर्ष पहले दुर्घटनाग्रस्त ... 07
नम्रता सेठ ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार... 10

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब थौबुल से होगी शुरू

## पहले इम्फाल से होनी थी शुरू, मणिपुर सरकार की शर्तों की वजह से बदलाव

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस की न्याय यात्रा मणिपुर की राजधानी इम्फाल की जगह अब थौबुल से शुरू होगी। कांग्रेस पार्टी ने राज्य सरकार की शर्तों की वजह से ये बदलाव किया है। राज्य सरकार ने यात्रा में 1 हजार लोगों के शामिल होने की परमिशन दी थी। कांग्रेस ने इन शर्तों की वजह से जगह में बदलाव किया है। कांग्रेस के मणिपुर अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि हमने 2 जनवरी को जिला प्रशासन से इम्फाल के हत्ता कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी थी। कानून-व्यवस्था का हवाला देकर पहले इससे इनकार कर दिया गया। 10 जनवरी को मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कुछ शर्तों के साथ इसकी अनुमति मिली। मेघचंद्र ने कहा कि हमें बताया गया कि कार्यक्रम स्थल पर 1,000 से अधिक लोगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। 14 जनवरी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यहीं से यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। रूट में कोई बदलाव नहीं होगा।




- न्याय यात्रा की कल से होगी शुरआत
- मणिपुर में एक हजार लोगों की अनुमति
- मल्लिकार्जुन यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी

**सिविल सोसायटी के लोगों से मिल राहुल**

यात्रा से दो दिन पहले 12 जनवरी को राहुल गांधी ने दिल्ली में सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन्स और पीपुल्स मूवमेंट्स के लोगों से मिले। राहुल ने मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और आरएसएस के अन्याय से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह भी मौजूद थे।

**15 राज्यों से होकर गुजरेगी यात्रा**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू होकर मुंबई में खत्म होगी। करीब 6,700 किलोमीटर दूरी तय करके यह यात्रा 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। ये राज्य मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक भारत जोड़ो यात्रा की थी।

**राहुल का मोदी सरकार पर हमला**

### *सत्ता के अहंकार में चूर 'शहंशाह' जमीनी हकीकत से बहुत दूर*

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट करके कहा, देश के युवाओं! आज 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों को फिर से याद करने की ज़रूरत है। उन्होंने युवाओं की ऊर्जा को ही एक समृद्ध देश का आधार कहा और पीड़ित एवं निर्धन की सेवा को ही सबसे बड़ी तपस्या। युवाओं को विचार करना ही होगा कि आखिर क्या होगी हमारे सपनों के भारत की पहचान? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावुकता? उत्तेजक नारे लगाता युवा या रोजगार प्राप्त युवा? मोहब्बत या नफरत? आज वास्तविक मुद्दों से नजरें फेर कर भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है, जो देश की जनता के साथ छल है। सरकार इसे 'अमृतकाल' बता कर उत्सव मना रही है। सत्ता के अहंकार में चूर शहंशाह ज़मीनी हकीकत से बहुत दूर हो गया है।*

# प्रधानमंत्री ने देश के सबसे लंबे पुल का किया उद्घाटन



**मुंबई,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया। इस दौरान मंच पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे समेत दोनों उपमुख्यमंत्री अजित पवार और देवेंद्र फड़नवीस के साथ ही राज्यपाल रमेश बैस भी मौजूद रहे। 17,840 करोड़ रुपए से अधिक की कुल लागत से निर्मित 21.8 किमी लंबे मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक को 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी- न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है। अभी तक मुंबई से नवी मुंबई जाने के लिए वाशी मार्ग होते हुए सानपाड़ा हाईवे से गुजरना पड़ता था। इससे यात्रा में कम से कम 2 घंटे लगते थे, लेकिन अटल सेतु की वजह से यह यात्रा अब 20 मिनट में पूरी हो जाएगी।

- 21.8 किमी लंबा अटल सेतु मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ेगा
- निर्माण में 17,840 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आई

### प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो किया

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी नवीं मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने एक रोड़ शो किया। रोड़ शो के दौरान उन्होंने वहां एकत्रित भीड़ का आभार जताया। रोड़ शो के बाद प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई में 12,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## सार संक्षेप

### अयोध्या में धार्मिक नहीं राजनीतिक कार्यक्रम हो रहा : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में अधूरे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मद्देनजर आम चुनाव को देखते हुए किया जा रहा है और भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को धार्मिक नहीं राजनीतिक बना दिया गया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 22 जनवरी को किया जा रहा है।

### डीआरडीओ ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का किया परीक्षण



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीआरडीओ ने नई पीढ़ी की आकाश (आकाश-एनजी) मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। उड़ान परीक्षण के दौरान लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका गया और नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा, उड़ान परीक्षण 12 जनवरी, 2024 को 1030 बजे आयोजित किया गया था।

### लोकसभा से निलंबित किए गए 3 सांसद बहाल



**नई दिल्ली।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस के तीन निलंबित सांसदों का निलंबन खत्म कर दिया है। शुक्रवार को समिति की बैठक में तीनों सांसदों की पेशी के बाद यह फैसला लिया गया। विशेषाधिकार समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पास भेज दी है। जिस सांसदों का निलंबन रद्द किया गया है,इसमें अब्दुल खालिक,डॉ. के जयकुमार बिजयकुमार उर्फ विजय बसंत हैं।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले विशेष अनुष्ठान शुरू



**नई दिल्ली।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बहुप्रतीक्षित भव्य राममंदिर के उदघाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष अनुष्ठान की शुरुआत की है। श्री मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी साझा की है। श्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं।

### पुरुलिया में मोस्ट वांटेड माओवादी नेता गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने मोस्ट वांटेड सीपीआई (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य सब्यसाची गोस्वामी उर्फ किशोर दा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के सूत्रों ने बताया कि उसे विशेष टीम ने एक गुप्त स्थान से गिरफ्तार किया।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कानून पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति संबंधी कानून (हाल में संशोधित) पर रोक लगाने की याचिका शुक्रवार को इनकार कर दिया , हालांकि इस मामले में केंद्र सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया है।



- केंद्र को अपना जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया
- इस मामले को अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह की कानून पर रोक लगाने की दलीलें खारिज करते हुए कहा, हम इस तरह कानून पर रोक नहीं लगा सकते। पीठ ने हालांकि केंद्र को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा और इस मामले में अप्रैल 2024 में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता जया ठाकुर और वकील गोपाल सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 की वैधता पर सवाल उठाते हुए उसे चुनौती दी है। श्री सिंह ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई कि वह सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए चयन समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को उचित आदेश जारी करने का निर्देश दे, जिसमें वर्तमान में प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और सदन में विपक्ष के नेता शामिल हैं। सुश्री ठाकुर ने 2023 के कानून के प्रावधानों को संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 50 और 324 के तहत अधिकारातीत घोषित करने का निर्देश देने की मांग की, क्योंकि ये निर्धारित सिद्धांतों के विपरीत होने के अलावा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों का उल्लंघन हैं।

**'इंडिया' गठबंधन की अहम बैठक आज**

# नीतीश कुमार को संयोजक बनाने की हो रही है चर्चा

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया की शनिवार 13 जनवरी की सुबह साढ़े ग्यारह बजे बैठक होगी। सूत्रों ने बताया कि इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं की इस ऑनलाइन बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को बनाया जा सकता है गठबंधन का अध्यक्ष



सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल ज्यादातर दल सहमत हैं, लेकिन इसको लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी ने कुछ नहीं कहा है।

### अब तक हो चुकी है चार बैठकें

विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकें अब तक हो चुकी है। इसमें पहली मीटिंग बिहार के पटना में 23 जून को हुई थी। वहीं दूसरी मीटिंग बेंगलुरु में 17 और 18 जुलाई को हुई थी. तीसरी बैठक मुंबई में 31 और 1 सितंबर को हुई थी। इसके अलावा चौथी बैठक दिसंबर को दिल्ली में हुई थी। विपक्षी गठबंधन इंडिया की चौथी मीटिंग में पीएम चेहरा, सीट शेयरिंग और साझा रैली सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

**सीटों के बंटवारे को दिया जाएगा अंतिम रूप**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की शनिवार को होने वाली मीटिंग को काफी अहम माना जा रहा है. ऐसा इसलिए क्योंकि गठबंधन को सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देना है। कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति आए दिन सीट बंटवारे को लेकर राज्यवार चर्चा कर रही है। गठबंधन समिति अब तक तक महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी , दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी, आरजेडी और समाजवादी पार्टी के साथ सीट शेयरिंग को लेकर मीटिंग कर चुकी है।

# उत्तर भारत में अभी और सताएगी शीत लहर



- आईएमडी ने घने कोहरे की भी दी चेतावनी
- कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 3-7 डिग्री के बीच

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि सर्दी से अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने उत्तर भारत में हाड़ कंपा देने वाली शीतलहर और आगे कुछ दिनों तक घना कोहरा रहने की चेतावनी दी है।

आईएमडी ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर भारत में हाड़ कंपा देने वाली शीतलहर की संभावना है। जबकि अगले तीन दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में ठंडे दिन से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है। इसके बाद सर्दी कुछ कम हो जाएगी। आईएमडी ने यह भी भविष्यवाणी की है कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने अपने दैनिक बुलेटिन में कहा, 'पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान के अधिकांश हिस्सों, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, दक्षिण राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश और बिहार के अलग-अलग इलाकों में न्यूनतम तापमान 3-7 डिग्री सेल्सियस के बीच है।' आईएमडी ने कहा कि उत्तर भारत के कई स्थानों पर यह सामान्य से माइनस 1 डिग्री सेल्सियस से माइनस 3 डिग्री सेल्सियस तक कम है। आज (शुक्रवार को) सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस अमृतसर (पंजाब) में दर्ज किया गया।

पूर्वी राजस्थान, पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। वहीं हरियाणा और पश्चिमी राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में भी शीतलहर जारी है। आईएमडी ने आगे कहा कि अगले 2-3 दिनों के दौरान मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा।

**संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने दी जानकारी**

# 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने वर्तमान लोकसभा के आखिरी सत्र को लेकर आधिकारिक रूप से जानकारी देते हुए यह बताया है कि सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा और 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। जोशी ने संसद के आगामी सत्र की तारीखों और एजेंडे को लेकर आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए शुक्रवार को अंतरिम बजट सत्र 2024 के हैशटैग के साथ एक्स पर पोस्ट कर बताया, सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण से सत्र शुरू होगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र की शुरुआत, 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी।




- 1 फरवरी को पेश किया जाएगा अंतरिम बजट

# खुदरा महंगाई बढ़कर 5.69 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य वस्तुओं की महंगाई के कारण दिसंबर 2023 में इससे पिछले माह की तुलना में हल्की बढ़ कर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गयी। दिसंबर,23 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत और दिसंबर 2022 में इसी माह 5.72 प्रतिशत थी। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा शुक्रवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक पर आधिरत आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने खाद्य वर्ग की कीमतें सालाना आधार पर 9.53 प्रतिशत ऊंची थी। नवंबर,2023 में खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत और पिछले साल दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत थी।

**खाद्य वस्तुओं की महंगाई के कारण हुआ इजाफा**

**रिपोर्ट** *ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में भारत पर गंभीर आरोप*

# मोदी सरकार में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा भेदभाव

**नई दिल्ली, 12 जनवरी (एजेंसियां)। ह्यूमन राइट्स वॉच ने 'वर्ल्ड रिपोर्ट 2024' में भारत सरकार पर कई तीखे आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट में सरकार पर मजहबी अल्पसंख्यकों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। ह्यूमन राइट्स वॉच मानवाधिकार को लेकर दुनिया के करीब 100 देशों पर अपनी सालाना रिपोर्ट प्रकाशित करता है. इसमें मानवाधिकार और इससे जुड़ी तमाम पहलूओं पर अपनी रिपोर्ट पेश करता है।**

ह्यूमन राइट्स वॉच ने लिखा है कि भारत वैश्विक नेतृत्व का दंभ भरता है, लेकिन लोकतंत्र वाले देश में अधिकारों के सम्मान को लेकर भारत सरकार का रवैया कमजोर रहा है। वर्ल्ड रिपोर्ट 2024 में लिखा है कि भारत में पिछले साल (2023) में मानवाधिकारों को दबाया गया है और लोगों के साथ उत्पीड़न की कई घटनाएं सामने आई हैं। रिपोर्ट में मणिपुर हिंसा, जम्मू कश्मीर का हालिया माहौल और जंतर मंतर पर महिला पहलवानों के विरोध को जगह दी गई है। इसके अलावा 740 पन्नों की रिपोर्ट में बीबीसी के दफ्तर में पड़े छापे, नूंह हिंसा की चर्चा की गई है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने अपनी रिपोर्ट में भारत सरकार को बीजेपी की सरकार के बजाय हिंदूवादी सरकार लिखा है।




- दुनिया के करीब 100 देशों पर अपनी सालाना रिपोर्ट प्रकाशित करता है ह्यूमन राइट्स वॉच

भारत में मानवाधिकार के रिपोर्ट में जम्मू कश्मीर में कथित तौर आए दिन लोगों की मौत की खबरों की बात कही गई है। इसके अलावा रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि वहां लोगों को अपनी बात कहने की आजादी नहीं है। वे कथित तौर पर विरोध नहीं कर सकते हैं। इसके साथ सेना पर कथित एक्ट्रा ज्यूडिशियल मौत को लेकर भी दावे किए गए हैं।

वर्ल्ड रिपोर्ट 2024 में कहा गया कि भारत की मोदी सरकार मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रही है, इसके अलावा सरकार मुसलमानों को सुरक्षा देने में नाकामयाब रही है। हालांकि भारत सरकार की ओर से अब तक इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन अतीत में भारत सरकार ने रिपोर्ट को बेबुनियाद बताया है।

# देश

उवाच

"महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने अपेक्षित तर्ज पर फैसला दिया है। उनके नार्को परीक्षण से सत्तारूढ़ दल की सभी साजिशों का खुलासा हो जाएगा। हर किसी को अंदाजा था कि नतीजा क्या होगा।

–नितिन देशमुख, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) के विधायक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 16.0 | 06.0 |
| मुंबई | 29.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 17.0 | 10.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 25.0 |

# महागठबंधन की सरकार अपना वादा पूरा करने में जुटी : तेजस्वी

## शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले उपमुख्यमंत्री

**पटना,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। शनिवार को गांधी मैदान में शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों ने जो वादा किया था उसे वादा को पूरा कर रहे हैं। इससे पहले हम लोगों ने एक लाख से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति पत्र सौंपा, उसके बाद अब आने वाले शनिवार को फिर महागठबंधन की सरकार अपना वादा पूरा करने में लगी है। यहां नियोजित शिक्षकों को भी राजकर्मी का दर्जा दे दिया गया है। इससे बेहतर क्या हो सकता है। बिहार पहला राज्य है जो इतनी नौकरी दे रहा है। अब ये चीज किसी को दिखे या नहीं दिखें कोई फर्क नहीं पड़ता है। वहीं विपक्षी दलों की गठबंधन यानी 'इंडिया' में बिहार की सीटों को लेकर घमासान मचा हुआ है।



बिहार पहला राज्य है जो इतनी नौकरी दे रहा अब ये चीज किसी को दिखे या नहीं दिखें कोई फर्क नहीं पड़ता : तेजस्वी यादव

**समय पर होगा सीट बंटवारा**

जेडीयू सीट शेयरिंग के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन पर देरी का आरोप लगाती रही है। वहीं, इस मुद्दे पर अब बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इन सब बातों चिंता मत करिए। सब समय पर हो जाएगा। यह सब इंटरनल बात होती है, यह जब जरूरत होगी तो पत्रकारों को बता दिया जाएगा।

दरअसल, तेजस्वी यादव से पत्रकारों ने यह सवाल किया कि विपक्षी गठबंधन के कई दल ऐसा कह रहे और महागठबंधन के नेता भी यह बयान दे रहे हैं कि सीट बंटवारा में देरी हो रही है। इसके बाद इन सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस चीज पर आप (पत्रकार) बात करेंगे। सीट बंटवारे का मामला इंटरनल है। इसको लेकर हम पत्रकारों से बातचीत क्यों करें। सीट का तो जाहिर सी बात है कि बंटवारा होगा ही।

इसके आलावा मध्य प्रदेश से सीएम मोहन यादव के बिहार आगमन से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि लोग तो आते रहते हैं, यहां किसी को आने में मनाही तोड़े न है, वो आ रहे है अच्छी बात है। उनके आने या जाने से बिहार में क्या फर्क पड़ने वाला है उनका अपना कार्यक्रम है वो आए बिहार में तो हर किसी का स्वागत होता है।

### जदयू ने बिहार की 17 लोस सीटों पर फिर की दावेदारी

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की 17 सीटों पर अपना दावा दोहराया और उम्मीद जताई कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के बीच बातचीत के दौरान सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझ जाएगा। जदयू के वरिष्ठ नेता और भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी का बिहार में 17 सीटों पर वास्तविक दावा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में जदयू ने 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और 16 सीटों पर विजयी हुई थी। हालांकि किशनगंज सीट मामूली अंतर से हार गई थी। चौधरी ने सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन के घटकों के बीच कथित तनाव से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कहा कि इंडिया के घटकों के बीच बातचीत के दौरान इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने सीट बंटवारे पर बातचीत को अंतिम रूप देने में देरी होने को स्वीकार किया लेकिन यह भी कहा कि बातचीत बिल्कुल भी उस स्तर पर नहीं पहुंची है, जहां चीजें पटरी से उतर जाएं।

## तिरुमाला मंदिर की सुरक्षा में चूक

### ड्रोन का इस्तेमाल करते पाए गए दो श्रद्धालु

**तिरुपति,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। तिरुमाला मंदिर में एक सुरक्षा चूक में, भक्तों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पहाड़ी मंदिर की फिल्म बनाने के लिए ड्रोन का उपयोग करते हुए पाया गया है। बताया जा रहा है कि श्रद्धालु असम के रहने वाले हैं और उन्हें मंदिर के दृश्य कैद करने के लिए ड्रोन उड़ाते हुए देखा गया। घाट रोड पर 53वें मोड़ पर जब श्रद्धालु ड्रोन उड़ा रहे थे तो वहां से गुजर रहे कुछ अन्य श्रद्धालुओं ने उनकी तस्वीरें ले लीं। इसे गंभीरता से लेते हुए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की सतर्कता शाखा ने दो भक्तों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की। टीटीडी अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि श्रद्धालु अलीपिरी में सुरक्षा चौकी पर बिना पकड़ाये ड्रोन को अपने साथ लाने में कैसे कामयाब रहे।



टीटीडी तिरुमाला के शीर्ष श्री वेंकटेश्वर मंदिर के मामलों का प्रबंधन करता है। पिछले साल, मंदिर के कथित ड्रोन दृश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हुए थे। हालांकि, टीटीडी अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे के इस्तेमाल की संभावना से इनकार किया था। उनका मानना था कि वीडियो को स्टिल फोटोग्राफी का उपयोग करके शूट किया गया होगा। उन्होंने कहा था कि पूरा तिरुमाला हाई-फाई सतर्कता और सुरक्षा की निगरानी में है और ड्रोन कैमरे के जरिए वीडियो कैप्चर करना संभव नहीं है। टीटीडी ने जांच के आदेश दिए थे। मंदिर निकाय ने यह भी चेतावनी दी थी कि यदि कोई भी वीडियो शूट करने के लिए ड्रोन का उपयोग करने में शामिल पाया गया तो आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।

## भाजपा ने लोकतंत्र के प्रतीक को दयनीय स्थिति में पहुंचाया : उमर

### विधानसभा परिसर में शूटिंग को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**श्रीनगर,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संचालित सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह (भाजपा) लोकतंत्र के प्रतीक को दयनीय स्थिति में पहुंचा रही है।

अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नाटक श्रृंखला 'महारानी' की शूटिंग की अनुमति देने के लिए सरकार पर निशाना साधा तथा इस आशय का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में ड्रामा सीरीज की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की जननी का असली चेहरा जहां कभी सभी दलों, धर्मों, पृष्ठभूमियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने बड़े महत्व के मामलों पर कानून बनाया, अब अभिनेता और एक्स्ट्रा कलाकार इसे टीवी नाटकों के सेट के रूप में उपयोग करते हैं। नेकां नेता ने कहा कि यह शर्म की बात है कि जम्मू-कश्मीर सरकार ने लोकतंत्र के प्रतीक को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि कितनी शर्म की बात है कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा संचालित सरकार ने लोकतंत्र के प्रतीक, जहां वे कभी बैठते थे और शासन करते थे, को इस दुखद स्थिति में पहुंचा दिया है। यहां तक कि



उनके पास एक नकली मुख्यमंत्री भी है जो उस कार्यालय से आ रहा है जिस पर मुझे छह साल तक रहने का विशेषाधिकार प्राप्त था। कितनी बड़ी शर्म की बात है। अब्दुल्ला का यह गुस्सा दो दिन बाद आया जब उन्होंने सोचा कि अगर भारत लोकतंत्र की जननी है तो उस मां की जम्मू-कश्मीर में हत्या क्यों हो रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से विधानसभा चुनाव कराने में अपनी 'विफलता' और इसके बजाय शीर्ष अदालत से ऐसा करने का निर्देश प्राप्त करने के लिए शर्म से अपना सिर झुकाने के लिए कहा। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर 2018 से निर्वाचित सरकार के बिना है जब भाजपा ने सुश्री महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाले गठबंधन से खुद को बाहर कर लिया। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था। बता दें कि हुमा कुरेशी अभिनीत हिंदी भाषा की टीवी श्रृंखला महारानी की शूटिंग पिछले साल जून में जम्मू में विधानसभा परिसर के अंदर की गई थी।

## सार संक्षेप

### ओम बिरला ने लोहड़ी की दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोहड़ी की पूर्व संध्या पर अपनी शुभकामनाएं दी। बिरला ने अपने संदेश में कहा है। आप सभी को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर मेरी कामना है कि यह शुभ दिन आपके जीवन में सुख-समृद्धि आए। आप परिवार के सदस्यों और मित्रों के साथ मिलकर खुशियां मनाएं।

### नकवी को मिला राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' का निमंत्रण

**नई दिल्ली।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी को भी आमंत्रित किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद् के दिल्ली प्रान्त अध्यक्ष कपिल खन्ना एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संपर्क प्रमुख चंदर वाधवा ने शुक्रवार को यहां श्री नकवी को भगवान श्री राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' का निमंत्रण पत्र दिया। नकवी ने कहा कि तारीखी लम्हें, ऐतिहासिक पल का सौभाग्यशाली गवाह बनने का मुझे आमंत्रण मिला है।

### टीएमसी विधायक के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विभिन्न नगर निकायों में नौकरियों के लिए कथित नकदी के मामले में शुक्रवार को मंत्री सुजीत बोस, टीएमसी विधायक तपस रॉय और पार्षद सुबोध चक्रवर्ती के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरु की। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से ईडी के अधिकारियों ने आज सुबह उत्तर 24 परगना के लेक टाउन में पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री बोस की दो संपत्तियों, टीएमसी विधायक तापस रॉय के आवास और कार्यालय पर छापेमारी शुरु की। तलाशी अभियान के अलावा ईडी ने छापेमारी के दौरान राजनेताओं और उनके करीबी रिश्तेदारों से भी पूछताछ की।

### कर्नाटक में छह साल से कोमा में पड़े लड़के की मौत

**बेंगलुरु।** एनेस्थीसिया की अधिक मात्रा देने से छह साल तक कोमा में रहने के बाद बेंगलुरु में एक लड़के की मौत हो गई। तीन जनवरी को लड़के की मौत हो गई। माता-पिता ने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बनशंकरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित विग्नेश को 4 अप्रैल, 2017 को हर्निया के इलाज के लिए सुब्रमण्यनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर्जरी के दौरान, डॉक्टरों ने कथित तौर पर एनेस्थीसिया की अधिक मात्रा दी थी, जिसके बाद लड़का कोमा में चला गया था।

## मद्रास हाईकोर्ट ने की पन्नीरसेल्वम की याचिका खारिज

**चेन्नई,** 12 जनवरी (वार्ता) मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के चुनाव चिह्न, पार्टी के झंडे और लेटरहेड का इस्तेमाल करने को लेकर पार्टी से निष्कासित नेता ओ पनीरसेल्वम की याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की पीठ ने गुरुवार शाम को अपने आदेश में कहा कि एकल न्यायाधीश ने अपने विवेक से केवल सीमित अवधि के लिए अंतरिम पाबंदी लगाई है। ऐसा आदेश लेटर्स पेटेंट में पाए गए निर्णय शब्द की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आएगा, जिस पर अपील की जा सकती है। पीठ ने याचिकाकर्ता को पाबंदी को



रद्द करने के लिए एकल पीठ के न्यायाधीश के पास अपील करने की स्वतंत्रता दी और कहा कि यदि ऐसा कोई आवेदन दायर किया जाता है, तो विद्वान न्यायाधीश कानून के अनुसार उचित आदेश पर विचार करेंगे और पारित करेंगे। याचिकाकर्ता पनीरसेल्वम ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि उसे अन्नाद्रमुक के झंडे, चुनाव चिह्न और लेटरहेड का उपयोग करने से नहीं रोका जा सकता है, क्योंकि उन्होंने अपने निष्कासन को चुनौती दी है और मुकदमा अभी भी उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है।

**गुजरात में दसवें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में बोले मनोज सिन्हा**

# जम्मू-कश्मीर में अब अंतिम सांस ले रहा आतंकवाद

**जम्मू,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है। प्रदेश में निवेश का मतलब भारत की एकता और अखंडता में निवेश करना होगा। शुक्रवार को गुजरात के गांधीनगर में 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के एक सेमिनार को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने ये बातें कहीं। उन्होंने निवेशकों से जम्मू कश्मीर में निवेश करने लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने निवेशकों को जम्मू कश्मीर में उद्यम स्थापित करने और प्रदेश को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में योगदान देने का आग्रह किया। पाकिस्तान का नाम लिए बिना, मनोज सिन्हा ने कहा कि भारत के पड़ोसी के नापाक मंसूबे सफल नहीं होंगे। जम्मू-कश्मीर की स्थिति जल्द ही देश के बाकी हिस्सों के समान हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर में निवेश आकर्षित करने के लिए अनुकूल माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने निवेशकों से वादा किया कि उन्हें केंद्र शासित प्रदेश में अपने निवेश से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आपको (निवेशकों को)



■ जम्मू-कश्मीर में निवेश से देश की अखंडता होगी मजबूत

अधिकतम लाभ मिलेगा और आप जम्मू-कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में भी योगदान देंगे। आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है।

हमारा पड़ोसी हर बार अपनी पूरी कोशिश करता है, लेकिन हम इसे खत्म करने की दिशा में काम कर रहे हैं। आतंकवादियों और यूटी से आतंकवाद के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को उखाड़ फेंकना जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात को भविष्य का प्रवेश द्वार कहा है, लेकिन राज्य को देश की शारदा पीठ जम्मू-कश्मीर के विकास में भी योगदान देना चाहिए। केवल जम्मू-कश्मीर ही खाड़ी देशों के लिए चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन सकता है। 3 से 4 साल के बहुत ही कम समय में, हमने रेल, सड़क और हवाई कनेक्टिविटी में सुधार किया है। राजमार्गों और सुरंगों के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। 2020 में इस क्षेत्र में 32 उड़ानें संचालित हो रही थीं, जो अब बढ़कर 126 हो गई हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि उद्योगों की सभी जरूरतें उपलब्ध कराई जा रही हैं और पीएम मोदी की इच्छा और योगदान से जम्मू-कश्मीर औद्योगीकरण की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले एक रिपोर्ट आई थी कि जम्मू-कश्मीर स्विट्जरलैंड को पीछे छोड़कर सबसे अधिक खोजे जाने वाले वैश्विक (पर्यटन) गंतव्य के रूप में उभरा है। यह इस तथ्य का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की रुचि बढ़ी है और निवेशकों का निवेश के अवसरों के बारे में विश्वास बढ़ा है। श्रीनगर और जम्मू में महत्वपूर्ण शहरी परिवर्तन देखा गया है। जम्मू देश का एकमात्र ऐसा शहर बन गया है जहां आईआईटी, आईआईएम, एम्स और केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थान मौजूद हैं। यह गौरव अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई या कोलकाता को भी हासिल नहीं है।

### जम्मू कश्मीर में अपराध दर गुजरात से कम

एलजी सिन्हा ने कहा कि लोग जम्मू-कश्मीर में कानून-व्यवस्था को लेकर संदेह से भरे हुए थे, लेकिन राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र शासित प्रदेश में अपराध दर गुजरात से भी कम है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार शांति खरीदने में नहीं बल्कि स्थायी रूप से शांति स्थापित करने में विश्वास करती है और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर की स्थिति भी देश के बाकी हिस्सों जैसी ही होगी।

## धनबाद में आधुनिक तकनीक के उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन करेंगे मोदी

### बलियापुर हवाई अड्डा मैदान में जनसभा को भी करेंगे संबोधित

**धनबाद,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को धनबाद आएंगे। वह सिंदरी में स्थापित आधुनिक तकनीक वाले उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां बलियापुर हवाई अड्डा मैदान में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि झारखंड के सिंदरी में स्थित देश का सबसे पहला उर्वरक कारखाना 2 मार्च 1951 को शुरू हुआ था, लेकिन, तकनीक पुरानी पड़ जाने और लगातार नुकसान की वजह से कारखाना 31 दिसम्बर 2002 को बंद हो गया था। अब इसकी जगह हिन्दुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड के नए संयंत्र का निर्माण कार्य पिछले साल ही पूरा कर लिया गया है। यहां से व्यावसायिक



उत्पादन की शुरुआत भी हो चुकी है, लेकिन, अब तक इस नए संयंत्र का औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ है। इस कारखाने के पुनरुद्धार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत तौर पर दिलचस्पी ली थी।

25 मई, 2018 को उन्होंने खुद कारखाने के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी थी। यह उर्वरक संयंत्र कोल इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी का संयुक्त उपक्रम है और इसकी स्थापना पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये की लागत आई है।

### स्वामी विवेकानंद को मोदी ने की श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्नीसवीं सदी के महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की 161 जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं को स्वामीजी के जीवन संदेश को अंगीकार करने का आह्वान किया। मोदी ने इस अवसर कहा कि भारतीय अध्यात्म और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद को उनकी जन्म-जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शत-शत नमन।

## पुंछ में आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर फायरिंग की



**जम्मू,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शुक्रवार को आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ के खनेतर इलाके में आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की। एक सूत्र ने कहा, वाहन में मौजूद सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इसी जिले के डेरा की गली इलाके में 22 दिसंबर 2023 को आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर घात लगाकर हमला किया था।

## धर्म और आस्था को राजनीति में नहीं लाना चाहिए : कांग्रेस

### केंद्रीय नेतृत्व निर्माण पूर्ण होने के बाद चाहता है दर्शन

**भोपाल,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण ठुकराने पर हुए विवाद के बीच पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता मंदिर दर्शन को जाएगा और केंद्रीय नेतृत्व भी मंदिर निर्माण पूरा होने और विधिविधान से प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर दर्शन करना चाहता है।



राज्य कांग्रेस के अधिकृत एक्स हैंडल की ओर से की गई पोस्ट के अनुसार पटवारी ने कहा कि हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाला हर साथी मंदिर के दर्शन करना चाहता है, हम भी करना चाहते हैं। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व भी मंदिर निर्माण पूर्ण होने और विधि विधान से भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपरांत दर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता मंदिर के दर्शन करेगा। पार्टी का हमेशा से मानना रहा है कि धर्म और आस्था को राजनीति में नहीं लाना चाहिए। धर्म और आस्था व्यक्तिगत विषय है। मंदिर निर्माण पूर्ण होने और प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद मध्यप्रदेश से भी कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ता दर्शन करने जाएंगे, कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में जाएंगे। कांग्रेस की ओर से दो दिन पहले जारी किए गए बयान के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण प्राप्त हुआ था, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया है। इसके बाद से इस विषय पर विवाद शुरु हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

**योजना** *कांग्रेस सरकार की पांचवीं गारंटी के शुभारंभ पर बोले सिद्दारमैया*

# युवाओं को कौशल, आर्थिक व सामाजिक शक्ति देगी युवा निधि

**शिवमोग्गा/कर्नाटक, 12 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शिवमोग्गा में कांग्रेस सरकार की पांचवीं गारंटी योजना युवा निधि का शुभारंभ किया। योजना के तहत स्नातक बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपए और डिप्लोमा वाले बेरोजगार युवाओं** को 1,500 रुपए का भुगतान किया जाएगा। योजना यह है कि बेरोजगार युवाओं को दो साल तक भत्ता दिया जाए। साथ ही कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाए ताकि अवधि के अंत में उन्हें रोजगार पाने में मदद मिल सके।

सीएम सिद्दारमैया ने योजना की शुरुआत करते हुए कहा, स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि वह उस धर्म में विश्वास नहीं करेंगे जो भूखों को भोजन उपलब्ध नहीं कराता। उनकी जयंती के अवसर पर युवा निधि



■ स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया शुभारंभ

योजना शुरू की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि युवा निराश न हों और उन्हें भविष्य के लिए सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मैंने, रणदीप सुरजेवाला के साथ मिलकर चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादे के अनुसार सभी पांच गारंटी लागू की हैं और 70,000 युवा पुरुषों तथा महिलाओं ने युवा निधि योजना के तहत नामांकन किया है। सीएम ने कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हमेशा इस देश के युवाओं के लिए अच्छे भविष्य का सपना देखा था। हमारी सरकार उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के रास्ते पर चलेगी। मैं प्रत्येक युवा से इस योजना के तहत नामांकन करने और इसका लाभ उठाने का आह्वान करता हूं।

सिद्दारमैया ने कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1985 में देश में सबसे पहले विवेकानंद जयंती मनाने की परंपरा शुरू की थी।

सिद्दारमैया ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों और मध्यम वर्ग को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से सार्वभौमिक बुनियादी आय के सिद्धांत के अनुसार गारंटी योजनाएं लागू की हैं। सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का न्योता नहीं मिला है। हम श्रीराम के दर्शन के लिए उनके (भाजपा) पीछे भाग नहीं रहे हैं। हम भी भगवान राम को पूजते हैं, लेकिन वे (भाजपा) राम मंदिर को लेकर राजनीति कर रहे हैं। हम उनकी राजनीति का विरोध कर रहे हैं न कि श्री रामचंद्र का। उन्होंने कहा, मैं देखूंगा, 22 जनवरी के बाद मुझे जब भी समय मिलेगा मैं भगवान राम के दर्शन के लिए आयोध्या जरूर जाऊंगा। हम राम के खिलाफ नहीं हैं, हम केवल भाजपा की राजनीति का विरोध कर रहे हैं। सिद्धारमैया कांग्रेस सरकार की पांचवीं गारंटी युवा नीति के लॉन्च के लिए पार्टी के जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 22 जनवरी को राज्य के सभी राम मंदिरों में विशेष पूजा करेंगे।

उल्टा पुल्टा

पत्नी : प्यार क्या है... ?
पति : इतनी ठंड में कोई आपकी गर्दन पर ठंडे-ठंडे हाथ लगा दे। फिर भी आप उसे गालियां ना दो...
बस यही प्यार है...!!!

# सफाई व्यवस्था काफी हद तक दुरुस्त

## मेयर शैली ओबरॉय ने स्वच्छता सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर दी जानकारी

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही दिल्ली की सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार आया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहर और एक लाख से अधिक आबादी वाले शहर संबंधी दोनों श्रेणी में दिल्ली नगर निगम को बेहतर रैंक मिली है। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल के साथ इस संबंध में शुक्रवार को सिविक सेंटर में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण की रिपोर्ट तो गुरुवार को जारी कर दी गई थी। इस बार दिल्ली नगर निगम की पहले से बेहतर रिपोर्ट देखने को मिली है। स्वच्छता सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 10 लाख से ज्यादा की आबादी की कैटेगरी में दिल्ली ने पहले से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। 2023 में दिल्ली नगर निगम की जो रैंक 28वीं आई है। अगर हम 2022 की बात करें, जब नगर निगम 3 भागों में बांटा हुआ था तब उत्तरी दिल्ली नगर निगम की 37 वी, पूर्वी दिल्ली नगर निगम की 31 वीं और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की 28 वी रैंक थी। इस तरह पिछले साल तीनों नगर निगम की औसत रैंक 32 थी और इसबार 28 रही है।

### एमसीडी को 15 फीसदी अधिक अंक मिले

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि पिछले साल के मुक़ाबले 15 फीसदी ज़्यादा पॉइंट्स दिल्ली नगर निगम को मिले हैं। हम 2022 की बात करें तो 50 से 51 फीसदी पॉइंट मिले थे। अगर हम 2023 की बात करें तो 65 फीसदी पॉइंट्स दिल्ली नगर निगम को मिले हैं। इस तरह दिल्ली नगर निगम का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा है। हम चेन्नई, कोलकाता और



स्वच्छता सर्वेक्षण में एमसीडी की रैंक में हुआ 67 स्थान का सुधार

बंगलुरु जैसे बड़े शहरों की अर्बन लोकल बॉडी से भी बहुत ही बेहतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहीं एक लाख से ऊपर की आबादी की कैटेगरी के शहरों में तो इस बार दिल्ली नगर निगम का स्थान 67 रैंक ऊपर आया है। स्वच्छता सर्वे रिपोर्ट 2023 के अनुसार 446 शहरों में एमसीडी का 90वां स्थान है।

अगर इस रैंकिंग की 2022 की रैकिंग से तुलना की जाए तो दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की रैंक 125, पूर्वी दिल्ली नगर निगम की 169 और उत्तरी दिल्ली नगर निगम की 188वी रैंक थी। इसकी औसत रैंक 157 थी। इस तरह दिल्ली की 2022 में रैंकिंग 157 और 2023 में 90 है। इससे साफ पता चलता है कि दिल्ली की सफाई व्यवस्था काफी हद तक दुरुस्त हुई है। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि अभी आप ने आंकड़ों के माध्यम से जाना के कैसे आम आदमी पार्टी की सरकार ने काम किया है।

### भाजपा के कार्यकाल में 200 से अधिक थी रैंक

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि आप आंकड़ों में साफ साफ देख सकते हैं कि जब भारतीय जनता पार्टी शासित नगर निगम रही तो कितना बुरा हाल 15 सालों में दिल्ली का रहा होगा। दिल्ली नगर निगम 2022 तक विभाजित थी। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की 2017 में रैंक 202, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की 280 और पूर्वी दिल्ली नगर निगम की 196 रैंक थी। वहीं 2018 में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की 132, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की 206 और पूर्वी दिल्ली नगर निगम की 341 रैंक थी। इसलिए आप देख सकते है भाजपा के समय दिल्ली के कितने बुरे हाल थे। हमेशा 200 के पार रैंक रहती थी। अब 2019 की बात करते है तो दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की 138 रैक थी, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की 282 और ईस्ट दिल्ली नगर निगम की 240वी रैंक थी।

## मकर संक्रांति व खिचड़ी पूर्वांचल समाज का एक प्रमुख त्योहार : नीरज

### पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश भाजपा करेगा विशेष आयोजन




**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। इस बार भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर मंदिर उद्घाटन के पूर्व आपसी भाईचारा और समरसता के सन्देश के साथ दिल्ली के हर गली मुहल्ले में मकर संक्रांति उत्सव मनाया जाएगा। दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के सौजन्य से दिल्ली में हर मुहल्ले के पार्कों, मंदिरो, सार्वजनिक स्थानों में मकर संक्रांति उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है।

दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि चूड़ा, दही, तिलकुट, के साथ इस बार सैकड़ों स्थानों पर पूर्वांचल मोर्चा द्वारा मकर संक्रांति और खिचड़ी का त्योहार सामाजिक समरसता के सन्देश के साथ मनाया जाएगा। तिवारी ने बताया कि दिल्ली के पूर्वांचल बहुल 40 विधान सभा क्षेत्रों में जहां पूर्वांचली समाज की आबादी बहुलता में है ऐसे जगहों पर इस आयोजन को विशेष रूप से मनाया जाएगा। संजय तिवारी महामंत्री पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश भाजपा ने कहा मालूम हो कि मकर संक्रांति और खिचड़ी पूर्वांचल समाज का एक प्रमुख त्योहार है और पूर्वांचली समाज में इस पर्व को लेकर अति उत्साह रहता है इसके लिए मोर्चा ने अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी किया है। मोर्चे के कार्यकर्ता पार्कों, सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों में इस आयोजन को भव्य तरीके से मनाएंगे। इसके लिए बिहार से स्पेशल चुड़ा, गुड़, दही और गया का प्रसिद्ध तिलकुट मंगाया गया है। अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर के निर्माण की खुशी के साथ आम लोगो के संग एक साथ बैठकर ये उत्सव मनाया जाएगा। इस पूरे अयोजन की जिम्मेदारी पूर्वांचल मोर्चा के महामंत्री संजय तिवारी, डॉ. पंकज सिंह, और अनिल उपाध्याय को दी गई है।

## सार संक्षेप

### कई शख्सियत सत्वा आइकॉनिक वेलनेस अवार्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली।** समग्र कल्याण में भारत के अग्रणी सत्वा नेशन ने सत्वा आइकोनिक वेलनेस अवार्ड के तीसरे संस्करण की मेजबानी की। यह वार्षिक कल्याण महोत्सव आठ आयामों में समग्र कल्याण के सार को समाहित करते हुए देश के सबसे बड़े समग्र कल्याण महोत्सव के रूप में चिह्नित हुआ। सत्वा नेशन का वार्षिक सत्वा आइकॉनिक वेलनेस अवार्ड्स में मुख्य अतिथि राजदूत दीपक वोहरा, प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार लेसोथो, गुनिया बिसाऊ, दक्षिण सूडान, विशेष सलाहकार लद्दाख स्वायत्त पर्वत परिषद लेह और कारगिल, संजय कुमार, आईएएस, निदेशक सामान्य नीति आयोग सहित अन्य लोग इस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य और कल्याण के अर्थ को फिर से परिभाषित किया। सर्बिया के राजदूत लजार वुकादिनोविक ने कहा तंदुरुस्ती बेहद महत्वपूर्ण है। तो यह तथ्य कि भारत जनसंख्या के मामले में बहुत बड़ा है और हम एक युवा आबादी के बारे में बात कर रहे हैं, यह एक ऐसी बात है जिसे आपको राष्ट्र की स्वस्थता को ध्यान में रखना होगा। सत्वा नेशन की संस्थापक प्रीति सिंह मुंद्रा ने कहा सत्वा आइकॉनिक वेलनेस अवार्ड्स और फेस्टिवल एक अनूठी पहल है जहां हम समग्र कल्याण के आठ आयामों के कल्याण विशेषज्ञों को पहचानते हैं, जिससे यह सबसे बड़ा कल्याण उत्सव बन जाता है। हमने न केवल कल्याण का सम्मान किया है विशेषज्ञों ने समाज में कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार नेतृत्व भी साझा किया।

### एशियन स्पाइन हॉस्पिटल ने 200 सफल स्पाइनल फ्यूजन सर्जरियों को अंजाम दिया



**नई दिल्ली।** फुल एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी के लिए भारत के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स एण्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट एशियन स्पाइन हॉस्पिटल ने कीहोल एंडोस्कोपिक स्पाइन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर 200 स्पाइनल फ्यूजन सर्जरियों एंडोफ्यूजन को सफलतापूर्वक पूरा करने की उपलब्धि की घोषणा की है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि, डॉ.कासु प्रसाद रेड्डी, संस्थापक एवं मेंटर, मैक्सीविजन के साथ डॉ. सुकुमार सुरा, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एशियन स्पाइन हॉस्पिटल नरेश कुमार पगीडिमैरी, सीईओ एवं डायरेक्टर, एशियन स्पाइन हॉस्पिटल डॉ.एम अभिनंदन रेड्डी, कन्सलटेन्ट स्पाइन सर्जन और डायरेक्टर सेंटर फॉर कॉम्पलेक्स स्पाइन सर्जरी एण्ड डिफॉर्मिटी करेक्शन एवं डॉ.पद्मा रविकांति, सीनियर एनेस्थेटिस्ट एवं हेड-डिपार्टमेन्ट ऑफ एनेस्थेसियोलोजी एण्ड पेन थेरेपी और अन्य गणमान्य दिग्गज मौजूद रहे।

### पारुल युनिवर्सिटी ने बी.डेस प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विख्यात पारुल युनिवर्सिटी ने महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के लिए डिजाइन एप्टीट्यूड टेस्ट पीयू-डीएटी हेतू आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। यह प्रतिष्ठित टेस्ट यूनिवर्सिटी की डिजाइन फेकल्टी द्वारा पेश किए गए बी.डेस प्रोग्राम के लिए गेटवे की भूमिका निभाता है। इस प्रोग्राम में इंटीरियर एवं फ्यूचर डिजाइन, फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, प्रोडक्ट डिजाइन और विजुअल कम्युनिकेशन में स्पेशलाइजेशन्स शामिल हैं। भावी उम्मीदवार अंतिम दिनांक 20 जनवरी से पहले ऑफिशियल वेबसाईट के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं।

## सौ युवा उद्यमियों की उपलब्धियों का मनाया जश्न

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। हमारे युवाओं में मौजूद इनोवेशन के गुणों को ध्यान में रखते हुए सर्वो उद्यम ने उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से नई दिल्ली की कैलाश कॉलोनी स्थित द ग्राण्ड ओरियन में अपनी नेशनल एल्युमनाई कम्युनिटी का अनावरण किया। राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में 100 युवा उद्यमियों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिन्होंने उद्यम के यूथ बिजनेस प्रोजेक्ट्स से ग्रेजुएशन किया है। कम्युनिटी के लॉन्च पर बात करते हुए मेकिन माहेश्वरी, सीईओ एवं संस्थापक, उद्यम लर्निंग फाउंडेशन ने कहा कि ऐसी डायनामिक कम्युनिटी की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो युवाओं में मौजूद उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें उद्यमिता के बारे में ज़रूरी ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना है। हम उन्हें ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना चाहते हैं, जहां वे प्राप्त किए गए ज्ञान का सदुपयोग कर सकें। 'सर्वो-उद्यम सिर्फ एक एल्युमनाई चैप्टर नहीं है, यह एक कम्युनिटी है जो उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देती है।

## पाकिस्तान से पश्मीना शॉल-कालीन कारोबार की आड़ में भेजी जा रही हिज्बुल को फंडिंग

### हिज्बुल आतंकी जावेद मट्टू ने किया का खुलासा

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। पाकिस्तान से हिज्बुल गुर्गों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों के लिए हवाला चैनलों के माध्यम से पैसा भेज रहे हैं। ये पैसा पश्मीना शॉल और कालीन जैसे कारोबार के बहाने पाक से जम्मू-कश्मीर में भेजा जा रहा है। स्पेशल सेल की पकड़ में आए ए कैटेगरी के हिज्बुल आतंकी जावेद अहमद मट्टू ने खुलासा किया कि हिजबुल मुजाहिदीन का एक ऑपरेटिव मोहम्मद रफी नजर पुत्र अब्दुल्ला नजर निवासी मुमकक मोहल्ला, बटपोरा, सोपोर, बारामूला, जम्मू-कश्मीर हिजबुल मुजाहिदीन के वित्तीय मामलों की देखभाल करता है। वह पशिमा शॉल और कालीन व्यवसाय के बहाने पाकिस्तान से आतंकवाद के उद्देश्य के लिए हवाला के माध्यम से धन उपलब्ध कराने में लिप्त है। हवाला के माध्यम से प्राप्त धन का उपयोग जम्मू-कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन की गतिविधियों के वित्तपोषण में किया गया था। ये जानकारी दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में स्पेशल सेल ने हिजबुल मुजाहिदीन के ऑपरेटिव जावेद अहमद मट्टू की पुलिस हिरासत अगले 5 दिनों के लिए बढ़ाने के दौरान दी है। पिछले हफ्ते दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार हिजबुल मुजाहिदीन ऑपरेटिव जावेद मट्टू कश्मीर में आतंकी हमलों में शामिल रहा था। अभी वह दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की हिरासत में था। वह कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के कई मामलों में शामिल रहा है। जावेद मट्टू उत्तरी कश्मीर, विशेषकर सोपोर, जम्मू-कश्मीर के इलाके में सक्रिय हिजबुल मुजाहिदीन के सात खूंखार आतंकवादियों के गिरोह का अहम सदस्य है। वह ए श्रेणी का आतंकवादी है और पिछले 13 वर्षों से अपनी पकड़ से बचता रहा है। ए-श्रेणी का जम्मू-कश्मीर का वह एकमात्र जीवित आतंकवादी है। सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में घायल होने के बाद वह भूमिगत हो गया था और पाक आइएसआई के निर्देश पर नेपाल भाग गया, क्योंकि जम्मू-कश्मीर पुलिस उसका पीछा कर रही थी। जावेद कुछ दिन पहले ही दिल्ली आया था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से चार जनवरी को जावेद अहमद मट्टू को गिरफ्तार किया था। सूत्रों के मुताबिक स्पेशल सेल को हिजबुल के कुछ आतंकियों की तलाश है, जो जावेद मट्टू के नजदीकी हैं और जम्मू-कश्मीर में उनकी मूवमेंट हो सकती है।

## भाजपा पंचायत स्तर पर नियुक्त करेगी प्रवक्ता

### मीडिया कार्यशालाओं में दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा की रणनीतिक तैयारियां जारी है। जहां कई दल राज्य और जिला स्तर पर अभी तक विधिवत प्रवक्ता नियुक्त नहीं कर सकें हैं,वहां भाजपा अब पंचायत स्तर तक प्रवक्ताओं की नियुक्ति की तैयारी कर रही है। इसके लिए बाकायदा उन्हें कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान उन्हें धारा 370 को निरस्त करने, राममंदिर निर्माण,महिला सशक्तिकरण सहित मोदी सरकार की कई अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों को जनता के बीच रखने के लिए प्रंशिक्षित किया जा रहा है।

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,दैनिक रूप से सुबह और शाम तय समय पर ये प्रवक्ता गांवो का दौरा कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाएंगे। वे गांव के लोगो की शिकायतों से भी पार्टी नेतृत्व को अवगत कराएंगे। मालूम हो कि पार्टी और मतदाताओं के बीच बेहतर जुड़ाव कायम करने के लिए भाजपा देश भर में मीडिया कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। कार्यशाला में प्रवक्ताओं को मोदी सरकार के काम को लोगों के सामने लाने और मतदाताओं के बीच और अधिक पैठ सुनिश्चित करने के लिए बाकायदा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)।। दिल्ली में गौ रक्षकों द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें तमाम गौ रक्षकों के साथ कुछ साधु संत भी शामिल हुए। प्रेस वार्ता के दौरान गौरक्षकों ने गौ माता का



राष्ट्र माता दर्जा देने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आने वाली 22 तारीख के दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में पीएम मोदी गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करें। अगर सरकार गौ माता को राष्ट्र माता घोषित नहीं करती, तो हम आंदोलन करेंगे। गौ रक्षकों ने गौ माता की हत्या का विरोध करते हुए कहा कि बीते 12 दिसम्बर को काशी से गौ माता राष्ट्र माता का आंदोलन शुरू हो चुका है। गौभक्तों ने कहा कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पीएम मोदी देसी गौ माता को राष्ट्र माता होने की घोषणा करें। इस आंदोलन को लेकर गौभक्तों की आगामी योजना क्या रहेगी। इसको लेकर गौभक्तों की और से विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता आजाद आर्य उपाध्यक्ष क्रांति रक्षा दल रहे व आयोजक रॉकी राणा संरक्षक गौ रक्षा दल दिल्ली प्रदेश रहे। इस अवसर पर आचार्य आजाद सिंह आर्य, रॉकी राणा, साध्वी राजेश्वरी देवा, विकास पाटनी, सुनील यादव सहित गौमाता राष्ट्रमाता महाअभियान के गौदूत जो उपस्थित थे।

## खजूरी में जरूरतमंदों को कंबल किए वितरित

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। सरगम शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसायटी ने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन एमआरईसी के संयुक्त प्रयास से खजूरी की श्री राम कॉलोनी की रहमानी मस्जिद में गरीबों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए स्थानीय निगम पार्षद आमिल मालिक ने कहा कि आज हम सभी हमदर्द नेशनल फाउंडेशन और शमां एनजीओ के आभारी है जो उन्होंने हमारे क्षेत्र में गरीबों को कंबल वितरित किए। अंतरराष्ट्रीय शायर शर्फ नानपारवी ने गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन करने पर शमां एनजीओ के उपाध्यक्ष हाजी शफीक सैफी और माजिद कुरेशी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज गरीब, मजदूरों को जो तोहफा दिया गया है उसके लिए हम पूरी टीम का धन्यवाद करते हैं। राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर फहीम बेग ने कहा कि आने वाले समय में आपके क्षेत्र में शमां एनजीओ की ओर से एक भव्य निशुल्क मैडिकल कैम्प लगाया जाएगा जिसमें मोतिया बिंद का ऑपरेशन, महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों की मुफ्त जांच करके मुफ्त दवाईयां वितरित की जाएंगी।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम : दिल्ली मण्डल में पावर कारों के निर्माता-कमिन्स सीपीसीबी-I/सीपीसीबी-II डीजल इंजन की प्रमुख मरम्मत का कार्य तीन वर्ष के लिए। | |
| निविदा संख्या : 30-विद्युत-5टीआर-कोचिंग-2023-24 | |
| कार्य का अनुमानित लागत : रु. 3,03,87,627.82/- | |
| निविदा फार्म का मूल्य : रु. 0.00/- | |
| कार्यालय का पता : वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि : रु. 3,01,900/- | |
| कार्य समाप्ति की अवधि : 36 महीने | |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 02.02.2024, 15:00 बजे तक | |
| निविदा खोलने की तिथि व समय : 02.02.2024, 15:01 बजे | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड : www.ireps.gov.in व वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली | |

140/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## डाबर कंपनी के चेयरमैन गौरव बर्मन ईडी के निशाने पर

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। सट्टेबाजी के लिए कुख्यात एप महादेव बेटिंग एप मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने डाबर ग्रुप के निदेशक गौरव बर्मन और कंपनी के अध्यक्ष मोहित बर्मन के इंफॉर्मेशन रिपोर्ट ईसीआईआर दर्ज कर ली है। सूत्रों की मानें तो ईडी जल्द ही बर्मन बंधुओं को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। ईडी ने मुंबई पुलिस द्वारा महादेव सट्टेबाजी एप के संबंध में डाबर ग्रुप के निदेशक गौरव बर्मन और कंपनी के अध्यक्ष मोहित बर्मन सहित 32 लोगों के खिलाफ दर्ज मामले के आधार पर इंफॉर्मेशन रिपोर्ट ईसीआईआर लिखी है। उल्लेखनीय है कि सट्टेबाजी के लिए कुख्यात एप महादेव बेटिंग एप मामले में प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रही है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम भी सामने आया है। मुंबई पुलिस द्वारा एफआईआर के अनुसार, कथित महादेव सट्टेबाजी एप में कथित आरोपी के रूप में मोहित बर्मन 16वें और गौरव बर्मन 18वें नंबर आरोपी हैं।

## टेस्ला पावर इंडिया ने लॉन्च किया रीस्टोर

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। टेस्ला पावर इंडिया आज आत्मनिर्भरता कौशल विकास और हरित प्रौद्योगिकी का समर्थन करने वाला भारत का पहला और अग्रणी रीफर्बिश्ड बैटरी ब्रांड, रीस्टोर को लांच किया। इस पहल का नेतृत्व टेस्ला पावर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने किया है, जिसका मुख्यालय गुडगांव में है और इसका वैश्विक मुख्यालय डेलावेयर, यूएसए में है। टेस्ला पावर इंडिया के प्रबंध निदेशक कविंदर खुराना ने कहा कि रीस्टोर सिर्फ एक नवीनीकृत बैटरी ब्रांड नहीं है, यह नए बैटरी सेवा उद्योग में रोजगार सृजन का भी एक समाधान है, जो एक स्थायी वातावरण में योगदान देगा।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र

सन्दर्भ – निविदा सूचना सं. 75/2023-2024 दिनांक 13.12.2023 क्र.सं. 03
निविदा संख्या 06235038A खुलने की तिथि 15.01.2024
उपरोक्त संदर्भित निविदा की खुलने की तिथि को संशोधित किया गया है। नया खुलने की तिथि 29.01.2024 है। अन्य सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित ही रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
157/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-के.ए.एस.01930ए, भूखण्ड संख्या-81-बी, पाकेट-के, क्षेत्रफल-185 वर्ग मीटर सर्वश्री बिरेन्द्र, सत्यपाल पुत्रगण स्व० श्री गोपीचन्द व श्रीमती रामवती उर्फ रामदली पत्नी स्व० श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री बिरेन्द्र पुत्र स्व० श्री गोपीचन्द व श्रीमती रामवती उर्फ रामदली पत्नी स्व० श्री गोपीचन्द की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान श्री सत्यपाल पुत्र स्व० श्री गोपी चन्द व श्री राज कुमार पुत्र स्व० श्री विरेन्द्र पौत्र स्व० श्री गोपीचन्द, सर्वश्री संजय, कर्मवीर, धर्मवीर, रोहताश पुत्रगण स्व० श्री रणजीत, श्रीमती प्रकाशी पत्नी स्व० श्री रणजीत व श्रीमती अतरकली पत्नी विरेन्द्र, श्रीमती मीना (विवाहित), श्रीमती रजनी (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री विरेन्द्र पुत्रबधु/पौत्रगण/पौत्रीगण स्व० श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री सत्यपाल पुत्र स्व० श्री गोपी चन्द व श्री राज कुमार पुत्र स्व० श्री विरेन्द्र पौत्र स्व० श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री सत्यपाल पुत्र स्व० श्री गोपी चन्द व श्री राज कुमार पुत्र स्व० श्री विरेन्द्र पौत्र स्व० श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जनपद गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पतवाडी, तहसील- दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या- 685 में 970 वर्ग मीटर भूमि के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 92वीं बैठक में श्री भूले पुत्र खचेडू निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, जिसमें श्री भूले की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर श्री विनोद कुमार व श्री ओमकुमार पुत्रगण स्व० भोला उर्फ भूले व श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी स्व० भोला उर्फ भूले निवासी ग्राम पतवाडी के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-के.ए.एस.01930, भूखण्ड संख्या-81-ए, पाकेट-के, क्षेत्रफल-185 वर्ग मीटर सर्वश्री बिरेन्द्र, सत्यपाल पुत्रगण स्व0 श्री गोपीचन्द व श्रीमती रामवती उर्फ रामदली पत्नी स्व0 श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री बिरेन्द्र पुत्र स्व0 श्री गोपीचन्द व श्रीमती रामवती उर्फ रामदली पत्नी स्व0 श्री गोपीचन्द की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री सत्यपाल पुत्र स्व0 श्री गोपी चन्द व श्री राज कुमार पुत्र स्व0 श्री विरेन्द्र पौत्र स्व0 श्री गोपीचन्द, सर्वश्री संजय, कर्मवीर, धर्मवीर, रोहताश पुत्रगण स्व0 श्री रणजीत, श्रीमती प्रकाशी पत्नी स्व0 श्री रणजीत व श्रीमती अतरकली पत्नी विरेन्द्र, श्रीमती मीना (विवाहित), श्रीमती रजनी (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री विरेन्द्र पुत्रबधु/पौत्रगण/पौत्रीगण स्व0 श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री सत्यपाल पुत्र स्व0 श्री गोपी चन्द व श्री राज कुमार पुत्र स्व0 श्री विरेन्द्र पौत्र स्व0 श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री सत्यपाल पुत्र स्व0 श्री गोपी चन्द व श्री राज कुमार पुत्र स्व0 श्री विरेन्द्र पौत्र स्व0 श्री गोपीचन्द, निवासी-ग्राम-लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
एच-169, सैक्टर गामा-2, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तुगलपुर हल्दौना/फेस-3 की प्रस्तावित आबादी में भूखण्ड संख्या-22ए, क्षेत्रफल-70.00 वर्गमीटर को श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री उल्फत राय जैन निवासी-31/46, भीकम सिंह कालोनी, गली नं0-1, विश्वास नगर, दिल्ली-32 के पक्ष में आवंटित/हस्तांतरित किया गया था। इनकी मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्रीमति सुदेश जैन, श्री विवेक राय जैन, श्री आशु जैन पत्नी/पुत्रगण स्व0 श्री मुकेश कुमार जैन निवासी 31/46, भीकम सिंह कालोनी, गली नं0-1, विश्वास नगर, दिल्ली-32 मे से श्रीमति सुदेश जैन पत्नी स्व0 श्री मुकेश कुमार जैन के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण/म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक श्री मुकेश कुमार जैन के स्थान पर श्रीमति सुदेश जैन पत्नी स्व0 श्री मुकेश कुमार जैन निवासी 31/46, भीकम सिंह कालोनी, गली नं0-1, विश्वास नगर, दिल्ली-32 का नाम आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

गाजियाबाद नगर निगम भव्य रूप से कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। जिसमें विशेष रूप से शोभा यात्रा भी निकलेगी जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। सभी धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई की उचित व्यवस्था भी की जाएगी तथा मार्गो को भी सुंदर व सुसज्जित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि भगवान श्री राम यात्रा की परिवार सहित यात्रा में सभी अधिकारी, सभी पार्षद,सभी कर्मचारियों के साथ यात्रा को श्री राम की जय जयकार ढोल के साथ धार्मिक आयोजन किया जाएगा। **सुनीता दयाल, महापौर**

## नोएडा एक्सप्रेस वे पर बनेंगे दो अंडरपास

**नोएडा,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। एक्सप्रेस वे दोनों ओर के सेक्टरों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए दो और अंडरपास बनाए जाएंगे। सीईओ लोकेश एम ने लोकेशन का निरीक्षण कर परियोजना को ग्रीन सिग्नल दे दिया है। ये दोनों अंडरपास एक्सप्रेस वे पर 6.1

- **पहला 6.1 और दूसरा 16.4 किमी पर बनाया जाएगा**
- **बनाई जाएगी डीपीआर, सेक्टरों को मिलेगी कनेक्टिविटी**



किमी पर सुल्तानपुर गांव के पास और दूसरा 16.4 किमी पर झट्टा गांव के पास बनाया जाएगा। इससे करीब नए विकासित किए जा रहे औद्योगिक सेक्टरों की सीधी कनेक्टिविटी एक्सप्रेस से हो जाएगी। इससे पहले तीन अडंरपास सेक्टर-96, कोंडली और एडवंट का निर्माण पूरा कर उन्हे पब्लिक के शुरू कर दिया गया है। दरअसल एक्सप्रेस वे के दोनों और औद्योगिक सेक्टर और ग्रामीण इलाके है। इन दोनों एरिया में लाखों की आबादी और इंडस्ट्री बनने के बाद फुटफाल काफी बढ़ेगा। ऐसे में कनेक्टिविटी के दो अंडरपास बनाने का निर्णय लिया गया। ये दोनों अंडरपास चार लेन के बनाए जाएंगे। इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया जा रहा है। दोनों प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार की जाएगी। इसके साथ बजट फाइनल किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि यहां दो तरह की टेक्नोलॉजी के जरिए अंडरपास बनाया जा सकता है। पहला पुश बैक और ओपन। पुश बैक के जरिए एक्सप्रेस वे नीचे काम करना थोड़ा पेचिदा है क्योंकि इससे पहले बनाए गए अंडरपास पुश बैक तकनीक पर बनाए गए थे। ऐसे मे बार बार एक्सप्रेस वे धसने की शिकायत हुई। जिससे जाम की समस्या और योजना की डेड लाइन भी बढ़ी। ऐसे में ओपन यानी खुदाई करके इसे बनाया जा सकता है।

सीईओ ने उप महाप्रबंधक सिविल और सर्किल-1,9 और 10 के वरिष्ठ प्रबंधको के साथ निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने सेक्टर-14ए से माहामाया फ्लाईओवर तक ट्रैफिक को बेहतर किए जाने के लिए एपीजे स्कूल के पास यातायात में सुधार के लिए प्लान तैयार करने के लिए कहा। वहीं एडवंट अंडरपास का निरीक्षण किया और यहां की गई थीम पेटिंग की तरह ही अन्य अंडरपास में पेटिंग करने के निर्देश दिए गए।

## नोएडा प्राधिकरण ने निकाली 227 पदों पर भर्ती

**नोएडा,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण सेवानिवृत लोगों को नौकरी पर रखेगा। इसके लिए 227 पदों पर नियुक्तियां निकाली गई हैं। सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी प्राधिकरण में आवेदन कर सकते हैं। सेवानिवृत्त लोग एक निश्चित अवधि के लिए अनुबंध पर रखे जाएंगे। इन पदों के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट और कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। प्राधिकरण में पिछले लंबे समय से रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है। इसको लेकर अनेक बार मांग उठ चुकी है, लेकिन फिर भी यह नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। आवेदन के बाद आवेदनकर्ता का साक्षात्कार किया जाएगा। इसके बाद उनको नियुक्ति दी जाएगी। संबंधित आवेदन फार्म और प्रारुप नोएडा प्राधिकरण की ऑफिशियल वेबसाइट से मिलेगा। इस फार्म को भरकर प्राधिकरण के कार्मिक विभाग में जमा करना होगा।

- **सेवानिवृत लोग कर सकते हैं आवेदन**
- **साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा नियुक्त**

**इन पदों के लिए कर सकते हैं आवदेन**

प्राधिकरण में उप महाप्रबंधक पर के लिए दो, सहायक महाप्रबंधक के लिए एक, प्रबंधक पर के लिए चार, कार्यालय अधीक्षक के 16, सहायक के 28, वरिष्ठ वित्त और लेखाधिकारी के चार वित्त, लेखाधिकारी के दस, लेखाकार के दस, सहायक लेखाकार के 20, डिप्टी कलेक्टर के एक, तहसीलदार के चार, नायब तहसीलदार के चार, लेखपाल के चार, सुपरवाइजर कानूनगो के छह, सहायक निदेशक उद्यान के सात, उपनिदेशक उद्यान, निरीक्षक उद्यान के 16 पद हैं।, प्रबंधक सिविल के नौ, सहायक प्रबंधक सिविल के 29, सहायक प्रबंधक जनस्वास्थ्य के आठ, सहायक प्रबंधक विद्युत आठ, प्रबंधक नियोजन के दो, सहायक प्रबंधक नियोजन के दस, विधि अधिकारी के दो, सहायक विधि अधिकारी के एक, ड्राफ्टमैन के एक और निरीक्षक जनस्वास्थ्य के 17 है।

## नगर आयुक्त ने टैक्स विभाग की बैठक में करेत्तर व यूजर चार्ज वसूली बढ़ाने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम की आय बढ़ाने के लिए टैक्स विभाग की बैठक बुलाई। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रभारी को भी बुलाया गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 31 मार्च 2024 तक लगभग 127 करोड़ की कर वसूली की जानी है जिसके लिए बैठक में मंथन किया गया। हाउस टैक्स

- **31 मार्च तक निगम को करनी है लगभग 127 करोड़ की कर वसूली**





वसूली को बढ़ाने के लिए किस प्रकार की कार्यशैली पर कार्य किया जा रहा है तथा क्या-क्या बदलाव होने हैं विचार किया गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, समस्त ज़ोनल प्रभारी व टैक्स विभाग की समस्त टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त ने बारी बारी सभी जोनल प्रभारी से टैक्स वसूली की रूपरेखा पर चर्चा की तथा वसुंधरा जोन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सरहाना भी की। वहीं दूसरी ओर सिटी जोंन की टीम को कार्य की रफ्तार बढ़ाने की कड़े निर्देश दिए नगर आयुक्त ने यूजर चार्ज वसूली को बढ़ाने के लिए भी कहा कि जोंनवार कार्यों की प्रगति भी जानी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव को वसूली बढ़ाने के लिए माइक्रो प्लान बनाकर कार्य करने के लिए निर्देश दिए। नगर आयुक्त द्वारा बड़े बकाएदारों की सूची मांगी, तथा दिवस के भीतर कर वसूली बढ़ते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। गाजियाबाद नगर निगम को वित्तीय वर्ष 2023-24 मे लगभग 313 करोड़ की कर वसूली करनी है अभी तक लगभग 185 करोड़ की कर वसूली हुई है सीलिंग में अन्य कार्रवाई को करते हुए टैक्स विभाग द्वारा लगभग 127 करोड़ की कर वसूली की जानी है जिसके लिए समय-समय पर अधिकारी गण भी कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं अभी तक वसुंधरा जोन द्वारा 64 प्रतिशत मोहन नगर जोन द्वारा 58प्रतिशत कवि नगर जोन द्वारा 61प्रतिशत सिटी जोन द्वारा 52 विजयनगर जॉन द्वारा 49प्रतिशत कर की वसूली की है।,नगर आयुक्त द्वारा यूजर चार्ज वसूली तथा करेततर की वसूली को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## सार संक्षेप

### न्यायालय का आदेश न मानने पर दो पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के मामले में महिला समेत दो लोगों के खिलाफ फेज तीन थाने में केस दर्ज कराया गया है। केस थाने के उपनिरीक्षक की ओर से ही दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने गुरुवार रात को थाने में दी शिकायत में बताया कि अपूर्व त्यागी और माधुरी त्यागी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। उनका आरोप है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने वारंट जारी किया है। आरोपी न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में कई बार आरोपियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया पर वह नहीं मिले। जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 116 स्थित ओल्ड एज होम में रहने वाले एक 76 वर्षीय बुजुर्ग की शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि एक निजी अस्पताल से शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि ओल्ड एज होम में रहने वाले सेक्टर-71 निवासी सुरेंद्र कुमार को बेहोशी की हालत में अस्पताल जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे देखते हुए मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग के मौत होने की जानकारी उसके परिजनों को भी दे दी गई है। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### पंजाबी एकता समिति द्वारा मनाया गया लोहड़ी का पर्व

**नोएडा।** सेक्टर-51, नोएडा में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें शहर के सभी पंजाबी परिवार एवं काफी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। गौतमबुद्धनगर सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार डॉ. महेश शर्मा, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त कैप्टन विकास गुप्ता, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त नवाब सिंह नागर, उप्र महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम, पूर्व सी.ई.ओ. रिटायर्ड बलबिन्दर कुमार, एन.ई.ए. अध्यक्ष विपिन मल्हन एवं शहर के कई सम्मानित अतिथि उपस्थित हुए। सभी ने लोहड़ी के पावन पर्व पर पंजाबी एकता समिति के सदस्यों ने सभी को लख-लख बधाई दी एवं आए हुए अतिथियों को फूल की माला पहनाकर एवं मोमेन्टों देकर अभिनंदन व स्वागत किया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** गश्त के दौरान सेक्टर-63 पुलिस ने एक आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शनि कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से चाकू भी बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चोरी की नीयत से थानाक्षेत्र में घूम रहा था। पुलिस शनि का आपराधिक इतिहास पता कर रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पास से जो मोटरसाइकिल बरामद हुई है वह चोरी की है।

## 20 प्रतिशत नीचे टेंडर वाले निर्माण कार्य का होगा स्थलीय निरीक्षण

**नोएडा,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण कंपनियों की ओर से निर्माण कार्य के लिए डाले जा रहे टेंडर कास्ट से काफी नीचे है। मसलन कई टेंडर 35 से 40 प्रतिशत तक नीचे डाले गए। इसका मतलब ये है कि यदि कोई काम

- **गुणवत्ता जांच के बाद ही कंपनी का बिल किया जाएगा पास**

100 रुपए का है तो ठेकेदार उसे काम को 65 रुपए में कर देगा। जाहिर है ऐसा करने के लिए उसे निर्माण गुणवत्ता के साथ समझौता करना होगा। तभी वो इतने कम रेट पर काम कर सकता है। प्राधिकरण सीईओ ने कार्यालय आदेश जारी करते ऐसे सभी टेंडर जो परियोजना लागत से 20 प्रतिशत से नीचे है। उनकी निरीक्षण और गुणवत्ता जांचने के आदेश दिए। इसकी जिम्मेदारी सर्किल अधिकारियों की होगी। जिस सर्किल का टेंडर है वहां का सर्किल अधिकारी निर्माण कार्य का निरीक्षण करेगा। उसकी जांच रिपोर्ट तैयार करेगा। यदि निर्माण मानको खर खरा है तभी कंपनी का बिल पास किया जाएगा। यदि निर्माण में कमी या गुणवत्ता के साथ समझौता मिला तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। यह आदेश उप माहप्रबंधक की ओर से सभी सर्किल को भेज दिया गया है। बता दे नोएडा में सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैनेटनेंस, जल, और उद्यान से संबंधित निर्माण कार्य और अनुरक्षण किए जा रहे है। हाल ही में देखा गया कि ठेकेदार कंपनी टेंडर कास्ट से नीचे अपना टेंडर बांड भर रहे थे। जिसकी लगातार शिकायत भी मिल रही थी। ऐसे में सीईओ ने आदेश जारी किया और सभी 20 प्रतिशत से नीचे टेंडर डालने वाले काम की गुणवत्ता और स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

## अयोध्या में श्री राम के आने पर गाजियाबाद नगर निगम निकालेगा शहर में श्री राम यात्रा

**गाजियाबाद,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम का आगमन है मंदिर निर्माण के बाद भगवान की घर वापसी हो रही है। 500 वर्षो का इंतजार खत्म हो रहा है जिसको पूरा देश हर्ष उल्लास से साथ 22 जनवरी को

- **पार्षद तथा अधिकारी संभालेंगे व्यवस्था : महापौर**
- **14 से 22 जनवरी तक मंदिरों में नगर निगम करेगा समुचित व्यवस्था : महापौर**
- **रुट चार्ट बनाकर नगर निगम करेगा तैयारी, भव्य होगा कार्यक्रम : नगर आयुक्त**

दीपावली के रूप में मनाएगा। इसी क्रम में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में भी कथा जैसे धार्मिक कार्यक्रम मनेगे और इसी प्रकार गाजियाबाद नगर निगम ने भी शहर में 40 मंदिरों को चिन्हित किया है जिसमे नगर निगम द्वारा समस्त



समुचित व्यवस्था की जाएगी।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम भव्य रूप से कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। जिसमें विशेष रूप से शोभा यात्रा भी निकलेगी जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। सभी धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई की उचित व्यवस्था भी की जाएगी तथा मार्गो को भी सुंदर व सुसज्जित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि भगवान श्री राम यात्रा की परिवार सहित यात्रा में सभी अधिकारी, सभी पार्षद,सभी कर्मचारियों के साथ यात्रा को श्री राम की जय जयकार ढोल के साथ धार्मिक आयोजन किया जाएगा। हमारे भगवान श्री राम बहुत लंबे वनवास के बाद घर वापस आ रहे है देश के साथ साथ हम अपने शहर में भी श्री राम जी का स्वागत करेंगे उनकी पूजा अर्चना कर धार्मिक कार्यक्रम करेंगे, इसके साथ यू पी गेट पर श्री राम जी की प्रतिमा और एक रास्ते का नाम राम पथ रखा जाएगा।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि भगवान श्री राम की यात्रा के लिए रूठ चार्ट बनाकर नगर निगम तैयारी करेगा और कार्यक्रम को भव्य बनाया जाएगा, जिसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव कार्यक्रम के नोडल प्रभारी रहेंगे, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई संस्थाएं भी निगम का सहयोग करेगी। कार्यक्रम की तैयारी के लिए लगातार बैठक भी हो रही है जनप्रतिनिधि गण बढ़-चढ़कर कार्यक्रम की तैयारी में हिस्सा ले रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन

**नोएडा,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिवस कार्याकर्ताओं ने केक काटकर व लड्डू और मिठाई बांटकर हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि हम भगवान से प्रार्थना करते है की प्रियंका गांधी स्वस्थ रहे। हम उनकी लंबी आयु की कामना करते है। आप हमेशा ऐसे ही देश सेवा में अपना योगदान देती रहे। आपने हमेशा महिलाओं को सक्षम व शक्तिशाली बनाने में कार्य किया। आपकी विचारधारा के कारण ही कांग्रेस पार्टी में महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट विधानसभा में मिल सके। आप ने हमेशा कार्यकर्ताओं को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। हम ईश्वर से आपके स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की कामना करते है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पीसीसी सदस्य रिज़वान चौधरी, उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा, पीसीसी सदस्य सोनू खारी, महासचिव जितेंद्र चौधरी, आकाश वर्मा, विक्की शर्मा, नितिन अग्रवाल, विशाल वर्मा, राजेंद्र चौधरी, नारायण देव, राकेश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 22 को मनेगी पूरे भारत में भव्य दिवाली, विहिप दिनरात जुटा है तैयारी में : आलोक गर्ग

**गाजियाबाद,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होना है जिसकी पूरे देश में तैयारी की जा रही है। इस क्रम में गाजियाबाद में विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक के आनुशांगिक संगठनों ने भी तैयारी को लेकर दिन-रात एक कर रखा है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता वार्ड स्तर पर जाकर पूजित अक्षत वितरण कर रहे हैं। कई जगह यात्राएं भी निकल जा रही है। विश्व हिंदू परिषद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग भी अपनी टीम के साथ इस काम को अंजाम देने में लगे हैं। उनका कहना है कि 22 जनवरी को पूरे देश में दिवाली का माहौल होगा और इस ऐतिहासिक घड़ी में हर कोई साक्षी बनना चाहेगा।



- **घर-घर जाकर टोलियां वितरित कर रही हैं पूजित अक्षत**

22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत देश की जानी मानी हस्तियां ही उद्घाटन के अवसर पर उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा है कि विश्व हिंदू परिषद की तमाम तैयारियां मंडल स्तर से महानगर स्तर तक चल रही है। जहां तक गाजियाबाद महानगर का सवाल है तो यहां डेढ़ लाख पूजित अक्षत वितरित किए गए हैं। वार्ड स्तर पर जाकर यह अभियान चल रहा है जो 15 जनवरी को पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरठ प्रान्त से कुल 2000 लोग अयोध्या जाएंगे और इन्हें 28 जनवरी का समय मिला है। उन्होंने बताया कि वह खुद टीम के साथ 28 जनवरी को अयोध्या जाएंगे। गाजियाबाद से कुल 70 लोग जाएंगे जो बसों द्वारा यहां से रवाना होंगे। उनका कहना है कि वह ऐतिहासिक पलों का और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए जो लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा था उसकी सफलता का एक बड़ा नमूना होगा।

## एम सर्किट रेट पर गृहकर वृद्धि के प्रकाशन पर महापौर ने जताई आपत्ति

**गाजियाबाद,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने एम सर्किट रेट पर गृहकर वृद्धि के प्रकाशन पर आपत्ति जताई है। उन्होंने नजिलाधिकारी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि शासन द्वारा मजिस्ट्रेट सर्किल रेट पर एम सर्किट रेट पर गृहकर हॉउस टैक्स लगाने की बात की गई है। आपत्ति मांगी गई है। महापौर ने बताया कि पिछले वर्ष 2023-24 में 10प्रतिशत गृहकर बढ़ाया गया है और इस वर्ष से फिर से गृहकर में वृद्धि करना न्यायसंगत नही। शहरवासियों पर अत्यधिक भार डालना ठीक नहीं, मैं इसपर आपत्ति जताती हूं यह मामला पहले सदन की बैठक में आया था तब 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी लेकिन इस शासन आदेश को सदन में भी लाना चाहिए लेकिन शहर की जनता पर इतना बोझ नहीं पड़ने दिया जाएगा, किसी भी स्थिति में गृहकर नहीं बढ़ने दिया जाएगा इसके लिए शासन में भी जाना पड़ा तो जाऊंगी लेकिन जनता पर अत्यधिक भार नहीं पड़ने दूंगी।

- **जनता पर अत्यधिक भार नहीं पड़ने दिया जाएगा : महापौर**

## विजय नगर जोन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन

**गाजियाबाद,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड रामलीला पार्क सेक्टर 11 प्रताप

- **विकसित भारत संकल्प यात्रा से योजनाएं पहुंच रही हर गरीब के घर घर तक : महापौर**
- **1345 लाभार्थी हुए योजनाओं से लाभान्वित**

विहार में सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए 17 विभागों द्वारा अलग अलग स्टोल लगाकर प्रदर्शनी एवं लाभ लेने के लिए आवेदन फार्म भरवाए। जिसमें पी एम आवास योजना, पी एम स्वनिधि, पी एम विश्वकर्मा, पी एम मुद्रा लोन,स्टार्ट अप इंडिया स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, आयुष्मान भारत, पी एम भारतीय जन औषधि परियोजना, पी एम उज्ज्वल योजना, उजाला योजना, सौभाग्य योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पी एम इबस सेवा, अटल मिशन कायाकल्प और शहरी परिवर्तन, खेलो इंडिया, आर सी एस यू ड़ी ए एन, वंदे भारत और अमृत भारत स्टेशन योजना का प्रचार प्रसार एवं जनता को लाभान्वित होने के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें लगभग 1345 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल मुख्य अतिथि थी। उन्होंने लाभर्तियो को गैस चूल्हा, आवास की चाबी, मुद्रा लोन की क़िस्त और महिलाओं की गोद भराई कराई, छोटे बच्चों के कुपोषण की पूर्ति के लिए खीर खिलाई और आंगनबाड़ी की व आशा बहनों द्वारा बनाए गए अलग अलग आहार को भी खाया। साथ ही महापौर ने शिविर की सभी स्टोल पर जाकर सभी से बात करी संबंधित विभागों को कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश करते हुए निगम अधिकारियों, डूडा विभाग की टीम को भी बेहतर कार्य करने के लिए एवं लक्षित लाभार्थियों को समय से




लाभ दिलाने के लिए मोटिवेट किया गया प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों में योजनाओं के कैंप लगाकर लक्षित लाभार्थियों का सहयोग करने के लिए भी कहा गया, साथ ही महापौर ने यह भी बताया कि देश विश्व गुरु बनने जा रहा है।

इस दौरान पार्षद सीमा यादव, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद ओमप्रकाश ओड, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, जोनल प्रभारी विवेक त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी, लाभार्थी उपस्थित रहे।

## झुग्गियों में लगी आग से लाखों का सामान राख

**नोएडा,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-118 स्थित झुग्गियों में अज्ञात कारणों से आग लगने से अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार रात 12 बजे के करीब सेक्टर-118 स्थित एक झुग्गी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दो अन्य झुग्गी को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मदद से करीब आधे घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। हालांकि दो से तीन झुग्गियों में रखी पूरी गृहस्थी इस दौरान जलकर राख हो गई और पीड़ित परिवारों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। कई सामाजिक संगठनों ने पीड़ित परिवारों की मदद भी की है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि सिलेंडर जलाते समय या लीकेज से झुग्गियों में आग लगी है। काफी दूर से ही आग की लपटें और धुआं दिखाई दे रहा था। लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना का कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। जिसमें आग की लपटें और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दिख रही हैं।

## जमीन दिलाने के नाम पर 24 करोड़ की धोखाधड़ी

**नोएडा,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन बेचने के नाम पर 24 करोड़ रुपए हड़पने के मामले में सेक्टर-63 पुलिस ने शुक्रवार को पहली गिरफ्तारी की। गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान रबुपुरा निवासी 32 वर्षीय आकिल के रूप में हुई है। इस मामले में 15 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों ने जमीन के फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज तैयार कर कई लोगों के साथ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की थी। मुखबिर से मिली सूचना पर आकिल को भायपुर गांव में गिरिराज शर्मा की दुकान के पास से दबोचा गया।



थाना प्रभारी ने बताया कि नोएडा और

- **जेवर एयरपोर्ट के पास दिखाई थी जमीन, 16 आरोपियों में हुई पहली गिरफ्तारी**

गाजियाबाद के चार लोगों के साथ आरोपियों ने 24 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी जमीन दिलाने के नाम पर कर ली थी। पीड़ित ने इस मामले में 16 लोगों को नामजद करते हुए सेक्टर-63 में केस दर्ज कराया था। शिकायत में गौरव शर्मा ने बताया था कि वह गोपेश रोहतगी, यतीश अग्रवाल और शिल्पी अग्रवाल के साथ व्यवसाय करता है। 2022 के शुरुआत में चारों की मुलाकात सचिन भाटी और रविंद्र शर्मा से हुई। दोनों ने खुद को जेवर के बड़े जमीदारों और राजनीतिक परिवारों का सदस्य होने का दावा किया।

दोनों ने चारों लोगों को अन्य लोगों से मिलवाया और बताया कि उनके पास जेवर में निर्माणाधीन हवाई अड्डे के पास बड़े क्षेत्रफल में कृषि भूमि है। आरोपियों ने कहा कि वह 100 से 200 बीघा कृषि भूमि दिलाएंगे। यह भी दावा किया कि उनके पास दलालों, अधिवक्ताओं, पटवारियों और तहसीलदारों की एक बड़ी टीम है।

**2022 में आरोपियों को दिए 24 करोड़**

पीड़ित का कहना है कि वर्ष 2022 में उन्होंने भूमि क्रय करने के लिए आरोपियों को करीब 24 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया। इसकी एवज में आरोपितों ने फर्जी राजस्व दस्तावेज दे दिए। पीड़ितों ने आरोपियों से खरीदी गई भूमि को राजस्व अभिलेखों में नामांतरण की प्रति मांगी तो बहाने बनाने लगे। यही नहीं आरोपियों ने पीड़ितों से कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराकर गवाह भी बना लिया। इस मामले में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर सचिन भाटी, रविंद्र शर्मा, धीरज शर्मा, सोनू शर्मा, ऋषिपाल, आस मोहम्मद, मोहम्मद,आकील, साकिर, विनीत कुमार गुप्ता, मुदस्सिर, साकिर, इरशाद, सलाउद्दीन, तारीकत खान, नरेंद्र व अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में पहली गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य आरोपियों के बारे में भी अहम जानकारी मिली है। जल्द ही उन्हें भी दबोचने का दावा किया जा रहा है।

उवाच

लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड किया जाना औद्योगिक विकास को गति देने के लिए नितान्त आवश्यक है। ऐसा करने से प्रदेश को अनेक लाभ होंगे। जिसमें प्रशासनिक परेशानियां कम होने से उद्यमियों के समय की बचत होगी जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास तेजी से होगा।

**राकेश बंसल, आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर चेयरमैन**

# कैपिटल ज़ोन

## पर्यावरण, वृक्षारोपण व गंगा समिति की बैठक में प्रदूषण कम करने पर हुआ मंथन

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी/सदस्य सचिव जिला पर्यावरण समिति प्रमोद कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्सव शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, उपनिदेशक उद्यान ग्रेटर नोएडा एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी सचिव जिला पर्यावरण समिति प्रमोद कुमार जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की वर्तमान तक की प्रगति के संबंध में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व को अवगत कराया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की ठोस अपशिष्ट को इकट्ठा करने के लिए डंपिंग ग्राउंड बनाए जाएं एवं सी.एन्ड.डी. वेस्ट व लीगेसी वेस्ट को चिन्हित कर निस्तारण के लिए कार्रवाई की जाए। उन्होंने सड़कों पर धूल कम किये जाने, खड्डा मुक्त सड़क एवं ट्रैफिक को सुगम बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक के नियमों का उल्लंघन पर विधिक कार्रवाई अमल लायी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चला कर यह सुनिश्चित कर लें कि सभी कंस्ट्रक्शन साइट पर निर्माण सामग्री को ढक कर रखा गया है और यदि कहीं पर भी खुले में निर्माण सामग्री रखी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं टैंकर के माध्यम से छिड़काव के लिए रूट चार्ट प्लान बनाया जाए।



■ **सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

उन्होंने यमुना एवं हिंडन के मैदानों पर अवैध विद्युत कनेक्शन, अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि यमुना एवं हिंडन के मैदानों पर अवैध निर्माण या अतिक्रमण न हो सके। साथ ही नदियों की साफ-सफाई पर विशेष फोकस बनाए रखने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

# ग्रेनो वेस्ट में पहला फुटओवर ब्रिज तैयार डेढ़ माह में आमजन के लिए खुलेगा

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा का पहला फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनकर तैयार हो गया। ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर पर बना एफओबी करीब डेढ़ महीने बाद आम जन के लिए खोल दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आठ जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए टेंडर जारी किया था। पांच जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने वाली कंपनियों का चयन कर लिया गया। ये पांच फुटओवर ब्रिज ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने और ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक ईकोविलेज के सामने बनेंगे। पीपीपी के अंतर्गत डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ट, फंड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) के पैटर्न पर बनने वाले इन पांच फुटओवर ब्रिज से प्राधिकरण को हर माह करीब नौ लाख रुपए की आमदनी होगी। ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर में एफओबी बनकर तैयार हो गया है। अभी इसमें फिनशिंग का काम बाकी है। यह काम एक-डेढ़ महीने में पूरा हो जाएगा। इसके बाद आम जन के लिए खोल दिया जाएगा।

■ **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर में पांच फुटओवर का कर रहा निर्माण**

## ग्रेनो से नोएडा और दादरी रूट पर चलेगी 28 इलेक्ट्रिक बसें

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा, नोएडा और दादरी के बीच इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। पहले चरण में नौ रूट पर 28 बसें चलाने की तैयारी है। वित्तीय मॉडल तय करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ईओआई निकाला है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सिटी बस के लिए फिजबिलिटी रिपोर्ट बनवाई गई है। फिजबिलिटी रिपोर्ट में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दादरी के बीच इलेक्ट्रिक सिटी बसें चलवाई जाएंगी। रिपोर्ट में सिटी बस के नौट रूट बनाए गए हैं। इन रूट पर 28 बसें चलाई जाएंगी। सबसे अधिक जरूरत ग्रेटर नोएडा वेस्ट में है। यहां पर सार्वजनिक परिवहन के नाम पर कुछ खास सुविधा नहीं है। सिटी बसें चलने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोग आसानी मेट्रो तक पहुंच सकेंगे। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर भी सिटी बस से जुड़ेंगे ताकि सेक्टरवासी भी इसका फायदा ले सकें। साथ ही बसें नोएडा और दादरी तक जाएंगी। इसके जरिये दोनों शहरों तक लोगों को आवाजाही सुगम की जा सकेगी। प्राधिकरण ने वित्तीय मॉडल तय करने के लिए ईओआई निकाला है। इसमें कंपनियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। 19 जनवरी को कंपनियां अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकेंगी। इसके लिए ऑनलाइन बैठक होगी।

■ **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का पहले चरण में नौ रूट पर बसें चलाने की योजना**

■ **वितीय मॉडल तय करने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने निकाला ईओआई**

## कूड़े का निस्तारण न करने वाली 22 सोसायटी ने ग्रेनो के नोटिस का दिया जवाब

**ग्रेटर नोएडा।** कूड़े को निस्तारित नहीं करने वाली 96 सोसाइटी में से 22 ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को जवाब भेजा है। प्राधिकरण अब इन सोसाइटी की फिर जांच करेगा। जांच में कमियां मिलने पर उन पर भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सोसाइटी में कूड़े का निस्तारण कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बल्क वेस्ट जनरेट करने वालों के यहां प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे किया। शहर की 96 सोसाइटी में कूड़े का निस्तारण उचित ढंग से नहीं हो रहा था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने सभी को नोटिस जारी किया था। सभी से जवाब देने के लिए कहा गया था। अब तक 22 सोसाइटी ने अपना जवाब भेज दिया है। अब इन सोसाइटी का दोबारा सर्वे किया जाएगा। अगर कमियां पाई गईं तो उन पर फिर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को कूड़े का निस्तारण खुद से करना होगा। इसमें लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

■ **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कूड़े का निस्तारण न करने वाले 96 सोसायटी को जारी किया था नोटिस**

## तेजी से औद्योगिक विकास के लिए आईआईए ने फ्री होल्ड की रखी मांग

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) कई वर्षो से प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री हिल्ड करने की मांग सरकार से उठता आ रहा है। इसका कारण यह है कि यूपीसीडा अथवा उद्योग निदेशालय द्वारा उद्यमियों को दी गई लीज होल्ड भूमि पर यदि उद्यमी को अपने उद्योग में कोई नया



उत्पाद बनाना है, बैंक लिमिट में बदलाव करना है, उम्र ढलने के बाद अपने खुनी रिश्ते में ही उद्योग को हस्तगत करना है, उद्योग की भूमि एवं भवन किराये पर देने हों अथवा भूमि का अमल्गमेशन या सपरेशन करना है तो इन सभी कार्यो को करने के लिए उद्यमी को यूपीसीडा उद्योग निदेशालय की अनुमती लेना अनिवार्य होता है। इस कार्य को कराने के लिए उद्यमियों को इन सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते है और कुछ मामलो में उद्यमी भ्रष्टाचार का भी शिकार हो जाते है। आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर के चेयरमैन राकेश बंसल ने बताया कि लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड किया जाना औद्योगिक विकास को गति देने के लिए नितान्त आवश्यक है। ऐसा करने से प्रदेश को अनेक लाभ होंगे। जिसमें प्रशासनिक परेशानियां कम होने से उद्यमियों के समय की बचत होगी जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास तेजी से होगा। प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद और राजस्व में ब्रिधि होगी जिससे सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का ल्क्षय भी शीघ्र पूरा होगा। फ्री होल्ड भूमि पर नए औद्योगिक निवेश के अवसर पैदा होंगे जो सरकार की भी प्राथमिकता है। नए रोजगार सृजित होंगे जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार ढूंढने बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लीज होल्ड से फ्री होल्ड करने पैर जो फीस सरकार को मिलेगी उससे सरकार नए औद्योगिक क्षेत्र सृजित कर सकेगी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल द्वारा 30 नवम्बर 2023 को लखनऊ में आयोजित उद्यमी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से आग्रह किया गया था कि प्रदेश में उद्योग की लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड कर दिया जाए। इस दौरान, राकेश बंसल, शरबजीत सिंह, जेएस राणा, जेड रहमान सहित दर्जन भर प्रतिनिधि मौजूद रहे।

■ **गुलामी के प्रतीक भूमि कानून 'लीज होल्ड' को देश के अमृत काल में बदलने की आवश्यकता**



## फेडरेशन ने ग्रेनो प्राधिकरण एसीईओ से मिलकर सात सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज ग्रेटर नोएडा का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मिला और उनको शहर की समस्याओं को लेकर एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें डॉग पॉलिसी व कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण, बोड़ाकी रेलवे जंक्शन, ग्रीन बेल्ट व पार्कों की दुर्दशा, पेड़ों का अवैध कटान, फेडरेशन यानि समस्त आरडब्ल्यूऐज व प्राधिकरण के मध्य बैठक, सिटीजन चार्टर व्यवस्था, कासना से सूरजपुर के मध्य गोलचक्कर को हटाकर ट्रैफिक सिग्नल बनवाने व 3 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, सीएनजी पंपों का आवंटन व इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट बनवाने की मांग की गई।

अपर मुख्य कार्यपालक ने सभी विषयो को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया और जल्द आर सेक्टर के सभ आरडब्ल्यूए के साथ बैठक और शहर में फुट ओवर ब्रिज व इलेक्ट्रिक प्वाइंट का आश्वासन दिया है। इस मौके पर फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र टाइगर महासचिव दीपक कुमार भाटी,संरक्षक आरपीएस यादव (पूर्व आईपीएस) अरविंद भाटी, देवराज नागर आदि मौजूद थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में जेवर विधायक ने लाभार्थियों से किया संवाद

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जेवर क्षेत्र के गांव धनौरी खुर्द पहुंचा। जेवर विधानसभा से विधायक धीरेंद्र सिंह ने यात्रा का स्वागत किया और लाभार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश का हर वर्ग सुखी और हर नागरिक का जीवन समृद्ध हो तथा अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास और सभी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो।

इस मौके पर विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम लाथार्थियों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद किसानों, गरीबों, वंचितों और महिलाओं का उत्थान और इन्हें विकास की, उस दौड़ में शामिल करने का है, जहां वर्ष 2047 में यह देश विकसित राष्ट्र बनेगा। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को कुपोषण किट वितरित की गई तथा शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया गया।





## आईईए ने शारदा विवि के साथ मिलकर तकनीकी स्किल कार्यशाला किया आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। आईईए एवं शारदा यूनिवर्सिटी ने मिलकर स्किल जागरुकता, इंडस्ट्री 4.0 विषय पर कार्यशाला आयोजित किया। इसमें सुहास देशमुख ने उद्यमियों को इंडस्ट्री 4.0 की जानकारी दी। शारदा यूनिवर्सिटी के प्रो. वाईस चांसलर डॉक्टर परमानंद ने उद्योगों एव यूनिवर्सिटी के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया। संस्था के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने कहा कि समय को समय के साथ अपने को एवं अपने रिसोर्सेज को ऐसी तकनीकी कार्यशालाओं द्वारा अपडेट रहना चाहिए। अभिषेक जैन, अवनीश त्रिपाठी, शारदा से डॉक्टर मधुकर देशमुख, प्रोफेसर भीम सिंह ने भी अपने विचार उद्यमियों के साथ साझा किए। संस्था के उपाध्यक्ष पी.एस. मुखर्जी ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर आईईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल गोयल, उपाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष मनोज सिंघल, नरेंद्र सोम, दर्शन शर्मा, प्रमोद झा, महिपाल सिंह, एच एन शुक्ला, एम पी शुक्ला, शिव शंकर तिवारी, हरबीर सिंह, एन डी जोशी, सुनील दिक्षित, सूर्यकांत, पराग अग्रवाल, सुनील दत्त, अनिल शुक्ला, अनिल सिंह, कृष्ण धीमान, विवेक, सतेंदर गौतम, सहित सैकड़ों उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।



## दहेज हत्या मामले में सुनवाई के दौरान आरोपी ने उठाया आत्मघाती कदम

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। जारचा क्षेत्र के प्यावली गांव निवासी शिवम ने आत्मघाती कदम उठाया जो दहेज हत्या के मामले में विचाराधीन मुकदमें में सुनवाई के लिए न्यायालय पहुंचा था। शुक्रवार को दहेज हत्या में आरोपी शिवम ने गले में ब्लेड से हमला कर खुद को घायल कर दिया। पुलिस शिवम को उपचार कराया। पुलिस का कहना है कि चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद शिवम को घर भेज दिया। शिवम मानसिक रूप से परेशान बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2022 में शिवम की पत्नी की मौत हो गई थी। मायके पक्ष ने शिवम आदि पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने शिवम और उसके भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शिवम की एक बेटी है जो फिलहाल अपनी नानी के पास रह रही है। शिवम को इस मामले में जमानत मिल गई थी। शिवम शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई की तिथि होने के कारण न्यायालय पहुंचा था। मुकदमें की सुनवाई के दौरान शिवम ने गले में ब्लेड से हमला कर खुद को घायल कर लिया। बताया गया है कि शिवम दहेज हत्या के मामले दर्ज होने के बाद से नाखुश है और खुद के निर्दोष होने का दावा करता है। जब शिवम जेल में था तब भी उसने इसी तरह जान देने की कोशिश की थी। एसीपी सुमित शुक्ला का कहना है कि शिवम को सूचना मिलते ही अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल से उपचार के बाद उसे घर भेज दिय गया है।

**आरोपी ने अपने आपको बताया बेकसूर, मौके पर पहुंची पुलिस उपचार कराकर भेजा घर**

**खोया-पाया**

मेरा दसवीं अनुकमांक-0577614 वर्ष-2016 एवं इण्टरमीडिएट अनुकमांक- 0464120 वर्ष-2018 यू0पी0 बोर्ड का मार्कशीट खो गया है। प्रियांशु चौधरी पुत्र श्याम चंद निवासी ग्राम चिपियाना बुजुर्ग, जिला-गौतमबुद्वनगर उ0प्र0

## जूनियर शेफ प्रतियोगिता में शहर के स्कूली बच्चों को मिलेगा अवसर

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। ब्रिटिश कोलंबिया कॉलेज आफ मैनेजमेन्ट (बीसीसीएम) नॉलेज पार्क-तीन ग्रेटर नोएडा में शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों को समकालीन डिजिटल जीवन शैली के बीच अपनी खाना पकाने की प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए एक जूनियर शेफ प्रतियोगिता की घोषणा की है, जिसकी उसकी मेजबानी कर रहा है। दीपक झा, एमडी एण्ड सीईओ, बीसीसीसएम ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन के पीछे मुख्य विचार युवा छात्रों को तेजी से बढ़ते हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र के बारे में जागरूकता प्रदान करना है, आईटी के बाद दूसरा सबसे बड़ा विख्यात क्षेत्र हास्पिटीलिटी है है, जो निकट भविष्य में काम के कई सुनहरे अवसर प्रदान करेगा। देश भर से सेलिब्रिटी शेफ जैसे शेफ रहमान-शेफ रहमान कलिनरी सर्विसेज एण्ड आफ्रीन फूड्स एलएलपी के कार्य कारी निदेशक और शेफ ऋषि कपूर-ललित मुंबई के एक्जीक्यूटिव शेफ ने होटल उद्योग के अन्य प्रतिष्ठित मेहमानों की उपस्थिति में इस कार्य क्रम को जज करने के लिए अपनी सहमति दे दी है। 19-21 फरवरी के लिए निर्धारित तीन दिवसीय कार्यक्रम बीसीसीएम परिसर में आयोजित किया जाएगा और इसमें पहले दिन प्रतिभागी के रूप में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्रों की बारह टीमें शामिल होंगी, इसके बाद तीसरे दिन एक टीम ट्रॉफी का वितरण किया जाएगा। बीसीसीएम परिवार इस आयोजन की मेजबानी के लिए उत्सुक है और उनका मानना है कि यह पहल उभरते शेफको प्रेरित करेगी।




■ **नॉलेज पार्क स्थित ब्रिटिश कोलंबिया कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट आयोजित कर रहा है प्रतियोगिता**

## जमीनी विवाद में मारपीट

**रबूपुरा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अनुसार नरेश पुत्र चतुर्भुज निवासी आकलपुर ने शिकायत की है कि वह परिवार समेत गाजियाबाद रहते हैं। गांव में अपने चाचा मुकेश से जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है जब वह अपने गांव आये तो चाचा ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित किसी प्रकार अपनी जान बचा कर वहां से निकल आया और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उधर पुलिस का कहना है पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है तथा जांचोपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रौनीजा, निलौनी शाहपुर में उप जिलाधिकारी, जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 173/एस0टी0-एस0डीएम0/2023, दिनांक 24.12.2023 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री नितिन पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम रौनीजा परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रौनीजा | 341 | श्री नितिन पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम रौनीजा परगना जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | मदन | माता | 61 वर्ष | विधवा |
| | | | | सचिन | भाई | 19 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सुषमा | बहन | 31 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सविता | बहन | 31 वर्ष | विवाहित |
| | | | | रीना | बहन | 23 वर्ष | विवाहित |
| | | | | नीशा | बहन | 22 वर्ष | विवाहित |
| | | | | प्रियंका | बहन | 13 वर्ष | अविवाहित |


उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

## स्वामी विवेकान्द की स्मृति में युवा दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

**ग्रेटर नोएडा,**12 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद की स्मृति में युवा दिवस के रूप में मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जैसे की सेमिनार, स्लोगन, रैली, ड्राइंग प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र की तरफ से विनोवा भावे कालेज वैदपुरा में स्वामी विवेकान्द को याद करते हुए स्वच्छता शपथ व दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित सहित ब्लाक स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। चेयरमैन गीता पंडित ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के आदर्श को अपनाने के साथ उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सम्बोधन को युवाओं को सुनवाया गया। इसी के साथ स्कूल व कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया कालेज के निदेशक डाक्टर मयंक गर्ग ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह अपने विचारों और आदर्शों के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं उन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने विचारों के चलते अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। उनके विचारों से युवाओं को सही दिशा मिल सके इस मकसद से ही उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवश के रूप में मनाया जाता है। डॉक्टर ओपी चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर युवा के पास ताकत होती है कि वह अपने आने वाले कल को अच्छा बना सके युवाओं द्वारा जो मेहनत और पढ़ाई की जाती है वह भविष्य में जाकर उन्हें सफलता देती है।





### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1133/एस0टी0-एस0डीएम0/2023, दिनांक 06.12.2023 के अनुसार मृतक श्री स्व0 उदय सिंह पुत्र स्व0 वंशी नि0 ग्राम चपरगढ, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 30.04.2023 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 164<br>165 | 110<br>32<br>110 | स्व0 उदय सिंह पुत्र स्व0 वंशी नि0 ग्राम चपरगढ, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती राजवती | 79 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्री ब्रमसिह | 43 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री अजीत सिंह | 35 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री सुन्दर सिंह | 25 वर्ष | पुत्र |
| मूंजखेडा | 46<br>421 | 444<br>441 | | श्रीमती कमला | 55 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमती विमला | 44 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमती शीला देवी | 35 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | कु0 सोनम | 25 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अभिमत

*निम्न आय वर्ग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो यह चिंता का विषय है। यह विकास के 'के-आकार प्रक्षेप वक्र' की निरंतर कहानी है जहां उच्च आय वर्ग के उपभोक्ता और जो महंगे उत्पाद, सेवाएं और लक्जरी सामान खरीदते हैं। वे बहुत अच्छा कमा रहे हैं लेकिन निम्न वर्ग के लोग संघर्ष कर रहे हैं। निचले स्तर पर विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण क्षेत्रों और अनौपचारिक क्षेत्र में वास्तविक मजदूरी में वृद्धि बहुत कम रही है। यह एक गंभीर नीतिगत चुनौती है।*

## नजर आ रहा अर्थव्यवस्था में हल्की मंदी का खतरा



**डॉ.अजीत रानाडे**

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान यानी अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। उस समय अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक दोनों का पूर्वानुमान था कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस वित्त वर्ष में और धीमी पड़कर करीब 7 प्रतिशत पर आ जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने नवीनतम आकलन में अभी भी यही दृष्टिकोण साझा किया है।

आश्चर्यजनक रूप से इस वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान गति जबरदस्त रही है। यही कारण है कि 2023-24 के वित्त वर्ष की पहली छमाही के लिए विकास दर प्रभावशाली 7.7 प्रतिशत है जो आईएमएफ और विश्व बैंक के अनुमानों से बहुत अधिक है। यह बड़े पैमाने पर सरकार और निजी क्षेत्र दोनों द्वारा पूंजीगत व्यय में 31 प्रतिशत की वृद्धि (नाममात्र, मुद्रास्फीति असमायोजित शर्तों में) से प्रेरित था। पूंजीगत व्यय की यह मजबूत दर सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर पिछले वर्ष देखी गई 11 प्रतिशत की गति से कहीं अधिक थी। चूंकि पूंजीगत व्यय, सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई है और यदि यह हिस्सा 31 प्रतिशत की दर से बढ़ता है तो निश्चित रूप से कुल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को तगड़ा प्रोत्साहन मिलता है। इस प्रकार पहली छमाही की गति अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और यहां तक कि आरबीआई के सतर्क आशावाद दोनों को चुनौती देती है।

अब सरकार ने पूरे साल के लिए अपने अग्रिम अनुमान प्रकाशित किए हैं जो 7.3 प्रतिशत है। इसका मतलब यह है कि सरकार को उम्मीद है कि विकास पहली छमाही में 7.7 से धीमा होकर दूसरी छमाही के दौरान लगभग 6.9 हो जाएगा जो औसतन 7.3 है। यह आंकड़ा अभी भी काफी प्रभावशाली है और आरबीआई के अनुमान से ज्यादा है। क्या यह बहुत अधिक आशावादी है? हमें इस बारे में जल्द ही पता लग जाएगा। यह आकलन सरकार के पास उपलब्ध विस्तृत डेटा बिंदुओं पर आधारित है जिसे 'उच्च आवृत्ति डेटा' कहा जाता है।

इसमें जीएसटी सहित कर संग्रह, कार्गो की आवाजाही, पर्यटकों का आगमन, निर्यात डेटा, तेल और ऊर्जा खपत का झुकाव आदि शामिल हैं। हालांकि कोई नहीं जानता कि गति कितनी जल्दी धीमी हो सकती है क्योंकि अंततः यह उपभोक्ता और निवेशक मनोविज्ञान और भावना है जो विकास को चलाता है। इसलिए अच्छे से अच्छा अर्थशास्त्री भी इसका विश्लेषण नहीं कर पाता है। इस वित्त वर्ष में उपभोग वृद्धि केवल 4.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है यानी जीडीपी वृद्धि दर से नीचे और पूंजीगत व्यय वृद्धि दर से काफी नीचे है। उपभोग खर्च सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत से अधिक है तथा गति का बड़ा हिस्सा बनाता है। यह बदले में इस बात पर निर्भर करता है कि घरेलू आय कैसे बढ़ रही है और रोजगार वृद्धि एवं आजीविका आदि के लिए क्या संभावनाएं हैं।

**इस वित्त वर्ष में उपभोग वृद्धि केवल 4.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है यानी जीडीपी वृद्धि दर से नीचे और पूंजीगत व्यय वृद्धि दर से काफी नीचे है। उपभोग खर्च सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत से अधिक है तथा गति का बड़ा हिस्सा बनाता है। यह बदले में इस बात पर निर्भर करता है कि घरेलू आय कैसे बढ़ रही है और रोजगार वृद्धि एवं आजीविका आदि के लिए क्या संभावनाएं हैं।**

इसलिए स्पष्ट रूप से सरकारी अनुमान के अनुसार इस वित्त वर्ष की अक्टूबर से मार्च तक की दूसरी छमाही में मंदी का दौर रहेगा। इसका आंशिक कारण यह भी है कि पूंजीगत व्यय के लिए सरकार द्वारा वित्त पोषित राजकोषीय प्रोत्साहन अनिश्चितकाल तक जारी नहीं रह सकता है। यह राजकोषीय घाटे को नुकसान पहुंचाता है जिसे अगर नियंत्रण में नहीं रखा गया तो ऋण-जीडीपी अनुपात 100 प्रतिशत तक बढ़ सकता है जिसके बारे में आईएमएफ ने चेतावनी दी है। इसलिए अगर सरकार अपनी कमर खुद ही कस लेती है तो विकास की रफ्तार कहीं और से आनी चाहिए।

शेष विश्व में जो कुछ हो रहा है, भारत उससे अछूता नहीं है। वैश्विक स्तर पर अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी का जिक्र हो रहा है। भू-राजनीतिक संघर्ष ने काले बादल छितरा दिए हैं और निवेशकों को जोखिम से आम तौर पर दूर कर दिया। यूक्रेन युद्ध दो साल से चल रहा है जिसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के मध्य पूर्व के एक बड़े क्षेत्र में फैलने का खतरा है। लाल सागर से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों पर विद्रोही हौथी गुट द्वारा किए जा रहे हमले भी अत्यधिक चिंताजनक हैं। आमतौर पर आधे से अधिक वैश्विक व्यवसाय यातायात इस चैनल का उपयोग करता है किन्तु अब कई वाणिज्यिक कार्गो और यात्री लाइनर इस चैनल का उपयोग करने से बचेंगे। कोई भी भू-राजनीतिक संघर्ष, विशेष रूप से मध्य पूर्व में हुआ संघर्ष तेल की कीमतों को बढ़ाने की क्षमता रखता है जो भारत के लिए बहुत बुरी खबर है। मुद्रास्फीति, राजकोषीय घाटे, उपभोक्ता और निवेशक भावना और अंततः विकास के लिए इसके परिणाम नकारात्मक होते हैं।

वैश्विक भू-राजनीति के अलावा विकास दृष्टिकोण को जो अन्य कारक प्रभावित कर सकता है वह है भारत में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव। जैसे-जैसे हम आदर्श आचार संहिता की अवधि में प्रवेश करते हैं यह अनिवार्य रूप से विकास सम्बन्धी खर्चों पर ब्रेक लगाता है। लोकसभा चुनाव के अलावा कई राज्य ऐसे भी हैं जहां राज्य विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। चुनावी वर्ष अर्थव्यवस्था को एक छोटा सा राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करता है। वहां की मौजूदा सरकारें लंबित परियोजनाओं को तेजी से ट्रैक करती है, कई और फाइलों को मंजूरी देती है, सरकारी नौकरियों में रिक्तियों को भरती है एवं इसी तरह के कई काम करती हैं। ये भले ही राजकोषीय रूप से संदिग्ध हों लेकिन यह सब अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। चुनाव पूर्व खर्च में तेजी का मतलब है कि चुनाव के बाद (जुलाई के पश्चात) हम खर्च की गति में कमी देख सकते हैं। बेशक, यदि मौजूदा सरकार को लगता है कि उसके फिर से निर्वाचित होकर आने की संभावनाएं बेहतर हैं तो इस वक्त वह राजकोषीय स्टेरॉयड डालकर खर्च में तेजी लाने का विकल्प नहीं चुनेगी।

मजबूत संरचना आर्थिक दृष्टिकोण के लिए सकारात्मक कारक हैं। इनमें युवा जनसांख्यिकी और श्रम शक्ति का विस्तार, तेजी से शहरीकरण, हरित अर्थव्यवस्था पर खर्च बढ़ाना तथा विशाल बुनियादी ढांचा खड़ा करने की महत्वाकांक्षा शामिल है। इसमें सबसे ऊपर सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात में निरंतर मजबूत गति है। नकारात्मक कारकों का पहले ही उल्लेख किया जा चुका है जिनमें कमजोर उपभोक्ता खर्च, वैश्विक अनिश्चितताएं, तेल कीमतों में वृद्धि की आशंका, अभी भी उच्च मुद्रास्फीति और कमजोर रोजगार वृद्धि की संभावनाएं प्रमुख हैं। इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि जब सभी आय वर्गों के उपभोक्ता अपनी मजदूरी, आय वृद्धि और रोजगार की संभावनाओं के संदर्भ में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों तभी कुल उपभोक्ता खर्च में तेजी आएगी। इसलिए यदि निम्न आय वर्ग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो यह चिंता का विषय है। यह विकास के 'के-आकार प्रक्षेप वक्र' की निरंतर कहानी है जहां उच्च आय वर्ग के उपभोक्ता और जो महंगे उत्पाद, सेवाएं और लक्जरी सामान खरीदते हैं। वे बहुत अच्छा कमा रहे हैं लेकिन निम्न वर्ग के लोग संघर्ष कर रहे हैं। निचले स्तर पर विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण क्षेत्रों और अनौपचारिक क्षेत्र में वास्तविक मजदूरी में वृद्धि बहुत कम रही है। यह एक गंभीर नीतिगत चुनौती है। 80 करोड़ भारतीयों के लिए पांच साल के लिए मुफ्त भोजन योजना का विस्तार उनकी आय वृद्धि की कमी की भरपाई के लिए एक आंशिक प्रतिक्रिया है। लंबी अवधि में, उच्च विकास को टिकाऊ बनाने के लिए इसे व्यापक तथा अधिक समावेशी होना चाहिए। कुल मिलाकर हम उम्मीद कर सकते हैं कि 2024-25 में वृद्धि दर इस वित्त वर्ष की तुलना में कम रहेगी।

***(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)***

### बीता सप्ताह

**6 जनवरी**
- सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा की शाही मस्जिद को हटाने की याचिका खारिज की।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन की पहली महिला महासचिव बनीं- सेलेस्टे साउले।
- हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग पर भारत और गुयाना के बीच समझौते को मंजूरी।
- भारत के चुनाव आयोग ने ईवीएम पर कांग्रेस का अनुरोध ठुकराया।

**7 जनवरी**
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आदित्य एल-1 लैग्रेज पाइंट पर पहुंचा।
- म.प्र. में शेल्टर होम से 26 लड़कियां लापता हुईं।
- सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई।
- एक देश एक चुनाव समिति के लोगों से मांगे सुझाव।

**8 जनवरी**
- वायु सेना ने बनाया नया कीर्तिमान कारगिल में रात के अंधेरे में उतारा गया विमान।
- आईआईएस रोहतक के अध्ययन से सामने आई जानकारी कि सोशल मीडिया पर औसतन 7 घंटे रोज बिता रहे हैं-युवा।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजिम में अपने भाषण में कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी।

**9 जनवरी**
- बिल्किस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 11 दोषियों को फिर जेल भेजा।
- बांगलादेश में शेख हसीना ने चौथी बार आम चुनाव में जीत हासिल की।
- राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए हैं।
- छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल का निधन हो गया।

**10 जनवरी**
- बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और रंकी रेड्डी सात्विक साईं राज को खेलरत्न तथा क्रिकेटर पुरस्कार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नवाजा गया।
- उत्तरप्रदेश में राम मंदि प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।
- दिग्गज संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का निधन हो गया।
- चीनी सेना के साथ लोहा लेने वाले बिग्रेडियर बहल का निधन हो गया।

**11 जनवरी**
- महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे सहित 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला दिया कि शिन्दे गुट ही असली शिवसेना पार्टी है।
- सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने ऐलान किया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे।
- बांगलादेश के नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई गई।
- आम वैक्सीन की तुलना में लंबी सुरक्षा प्रदान करती है नेजल कोविड वैक्स।

**12 जनवरी**
- स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर देश का तीसरा स्थान प्राप्त किया और मध्यप्रदेश दूसरे नंबर पर रहा।
- बांगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के केबीनेट में 37 मंत्रि बनाए गए।
- पापुआ न्यू गिनी में दंगा भड़कने से 15 लोगों की मौत हो गई।
- एक पक्षी के टकरा जाने से दक्षिण कोरिया के विमान में आग लग गई।

## जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार जीवनशैली

**■ सुरेश भाई**

दुबई में हुए 28वें 'जलवायु परिवर्तन सम्मेलन' (कॉप28) में 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने चेतावनी दी थी कि दुनियां तबाही की कगार पर है और यह सम्मेलन हमें आखिरी मौका दे रहा है। इस सम्मेलन में दुनिया के 200 देश डीजल, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से दूरी बनाने पर सहमत दिखाई दिये। जीवाश्म ईंधन 'ग्लोबल वार्मिंग' का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। यदि इस पर निर्भरता धीरे-धीरे घटाई जा सके तो जलवायु को नियंत्रित किया जा सकता है।

इससे पहले वर्ष 2015 में 'संयुक्त राष्ट्र संघ' द्वारा जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों व सामूहिक प्रगति पर नजर रखने के लिए पेरिस में भी 200 से अधिक देशों का सम्मेलन हुआ था। इस सम्मेलन के समझौते के अनुसार, वैश्विक तापमान वृद्धि को 'पूर्व औद्योगिक काल' (1850-1900) के स्तर के मुकाबले 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है, लेकिन महसूस किया गया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक निधि अपर्याप्त है।

पिछले सम्मेलनों में संयुक्त-अरब-अमीरात की तरफ से इसका विरोध हुआ था। उसका कहना था कि जब तक नवीकरणीय ऊर्जा के पर्याप्त स्रोत उपलब्ध नहीं हो जाते, तब तक जीवाश्म ईंधन पर बंदिशें लगाना उचित नहीं है क्योंकि दुनिया की 80 फ़ीसदी ऊर्जा ज़रूरतें इसी से पूरी हो रही हैं। दूसरी तरफ वे यह भी कह रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन से दूर रहने के लिए वे भी सहमत हैं। इसके साथ ही 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

**ठंडे दिनों की संख्या लगातार घट रही है। पिछले दशक में 1961 से 1990 के दशकों की तुलना में ठंडे दिन 40 प्रतिशत घटे हैं। भारत में बाढ़ की समस्या भी बढ़ गई है। जून 2013 में भारी बारिश, पहाड़ों की बर्फ पिघलने की वजह से हिमालय क्षेत्र में बाढ़, भूस्खलन, भू-धंसाव की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बाढ़ के कारण इस दौरान भारत में हजारों मौतें हुई हैं।**

40 से अधिक देशों और 20 संगठनों के मंत्रियों, नीति निर्माताओं, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने एक वार्ता करके कहा है कि वे वैश्विक स्तर पर स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़कर 11 हजार गीगावॉट करने और इस समय सीमा में वार्षिक ऊर्जा दक्षता सुधार को दोगुना करने के लक्ष्य प्राप्त करने पर सहमत हैं, लेकिन इसे हासिल करने के लिए 4.5 खरब डालर की आवश्यकता है।

वर्ष 2009 में कोपनहेगन में हुई जलवायु वार्ता में प्रस्तावित 'हरित जलवायु निधि' में अमीर देशों ने 2020 तक, हर साल विकासशील देशों को 100 अरब डॉलर की मदद करने का संकल्प लिया था, लेकिन किसी भी साल वे इस राशि को नहीं जुटा सके। इन देशों ने 2013 में 52.5 अरब डॉलर जुटाए थे जो 2015 में घटकर 44.6 अरब डॉलर हो गए थे। 2019 में उनकी तरफ से 80.4 अरब डॉलर का फंड संग्रह किया गया था जो 2020 में बढ़कर 83.3 अरब डालर हो गया था। अब तो 100 अरब डॉलर से भी अधिक की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने के प्रयासों को झटका लग सकता है।

एक अनुमान के मुताबिक दुनिया के 55 देशों को बीते दो दशक में जलवायु परिवर्तन संबंधी घटनाओं से 525 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। 2030 तक यह बढ़कर 580 अरब डालर पहुंच जाएगा। वहीं अगर अकेले अमेरिका से उसके उत्सर्जन प्रभाव की कीमत वसूली जाए तो यह 1900 अरब डॉलर होती है। विकासशील देशों का सवाल है कि क्या अमेरिका इस कीमत को चुकाएगा? अगर नहीं तो फिर किसी दूसरे देश से कैसे कह सकते हैं कि वह विकास न करे। इस संदेश से ऐसा लगता है कि सभी देश अमेरिका की राह पर हैं और आधुनिक जीवन शैली व विकास के मायने जलवायु परिवर्तन ही है।

जीवाश्म ईंधन के उपयोग का आखिरी पन्ना 28वें जलवायु सम्मेलन में नहीं पलटा जा सकता है, लेकिन जीवाश्म ईंधन के अंत की शुरुआत यहां से की जा सकती है। इसके लिए कोयला से बिजली बनाने वाले देश, जैसे - भारत और चीन से भी अपेक्षा की जा रही है कि वे चरणबद्ध तरीके से कोयले के उपयोग में कमी करें, हालांकि भारत विकसित देश बनने तक कोयले पर कितना नियंत्रण कर सकेगा, यह तो समय ही बताएगा। मजबूत विकल्प के अभाव में जीवाश्म ईंधन और कोयले पर निर्भरता को चरणबद्ध तरीके से कम करने की तैयारी अभी भी नगण्य है। दूसरी ओर विकल्प के तौर पर परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल करें तो रेडियोएक्टिव कचरे को लेकर खतरे की आशंका जताई जाती रही है।

विकासशील देश विकसित देशों पर आरोप लगा रहे हैं कि वे अपना योगदान देने की बजाय भारत, ब्राजील, चीन जैसे देशों पर दबाव बना रहे हैं कि वे विकास के लिए होने वाली औद्योगिक गतिविधियों में कमी लाएं। विकासशील देश कह रहे हैं कि वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए ज्यादा वित्तीय साधनों की आवश्यकता है। हालांकि प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के लिहाज से देखें तो आज भी विकसित देशों की जलवायु परिवर्तन में हिस्सेदारी भारत जैसे देशों से कई गुना ज्यादा है।

जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही गर्मी आजीविका, स्वास्थ्य, समाज के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन रही है। महिलाएं इसकी भारी कीमत चुका रही हैं, गर्मी ने उनके दैनिक जीवन को काफी कठिन कर दिया है। आदिवासी, हिमालय के पर्वतीय भू-भाग में खेती के साथ-साथ जंगल से घास, लकड़ी और जलस्रोतों से पानी लाने के लिए महिलाओं पर एकतरफा जिम्मेदारी है। उनमें लगातार हो रही कमी के कारण महिला श्रमिकों के सिर और पीठ का बोझ बढ़ता जा रहा है और उन्हें तरह-तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। जरूरी है कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए बनाई जा रही नीतियों और योजनाओं को लैंगिक रूप से उत्तरदायी और संवेदनशील बनाया जाए।

'विश्व मौसम विज्ञान संगठन' (डब्ल्यूएमओ) ने भारत पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें जलवायु संकट के कारण 2011-20 के दशक को औसत से ज्यादा गर्मी और सर्वाधिक बारिश वाला बताया गया है। इस अवधि में जलवायु परिवर्तन की दर बढ़ी है। जो रिकॉर्ड में सबसे अधिक है। 'संयुक्त राष्ट्र संघ' द्वारा जलवायु, मौसम, जल-संसाधन पर किए गए शोध के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी भारत, पाकिस्तान, चीन व अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट के लिए यह दशक सबसे अधिक गर्म रहा है।

ठंडे दिनों की संख्या लगातार घट रही है। पिछले दशक में 1961 से 1990 के दशकों की तुलना में ठंडे दिन 40 प्रतिशत घटे हैं। भारत में बाढ़ की समस्या भी बढ़ गई है। जून 2013 में भारी बारिश, पहाड़ों की बर्फ पिघलने की वजह से हिमालय क्षेत्र में बाढ़, भूस्खलन, भू-धंसाव की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बाढ़ के कारण इस दौरान भारत में हजारों मौतें हुई हैं। गर्मी आदि से बचने के लिए जीवनयापन पर बड़ा असर पड़ा है। आजीविका के सीमित साधनों के चलते लोगों की जेब पर भी बोझ बढ़ रहा है।

वर्ष 2022 तक की 'आईपीसीसी' (अंतरसरकार जलवायु परिवर्तन समिति) की रिपोर्ट के मुताबिक 1850 के स्तर से दुनिया का तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। अगर यह 1.7 से 1.8 डिग्री तक बढ़ता है तो दुनिया की आधी से अधिक आबादी का जीवन संकट में पड़ेगा। जलवायु नियंत्रण के लिए यदि कारगर उपाय नहीं हो सका तो इस सदी के अंत यानी 2100 तक धरती का तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है, जबकि जरूरी है कि धरती पर जीवन बचाने के लिए तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ोतरी न हो।

जलवायु सम्मेलन हर साल हो रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि लोग अपने हिस्से के जलवायु संकट से निपटने के लिए वास्तविक कदम नहीं बढ़ा पा रहे हैं। इसका कारण है कि विकसित देशों ने प्रकृति का विनाश करके विकास के नाम पर जिस चकाचौंध को सामने लाए हैं उसी राह पर विकासशील देश भी चल रहे हैं। भोगवादी जीवन शैली और आधुनिक विकास के मॉडल से तो जलवायु संकट बढ़ने ही वाला है।

***(लेखक उत्तराखण्ड सर्वोदय मंडल* के अध्यक्ष हैं। उत्तराखण्ड नदी बचाओ अभियान से भी जुड़े हैं।)***

## चार शीर्ष हिंदू प्रमुखों ने कहा राम मंदिर का उद्घाटन राजनीति प्रेरित

**■ अरुण श्रीवास्तव**

आरएसएस और भाजपा के नेताओं की 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की योजना पर हिंदुओं में सनातन विचारधारा को मानने वालों तथा भाजपा की राजनीतिक लाइन पर चलने वाले भक्तों के बीच मतभेद पैदा हो गया है।

आरएसएस और विशेष रूप से इसके प्रमुख मोहन भागवत, हिंदुत्व को राज्य के आधिकारिक धर्म के रूप में स्थापित करने के मिशन को पूरा करने के प्रयास में, चार शंकराचार्यों के अधिकार पर सवाल उठाने और उन्हें कमजोर करने की हद तक चले गये हैं, जबकि वे सनातन धर्म और हिंदू धर्म के प्रतीक हैं। उनसे ऊपर कोई नहीं है और वे हिंदू धार्मिक नैतिकता और परंपराओं के अनुसार हिंदू धर्म की भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारी हैं।

चार हिंदू धर्म गुरु प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रियात्मक गलतियों को इंगित करने के कारण आरएसएस और भाजपा के निशाने पर आ गये हैं, जो मूलरूप से चरित्र और सामग्री में हिंदू धर्मविरोधी हैं। जाहिर तौर पर हिंदू धर्म गुरु होने के नाते उन्हें आरएसएस और भाजपा द्वारा किये जा रहे हिंदू विरोधी कार्यों से बचना मुश्किल हो रहा है। शंकराचार्यों ने अभिषेक की तारीख को आगे बढ़ाकर अप्रैल में मनाई जाने वाली रामनवमी करने का सुझाव दिया था, लेकिन आरएसएस और भाजपा नेता उनकी धार्मिक सलाह सुनने को तैयार नहीं हैं।

**चार हिंदू धर्म गुरु प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रियात्मक गलतियों को इंगित करने के कारण आरएसएस और भाजपा के निशाने पर आ गये हैं, जो मूलरूप से चरित्र और सामग्री में हिंदू धर्मविरोधी हैं। जाहिर तौर पर हिंदू धर्म गुरु होने के नाते उन्हें आरएसएस और भाजपा द्वारा किये जा रहे हिंदू विरोधी कार्यों से बचना मुश्किल हो रहा है। शंकराचार्यों ने अभिषेक की तारीख को आगे बढ़ाकर अप्रैल में मनाई जाने वाली रामनवमी करने का सुझाव दिया था, लेकिन आरएसएस और भाजपा नेता उनकी धार्मिक सलाह सुनने को तैयार नहीं हैं।**

शीर्ष संत राम मंदिर के निर्माण से बहुत खुश नहीं हैं। उनका मानना है कि 22 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन तथा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने की योजना पूरी तरह से राजनीतिक है और इसे चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करने की योजना है। धर्म गुरु खुले तौर पर आरएसएस और भाजपा की इस रणनीति की निंदा करते हैं और महसूस करते हैं कि इससे हिंदू धर्म या हिंदुओं को कोई मदद नहीं मिलेगी। चूंकि यह प्राण प्रतिष्ठा हिंदू धर्म की भावना और नैतिकता का उल्लंघन है, इसलिए उन्होंने समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

चूंकि धर्म गुरुओं के रुख में हिंदू धर्म का दोहन करने के उनके मंसूबों को ध्वस्त करने की क्षमता है, इसलिए हिंदुत्व के नायक अपनी इंद्रियां खो बैठे हैं। आरएसएस नेता और भागवत के शिष्य चंपत राय, जो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव भी हैं, ने यह कहकर शंकराचार्यों की स्थिति और प्राधिकारों का अपमान किया हः 'यह राम मंदिर है, रामानंद परंपरा का पालन किया जायेगा। यह मंदिर रामानंद संप्रदाय का है, न कि संन्यासियों का, न शैव या शाक्त का।'

आरएसएस और भाजपा नेताओं द्वारा धर्म गुरुओं के प्रति अड़ियल रुख अपनाने के कारण उन्होंने भी हिंदू अस्तित्व के लिए संघर्ष शुरू कर दिया है। वे अभिषेक का बहिष्कार करेंगे। धर्म गुरु इस हास्यास्पद और तिरस्कार पूर्ण बयान से बेहद आहत हैं और उनका मानना है कि इसे आरएसएस और भाजपा के शीर्ष नेताओं का मौन समर्थन प्राप्त है।

शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती, ने राय की टिप्पणियों की आलोचना की, और उन्हें सत्ता की स्थिति में रहते हुए अपना कद कम नहीं करने की सलाह दी। सरस्वती ने आरोप लगाया कि इसे राजनीतिक तमाशा बनाया जा रहा है। उन्होंने आयोजन की भव्यता पर असंतोष व्यक्त किया, इसके लिए आगामी आम चुनावों को जिम्मेदार ठहराया और तीर्थस्थलों को पर्यटक आकर्षण में बदलने के प्रति आगाह किया।

केवल निश्चलानंद ही नहीं, तीन अन्य शंकराचार्यों ने भी कार्यक्रम में राजनीतिक रंग होने के कारण भाग लेने से इनकार कर दिया है। मोदी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पुरी के संत ने कहा कि, मंदिर में रामलला की मूर्ति की स्थापना शास्त्रीय विधि के अनुसार की जानी चाहिए।

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में हो रहे अभिषेक की योजना राहुल की यात्रा और जाति जनगणना के इर्द-गिर्द विपक्ष की कहानी का मुकाबला करने की है। विपक्ष के साथ भाजपा से मुकाबला करने के लिए 'मंडल' का सहारा लेते हुए, संघ हिंदू समाज में असमान जातियों की कहानी बनाने के लिए आक्रामक रूप से 'कमंडल' को आगे बढ़ा रहा है।

सबसे गरीब परिवारों के 10 लोगों को लाने के आरएसएस के कदम से यह स्पष्ट है कि यह पूरी तरह से एक राजनीतिक कदम है, जो झोपड़ियों में रहते हैं लेकिन राम मंदिर निधि के लिए 100 रुपये का योगदान देते हैं और मंदिर का निर्माण करने वाले कार्यकर्ता भी मेहमानों में से हैं। हिंदुओं को जागरूक करने के लिए विहिप ने दुनिया भर में अक्षत (पवित्र चावल) भेजे हैं।

हालांकि ट्रस्ट के महासचिव ने कहा कि यह रामानंद संप्रदाय का मंदिर है, लेकिन फिर भी वह संप्रदाय के पारंपरिक पुजारी को अभिषेक पूजा का काम नहीं सौंप रहे हैं। वीएचपी देश भर में पुजारी प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है और ये लोग पूजा करेंगे। उन्होंने दलित और आदिवासी समुदायों के 50,000 पुजारियों को प्रशिक्षित किया है और उन्हें विभिन्न मंदिरों में नियुक्त कराया है।

श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री भारती तीर्थ ने भी असंतोष व्यक्त करते हुए निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है। वह इस तरह के कृत्य की धार्मिकता के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए,एक ऐसे मंदिर में परमात्मा को प्रतिष्ठित करना अनुचित मानते हैं जो अभी तक पूरी नहीं हुई है।

द्वारका शारदापीठ के जगतगुरु शंकराचार्य श्री स्वामी सदानंद सरस्वती भी महोत्सव में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा के समय की आलोचना करते हुए कहा कि, शास्त्रों के अनुसार पौष के अशुभ माह में देवताओं में प्राण-प्रतिष्ठा का प्रारम्भ करना अनुचित माना गया है। उनका प्रस्ताव है कि आगामी श्रीरामनवमी, भगवान राम का शुभ जन्म दिवस, अधिक उपयुक्त समय होगा।

उनका अनुमान है कि रामनवमी के दौरान चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी, जिससे भाजपा नेताओं के लिए राजनीतिक लाभ के लिए अभिषेक का फायदा उठाना कम फायदेमंद होगा।

शंकराचार्य चार मठों, या मठवासी आदेशों में से एक के पुजारी हैं, जो 8वीं शताब्दी के हिंदू संत, आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित हिंदू धर्म की अद्वैत वेदांत परंपरा का हिस्सा हैं। ज्योतिर्मठ (जोशीमठ) और गोवर्धन मठ के अलावा दो अन्य मठ श्रृंगेरी शारदा पीठम (श्रृंगेरी, कर्नाटक) और द्वारका शारदा पीठम (द्वारका, गुजरात) हैं।

रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने निपटारा कर दिया था तथा उस संपूर्ण भूमि को राम मंदिर को आबंटित कर दिया था जिस पर पहले 16वीं सदी की बाबरी मस्जिद भी खड़ी थी। 6 दिसंबर, 1992 को राम जन्मभूमि आंदोलन के चरम पर कारसेवकों द्वारा मस्जिद को ढहा दिया गया था।

अविमुक्तकेश्वरानंद का मानना है, 'पहले भी निर्मोही अखाड़ा वहां पूजा करता रहा है। इसे फिर से वह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। आप अधिक पुजारियों को क्यों नियुक्त कर रहे हैं? आप पूजा निर्मोही अखाड़े को और मंदिर की व्यवस्था रामानंद संप्रदाय को सौंप दें, हम स्वीकार करेंगे। मेरा मानना है कि चारों शंकराचार्य (इससे) खुश होंगे।'

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## म्यांमार में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, दो घायल

**यंगून।** म्यांमार में यंगून-माण्डले एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण कार हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। सागा इन हाइवे फायर स्टेशन के एक अधिकारी ने मीडिया को शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में हताहत हुए लोगों को अस्पताल भेजा गया जहां एक पुरूष और तीन महिलाओं की मौत कर पुष्टि कर दी गयी जबकि दो घायलों का इलाज किया जा रहा है। आशंका है कि दुर्घटना तेज रफ्तार के कारण हुई।

# जयशंकर व ब्लिंकन ने हौथी हमलों व गाजा सहायता पर की चर्चा

**न्यूयॉर्क**, 12 जनवरी (एजेंसियां)। क्षेत्र में बढ़ते हौथी हमलों के बीच अमेरिका ने लाल सागर और अदन की खाड़ी में नेविगेशन की स्वतंत्रता की रक्षा में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का स्वागत किया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की और दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में लापरवाह हौथी हमलों पर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मिलर ने कहा कि हमले वाणिज्य के मुक्त प्रवाह को खतरे में डालते हैं, निर्दोष नाविकों को खतरे में डालते हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं।


मिलर ने कहा, सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि लाल सागर एक प्रमुख वाणिज्यिक गलियारा है

■ **यूक्रेन संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया**

जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाता है और क्षेत्र में नेविगेशन की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारत के साथ बढ़ते सहयोग का स्वागत किया।

यह चर्चा तब हुई जब अमेरिकी और ब्रिटिश सेनाओं ने यमन में ईरान समर्थित हौथिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक दर्जन साइटों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर जवाबी हमले शुरू किए।

दोनों नेताओं ने मौजूदा इजरायल-हमास संघर्ष, संघर्ष को बढ़ने से रोकने के प्रयासों और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने पर भी चर्चा की। गुरुवार को एक्स पर



साझा की गई एक पोस्ट में, जयशंकर ने कहा कि वह गाजा सहित पश्चिम एशिया में चल रही स्थिति पर ब्लिंकन की अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं।

जयशंकर ने कहा, आज शाम मेरे मित्र अमेरिकी सचिव एंटनी ब्लिंकन के साथ चर्चा हुई। हमारी बातचीत समुद्री सुरक्षा चुनौतियों, विशेषकर लाल सागर क्षेत्र पर केंद्रित थी। गाजा सहित पश्चिम एशिया में चल रही स्थिति पर उनकी अंतर्दृष्टि की सराहना की। यूक्रेन संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया। 2024 के लिए हमारे व्यापक सहयोग एजेंडे को साकार करने के लिए उत्सुक हूं।हौथिस ने नवंबर 2023 से लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग जहाजों पर ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च की हैं, जिनमें से कई को क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों द्वारा रोक दिया गया है और मार गिराया गया है। हौथिस ईरान समर्थित शिया राजनीतिक और सैन्य संगठन है, जो सऊदी अरब समर्थित गठबंधन के खिलाफ यमन में गृह युद्ध लड़ रहा है। 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के बाद, विद्रोही समूह ने कहा है कि वह गाजा में इजरायल के खिलाफ हमास की लड़ाई के समर्थन में काम कर रहा है।काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के अनुसार, अमेरिका ने 2002 से यमन में लगभग 400 हवाई हमले किए हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, लेकिन व्हाइट हाउस और पेंटागन के अधिकारियों ने हमास के हमले के बाद से कहा है कि वे गाजा में संघर्ष को इस क्षेत्र में विस्तारित होते नहीं देखना चाहते हैं।

## हवाई हमलों में पांच हाउती विद्रोहियों की मौत, छह घायल

**सना।** यमन में शुक्रवार तड़के अमेरिका और ब्रिटेन के हवाई हमलों में पांच हाउती विद्रोही मारे गये और छह अन्य घायल हो गये। द्रोही गुट ने यहां बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में बताया गया है कि आज तड़के अमेरिका और ब्रिटेन के हवाई हमलों में पांच लड़ाके मारे गये और छह अन्य घायल हो गए। हवाई हमलों में विद्रोही गुटों के नियंत्रण वाले इलाकों में 73 ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## चीन, अमेरिका ने की जलवायु कार्य समूह की पहली बैठक

**बीजिंग।** चीन और अमेरिका ने पर्यावरण वार्ता फिर से शुरू करने के निर्णय के बाद जलवायु परिवर्तन पर कार्य समूह की पहली बैठक की है। चीनी पारिस्थितिकी और पर्यावरण मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सैन फ्रांसिस्को में चीन और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में बनी सहमति को लागू करने तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए मिलकर काम करने के लिए जलवायु कार्रवाई को बढ़ाने पर चीन-अमेरिका कार्य समूह की किक-ऑफ बैठक 21वीं सदी के 12 जनवरी को वीडियो लिंक के माध्यम से सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। बयान के अनुसार दोनों पक्ष करीबी संचार बनाए रखने, अनुभव का आदान-प्रदान करने और कार्य समूह के भीतर गहन व्यावहारिक सहयोग जारी रखने पर सहमत हुए। चीन के विरोध के बावजूद अगस्त 2022 में तत्कालीन अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद से चीन ने जलवायु मुद्दों पर अमेरिका के साथ बातचीत नहीं की। नवंबर में एपीइसी (एपेक) शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों ने जलवायु वार्ता को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : शनिवार 13 जनवरी, 2024 पौष शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष -आपका दिन औसत फलदायी है। परिजनों के साथ बैठकर आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर की साज-सज्जा में आपको परिवर्तन की इच्छा होगी। ऑफिस या व्यवसाय में अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए मिश्र फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेशगमन की संभावना भी है।

मिथुन -नकारात्मक विचारों से आप आज दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज बिल्कुल ना करें। गुस्से की भावना को संयम में नहीं रखेंगे, वाद-विवाद बड़े झगड़ों का रूप ले सकता है। खर्च अधिक होगा।

कर्क -वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा या प्रवास का आयोजन कर सकेंगे।

सिंह -आपका आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाणी में संयम बरतें। दैनिक काम में विघ्न आ सकते हैं। काम समय पर पूरा कर पाने की स्थिति में रहेंगे।

कन्या -आज आपको किसी भी तरह के कलह और चर्चा से दूर रहना चाहिए। आकस्मिक धन खर्च की संभावना है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। प्रियजन के साथ हुई मुलाकात से मन आनंदित रहेगा।

तुला -आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

वृश्चिक -नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन शुभ है। दिनभर मन की प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई-बंधुओं के साथ कोई आवश्यक चर्चा करेंगे। आर्थिक लाभ तथा भाग्यवृद्धि के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

धनु -आज का दिन मध्यम फलदायी हैं। निरर्थक व्यय होगा। मन में ग्लानि रहेगी। परिजनों के साथ गलतफहमी के कारण मनमुटाव हो सकते हैं। कामों में मनवांछित सफलता नहीं मिल पाएगी। दुविधायुक्त मनोदशा के कारण निर्णय नहीं ले पाएंगे।

मकर -आज का दिन ईश्वर के स्मरण में बीतेगा। धार्मिक काम में आप व्यस्त रहेंगे। नौकरी-व्यवसाय में भी अनुकूल परिस्थिति रहेगी। आज आपके हर काम सरलता से पूरे होंगे। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

कुंभ -स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने रहें। मानसिक स्वास्थ्य में कमी रहेगी। कोर्ट-कचहरी की झंझट में न फंसें। अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश हो सकती है, इसलिए विशेषज्ञ की सलाह से काम करें।

मीन -आज आप पारिवारिक तथा सामाजिक बातों में व्यस्त रहने वाले हैं। मित्रों से मुलाकात होगी। उनके पीछे धन खर्च करना होगा। किसी खास जगह पर जाना हो सकता है। प्रत्येक काम में आपको लाभ होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1607 – स्पेन में दिवालिया होने की घोषणा के बाद 'बैंक ऑफ जेनेवा' का पतन।

1709 – मुगल शासक बहादुर शाह प्रथम ने अपने भाई कमबख्श को हैदराबाद में पराजित किया।

1818 – उदयपुर के राणा ने मेवाड़ के संरक्षण के लिये ब्रिटेन से समझौता किया।

1822 – यूनान की नेशनल असेंबली द्वारा देश के आधुनिक झंडे का डिजाइन एपिडाडोर में पहली बार उनके नौसैनिक ध्वज के लिए अपनाया गया।

1849 – द्वितीय ब्रिटिश-सिख युद्ध के दौरान चिलियांवाला की लड़ाई शुरू हुई।

1874 – राजा की रक्षा के लिए अमेरिकी सैनिकों को होनोलूलू भेजा गया।

1893 – ब्रिटेन में स्वतंत्र लेबर पार्टी इसकी पहली बैठक शुरू हुई।

1910 – पहली बार रेडियो का प्रसारण हुआ।

1910 – न्यूयॉर्क में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण शुरु हुआ। यह प्रसारण 20 किलोमीटर दूर समंदर में मौजूद जहाज पर भी सुना जा सकता था।

1915 – इटली के एवेज्जानो शहर में विनाशकारी भूकंप में 30 हजार से अधिक लोग मारे गए।

1926 – प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं निर्देशक शक्ति सामंत का जन्म।

1930 – पहली बार मिकी माउस कॉमिक स्ट्रिप का प्रकाशन हुआ।

1938 – प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित शिवकुमार का जन्म हुआ।

1948 – राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाए रखने के लिए कोलकाता में आमरण अनशन शुरू किया।

## पंजाब पुलिस ने रिंदा के मुख्य गुर्गे को पकड़ा

**चंडीगढ़,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के एक प्रमुख गुर्गे को राजस्थान से गिरफ्तार किया।

वह अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया का भी सहयोगी है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी कैलाश खिचन सितंबर 2023 में फाजिल्का में दर्ज गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में वांछित था। इसके अलावा, आरोपी का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ पंजाब और राजस्थान में जबरन वसूली, एनडीपीएस अधिनियम और शस्त्र अधिनियम से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी यादव ने कहा कि हाल के दिनों में पंजाब पुलिस के विभिन्न आतंकवादी मॉड्यूलों का भंडाफोड़ करने में खिचन का नाम सामने आया है। इसके बाद एआईजी संदीप गोयल की देखरेख में एडीजीपी प्रोमोद बान की अध्यक्षता में और डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ के नेतृत्व में एजीटीएफ की टीमों ने राजस्थान में आरोपी के स्थान को ट्रैक करने में कामयाबी हासिल की और उसे फलोदी जिले के लोहावट गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीमों ने आरोपी खिचन के कब्जे से आठ कारतूस के साथ एक 0.30 कैलिबर की चाइनीज पिस्तौल भी बरामद की।

## समुद्र में मिला आठ वर्ष पहले दुर्घटनाग्रस्त ए एन-32 विमान का मलबा

**नई दिल्ली**, 12 जनवरी (एजेंसियां)। करीब आठ वर्ष पहले बंगाल की खाड़ी के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हुए वायु सेना के मालवाहक विमान ए एन-32 के मलबे के चेन्नई से लगते समुद्री क्षेत्र में करीब साढे तीन किलोमीटर नीचे समुद्र की तलहटी में पड़े होने के ठोस संकेत मिले हैं।




रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि 22 जुलाई 2016 को दुर्घटना के कारण यह विमान लापता हो गया था और उस समय इसमें 29 लोग सवार थे। इस विमान तथा इसमें सवार लोगों का पता लगाने के लिए वायु सेना के विमानों तथा समुद्री जहाजों के द्वारा बड़े पैमाने पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया लेकिन इसके बारे में कुछ नहीं पता चल सका।

वक्तव्य में कहा गया है कि अब इस विमान के मलबे के चेन्नई तट से समुद्र में 310 किलोमीटर दूर 3.4 किलोमीटर की गहराई में पड़ा होने के ठोस संकेत मिले हैं।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वाधान में कार्य करने वाले राष्ट्रीय महासागर

■ **2016 में हुआ था दुर्घटना ग्रस्त, 22 लोग थे सवार**

प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में एक आटोनोमस अंडरवाटर व्हीकल के जरिये इसकी खोज शुरू की थी। यह खोज सोनार के माध्यम से 3400 मीटर की गहराई तक की गयी। इसके द्वारा भेजे गये फोटो के विश्लेषण से 3.4 किलोमीटर नीचे समुद्र की तलहटी पर ए एन-32 विमान का मलबा पड़ा दिखाई दे रहा है। संभावित दुर्घटनास्थल पर विमान के मलबे के मिलने से यह साबित हो रहा है कि यह ए एन-32 का ही है क्योंकि इस क्षेत्र में और किसी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कहीं दर्ज नहीं है।

## जापान ने किया टोही उपग्रह ले जा रहे एच2ए रॉकेट का प्रक्षेपण

**टोक्यो,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएक्सए) ने शुक्रवार को तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से कोगाकु-8 ऑप्टिकल उपग्रह (टोही उपग्रह) लेकर जा रहे एक एच2ए रॉकेट का प्रक्षेपण किया। एमबीसी टेलीविजन स्टेशन के एक प्रसारण में शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रक्षेपण 11 जनवरी को होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। कोगाकु-8 उपग्रह जापान सरकार का है और इसका उपयोग सूचना एकत्र करने के लिए किया जाएगा। यह अंतरिक्ष से पृथ्वी की सतह की निगरानी करेगा और उत्तर कोरिया में सैन्य सुविधाओं, गतिविधियों तथा स्थिति पर डेटा एकत्र करेगा, विशेष रूप से प्योंगयांग के मिसाइल कार्यक्रम के संबंध में यह जानकारी जुटाएगा। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं के मामले में जानकारी एकत्र करने के उद्देश्य को भी पूरा करेगा। उपग्रह को विकसित करने में 40 अरब येन (27.5 करोड़ डॉलर) की लागत आई है।



**सूचना एकत्र करने के लिए किया जाएगा उपयोग**

जापानी सरकार वर्तमान में जानकारी इकट्ठा करने के लिए 10 उपग्रहों का उपयोग कर रही है। एच2ए रॉकेट तरल-ईंधन वाला है। इस प्रकार के रॉकेट का यह 48वां प्रक्षेपण है। पचासवें प्रक्षेपण के बाद एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2024-25 में इसे चरणबद्ध तरीके से धीरे-धीरे हटाये जाने का अनुमान है। एच2ए की जगह अगली पीढ़ी का एच3 रॉकेट लेगा, जिसे 15 फरवरी के बाद लॉन्च किया जाना है। यदि शुक्रवार का प्रक्षेपण उपग्रह को उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित कर देता है तो यह इस संशोधन के लिए 42वां सफल प्रक्षेपण होगा। इससे एच2ए की सफलता दर 97.9 प्रतिशत हो जाएगी।

## मंगोलिया में भारी हिमपात, चार की मौत

**उलानबटोर,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्वी मंगोलिया में भारी हिमपात के कारण कार में फंसने की वजह से दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गयी है। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक बयान जारी करके बताया कि कार में सवार एक ही परिवार के सभी चार सदस्य मंगलवार को सुखबतार प्रांत के दरिगंगा सूम से ग्रामीण इलाके स्थित अपने घर वापस जाते समय बर्फ में फंस गये। उन सभी के शव गुरुवार अपराह्न उनकी कार में पाए गए। देश की मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, मंगोलिया के लगभग सभी प्रांत इस सर्दी में बहुत ही खराब मौसम की स्थिति का सामना कर रहे हैं। मंगोलियाई क्षेत्र का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा अब तक बर्फ से ढका हुआ है। मौसम एजेंसी ने बताया कि आने वाले दिनों में देश के बड़े हिस्से में भारी हिमपात होने और बर्फीला तूफान आने की आशंका है, साथ ही औसत हवा की गति 18 से 24 मीटर प्रति सेकंड तक पहुंचने के आसार हैं। मौसम एजेंसी ने जनता, विशेष रूप से खानाबदोश चरवाहों और वाहन चालकों से आग्रह किया है कि वे संभावित आपदाओं के प्रति अतिरिक्त सावधानियां बरतें।

**परेशानी** संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने दी जानकारी

## इजरायली चौकियों पर देरी से गाजा में सहायता वितरण प्रभावित

**तेल अवीव,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि इजरायली चौकियों पर अत्यधिक देरी के कारण युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में भोजन, दवाएं, पानी और अन्य जीवनरक्षक आपूर्ति सहित नियोजित सहायता की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अपने नवीनतम अपडेट में, ओसीएचए ने कहा मानवतावादी साझेदारों को इजरायली चौकियों पर अत्यधिक देरी के कारण या सहमत मार्ग अगम्य होने के कारण दो मामलों में मिशन रद्द करने या देरी करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसमें कहा गया है कि 1-11 जनवरी के बीच वाडी गाजा के उत्तर में केवल 21 प्रतिशत डिलीवरी हुई। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि जो पांच मिशन आगे बढ़ने में सक्षम थे, उनमें से केवल दो ही सहायता पहुंचाने में सक्षम हुए। ओसीएचए ने अपने अपडेट में कहा, ये इनकार और गंभीर पहुंच बाधाएं मानवीय साझेदारों की सार्थक, लगातार और बड़े पैमाने पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता को पंगु बना देती हैं। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने दावा किया कि रविवार से बुधवार के बीच, गाजा शहर में सेंट्रल ड्रग स्टोर में तत्काल चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने के लिए कई नियोजित मिशनों के साथ-साथ गाजा शहर और उत्तर में पानी और स्वच्छता सुविधाओं के लिए ईंधन पहुंचाने के लिए नियोजित मिशनों को इजरायली अधिकारियों



■ **उत्तरी गाजा के अस्पतालों में जीवन रक्षक चिकित्सा आपूर्ति और उपकरणों की नहीं हो पा रही पर्याप्त पहुंच**

द्वारा अस्वीकार कर दिया गया। यह 23 दिसंबर, 2023 के बाद से सेंट्रल ड्रग स्टोर में किसी मिशन के पांचवें इनकार को चिह्नित करता है। ओसीएचए ने कहा, इसके परिणामस्वरूप, उत्तरी गाजा के अस्पतालों में जीवन रक्षक चिकित्सा आपूर्ति और उपकरणों की पर्याप्त पहुंच नहीं है। ओसीएचए अपडेट में कहा गया है कि ईंधन, पानी और स्वच्छता सुविधाओं की डिलीवरी से बार-बार इनकार के कारण, गाजा में लोग साफ पानी तक पहुंच से वंचित हो गए हैं, और सीवेज ओवरफ्लो के खतरे के साथ-साथ संक्रामक रोगों का प्रसार तेजी से हो रहा है। 7 अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास युद्ध शुरू होने से पहले, कम से कम 500 सहायता ट्रक राफा और केरेम शालोम क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पहुंचते थे। लेकि?न अब यह संख्या काफी कम हो गई है, कुछ दिनों में एक भी ट्रक को हमास-नियंत्रित क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों ने घनी आबादी वाले एन्क्लेविया में अकाल, भूख और बीमारियों के फैलने की चेतावनी दी है।

## सुडोकू 6435


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 1 | | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | | 6 | 2 | 4 | 7 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | 1 | | 7 |
| | | 8 | 4 | 5 | 1 | | 7 | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 6 | | | | 2 | | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6435



**बायें से दायें:-**

१. किसी काम या सेवा के लिए स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने वाला
१२. निर्ममता, धृष्टता (उर्दू)
१३. वधू, बहू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु, व्यक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. शादी, विवाह
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंद ी, संस्कृत, मराठी आदि बातें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति-सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुदकुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6434

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | र | २ तं | त्र | ३ ता | ■ | ४ अ | न | ५ दे | खा |
| द | ■ | त्रि | ■ | ६ र | खा | व | ■ | वा | ■ |
| ७ या | चि | का | ■ | का | ■ | ८ सा | म | रि | ९ क |
| त्री | ■ | ■ | ■ | १० य | ज | न | ■ | ■ | ष्ट |
| ■ | ११ भ | द्र | १२ ज | न | ■ | ■ | १३ ति | न | का |
| ■ | ज | ■ | त | ■ | १४ मु | श्कि | ल | ■ | र |
| १५ सु | न | १६ सा | न | ■ | नी | ■ | १७ क | १८ न | क |
| रा | ■ | थ | ■ | १९ म | म | २० ता | ■ | जी | ■ |
| २१ सु | र | सा | ■ | न्म | ■ | २२ न | का | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ थ | र | थ | रा | ना | ■ | ■ | द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### बर्फीले तूफान से अमेरिका में शून्य से 30 डिग्री नीचे चला जाएगा तापमान

**वाशिंगटन,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में एक आर्कटिक विस्फोट (बर्फीले तूफान) से शुक्रवार और शनिवार की रात उत्तरी मैदानी इलाकों में तापमान शून्य से 20 से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिरने की आशंका है। इसके परिणामस्वरूप, मध्य अमेरिका में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों के लिए ठंडी हवाओं के अलर्ट जारी किए गए हैं, जहां खुली त्वचा पर 10 मिनट से भी कम समय में शीतदंश हो सकता है। ठंड पूरे देश में दक्षिण और पूर्व में फैल जाएगी और अंतत: सप्ताहांत तक टेक्सास और दक्षिण के अन्य हिस्सों को अपनी चपेट में ले लेगी, जो अगले सप्ताह के मध्य तक जारी रहेगी। शुक्रवार को दोपहर का उच्च तापमान मोंटाना और नॉर्थ डकोटा के अधिकांश हिस्सों में शून्य डिग्री सेल्सियस से कम रहा। सप्ताहांत के दौरान, सबसे ठंडी हवा डेनवर से इंडियानापोलिस तक चलेगी, जिसमें तापमान सामान्य से कम से कम 30 डिग्री कम होगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के पावर ग्रिड, ईआरसीओटी ने 14 जनवरी के लिए मौसम निगरानी जारी की है, जिसमें बिजली की मांग में आसन्न वृद्धि और भंडार में संभावित गिरावट की चेतावनी दी गई है।

# प्रादेशिकी

## शहरों में ऐशो आराम की जिंदगी जी रहे प्रधान

**रुद्रप्रयाग।** ग्राम प्रधानों को माह में 3500 मानदेय दिया जाता है। सरकार से मिलने वाले बजट में भी ग्राम प्रधान अपना हिस्सा पूरा रखते हैं। इसके अलावा ग्राम प्रधानों के समय-समय पर बाहरी प्रदेशो में घूमने के टूर भी लगते हैं। इन कार्यक्रमों में लाखों का बजट लगता है और लाखों खर्च होने के बावजूद विकास कार्यो में इनका योगदान शून्य होकर रह गया है। जिले के कई ग्राम प्रधान अपने मानदेय के अलावा सरकारी बजट को ठिकाने लगाकर शहरी इलाकों में ऐशो आराम फरमा रहे हैं। ग्राम प्रधानों का कार्य है कि वे स्वच्छता, प्रकाश, पैदल मार्ग, स्वास्थ्य, पेयजल सफाई और मरम्मत, जन्म मृत्यु का लेखा करना, बीमारियों की रोकथाम के साथ अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले कार्यों के प्रति जवाबदेही के साथ कार्य करें, मगर ऐसा नहीं किया जा रहा है।

## हाईकोर्ट ने प्रवक्ताओं की वेतन रिकवरी का शासनादेश किया निरस्त

- इंटर कॉलेजों के प्रवक्ताओं के लिए खुशखबरी
- प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड से होनी थी रिकवरी

**नैनीताल,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रवक्ता और सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड के वेतन से रिकवरी करने के शिक्षा विभाग के 6 सितंबर 2019 के आदेश को रद्द कर दिया है। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार इंटर कॉलेजों के प्रवक्ता रमेश पैन्यूली, विनोद पैन्यूली, धीरेन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी और अन्य प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शिक्षा विभाग ने जारी रिकवरी आदेशों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं के अनुसार उन्हें उत्तराखंड सरकारी सेवक वेतन नियमावली 2016 के



नियम 13 के अंतर्गत एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट के साथ चयन वेतनमान एवं पदोन्नति वेतनमान वर्ष 2016 से प्रदान किए गए। बाद में सरकार ने वर्ष 2019 में एक शासनादेश जारी किया था, जिसमें चयन वेतनमान एवं पदोन्नति वेतनमान देने पर एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट देने का कोई प्रावधान नहीं रखा गया। इसी शासनादेश के आधार पर प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड से अतिरिक्त भुगतान की गई राशि को वसूलने के लिये शिक्षा विभाग द्वारा रिकवरी के आदेश जारी किए गए थे।

याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें चयन व पदोन्नति वेतनमान 2016 की वेतन नियमावली के तहत दिया गया है। सरकार द्वारा वर्ष 2019 में जारी शासनादेश वेतन नियमावली 2016 को अतिक्रमित नहीं कर सकता। लिहाजा सरकार द्वारा जारी शासनादेश विधि के खिलाफ है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ललित सामंत ने कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब वाटर सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड के मामले में अवधारित किया है कि अगर किसी कर्मचारी की सेवा शर्तें नियमावली से आच्छादित की गई हैं, तो सरकार ने कोई शासनादेश जारी कर नियमावली के खिलाफ नीतिगत निर्णय नहीं लिया जा सकता। अगर सरकार ऐसा करती है तो यह विधि के खिलाफ होगा। उच्च न्यायालय द्वारा मामले की सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय आलोक में याचिकाकर्ताओं की याचिकाएं स्वीकार करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा जारी रिकवरी आदेशों को निरस्त कर दिया गया है।

## रामनगर के खेल मैदान में नहीं होगी भजन संध्या, हाइकोर्ट ने खारिज किया प्रार्थना पत्र

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर के एकमात्र खेल मैदान में लगाई जा रही नुमाइश के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने मैदान में भजन संध्या की अनुमति नहीं देते हुए प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि खेल के मैदान को खेल का मैदान ही रहने दें। पूर्व में कोर्ट ने मैदान में व्यावसायिक कार्यों पर रोक लगा दी थी। जिस पर आज स्थानीय लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उन्हें मैदान में 22 जनवरी से चार दिन के लिए भजन संध्या करने की अनुमति दें। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। मामले के अनुसार सदाब उल हक रामनगर स्पोर्ट क्लब के सदस्यों ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि रामनगर के मथुरा दत्त प्रसाद हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान को 1913 में खेल गतिविधियों के लिए निशुल्क लीज पर दिया गया था। जिससे वहां पर खेल गतिविधियां हो सकें। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस खेल मैदान से कई खिलाड़ी नेशनल स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं या कर रहे हैं। वर्तमान में इस मैदान पर जो व्यावसायिक गतिविधियां की जा रही हैं, उससे खेल मैदान को क्षति पहुंचने के साथ ही खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। यह मैदान नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। जिसकी वजह से बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए इस रोक लगाई जाए।

## अक्षत वितरण टोली ने मुख्यमंत्री को दिया अयोध्या का निमंत्रण पत्र



**देहरादून,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। अक्षत वितरण टोली के सदस्यों ने श्री राम मंदिर अयोध्या से लाए गये पूजित अक्षत श्री राम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्रक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेंट किये। आज यहां अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व मुख्यमंत्री आवास में अक्षत वितरण टोली के सदस्यों द्वारा श्री राम मंदिर, अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्रक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेंट किये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम आगामी 22 जनवरी को श्री अयोध्या धाम में नव्यकृदिव्य मंदिर में विराजमान होंगे, जिसके अंतर्गत पूरे देश में धूमधाम से 'अक्षत कलश यात्रा' संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हम सब प्रभु श्री रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान होते हुए देखेंगे। मुख्यमंत्री को पूजाकृअर्चना के साथ टोली के सदस्यों चन्द्रगुप्त विक्रम, ज्ञानेश श्री गोविन्द, सतीश, नीरज गौड़ एवं अन्य लोगो ने पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्रक भेंट किये।

### सार संक्षेप

#### देहरादून में कोरोना के नए वैरिएंट की एंट्री

**देहरादून।** दून में कोरोना के नए वैरिएंट के मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में देहरादून में एक बुजुर्ग महिला की जीनोम सीक्वेंसिंग रिपोर्ट में कोरना के नए वैरिएंट की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि महिला रिकवर हो चुकी है और पूरी तरह से स्वस्थ है। इधर सर्दी के मौसम में इन्फ्लुएंजा के साथ ही स्वाइन फ्लू के मरीज लगातार पॉजिटिव आ रहे हैं। दून अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के मरीजों की पुष्टि हो रही है। स्वाइन फ्लू के एक मरीज की मौत भी हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब इन्फ्लुएंजा-ए के पॉजिटिव मरीजों की रिपोर्ट जारी नहीं की जा रही है।

#### राजाजी में जंगल सफारी आज से शुरू

**हरिद्वार।** राजाजी टाइगर रिजर्व के रेंजर समेत पांच लोगों की मौत होने के बाद बंद जंगल सफारी शुक्रवार से शुरू कर दी गयी। जंगल सफारी के लिए लापता वार्डन का शव मिलने का इंतजार किया जा रहा था। बृहस्पतिवार को वार्डन का शव मिल गया।सोमवार को हुए हादसे के बाद से तीन दिन से चीला समेत अन्य गेटों पर सैलानियों के लिए जंगल सफारी बंद की गई थी। जिससे जंगल सफारी के लिए आने वाले पर्यटकों को मायूस लौटना पड़ा। चीला में सन्नाटा पसरा रहा और खाने-पीने की दुकानें भी बंद रही। सफारी वेलफेयर सोसायटी के सचिव शशिराणा कोटी ने कहा था कि लापता वार्डन आलोकी का शव मिलने के बाद जंगल सफारी शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि शव मिलने के बाद अंतिम संस्कार हो गया है। शुक्रवार से जंगल सफारी का संचालन शुरू कर दिया गया।

#### सुप्रीम कोर्ट से संजय कुंडू को फिर राहत

**शिमला।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संजय कुंडू को उनके पद से हटाने के हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया, क्योंकि उन्होंने एक व्यवसायी पर दबाव बनाने की कोशिश की थी, जिसने अपनी जान को खतरा होने का दावा किया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने उच्च न्यायालय के 9 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली कुंडू की याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया, जिसने उन्हें पद से हटाने के पहले के निर्देश को वापस लेने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)। हालांकि, इस स्तर पर, उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखना अनुचित होगा जिसमें याचिकाकर्ता (कुंडू) को 26 दिसंबर, 2023 के पहले के आदेश के अनुसरण में डीजीपी के पद से स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया था, जिसकी पुष्टि की गई है वापस बुलाने के आवेदन को ख़ारिज किया जाए।

#### सुडोकू 6435 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |

## पंचायत प्रतिनिधियों के रौब के सामने अधिकारी भी पड़े बौने

- ग्राम पंचायतों से गायब हुए प्रधान, शहरों में डाले हैं डेरा,
- क्षेत्र पंचायत से लेकर जिला पंचायत सदस्य भी श्रीनगर और देहरादून की दौड़ में सबसे आगे,

■ अमरनाथ तिवारी

**रुद्रप्रयाग,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। जिले में ग्राम प्रधानों का रौब इतना है कि गांवों में विकास योजनाओं की महत्वपूर्ण बैठकें होने के बाद भी प्रधान इनमें उपस्थित होना उचित नहीं समझ रहे हैं, जबकि सरकार जनता के द्वार से लेकर जन संवाद कार्यक्रमों में भी इनकी उपस्थित कम ही देखने को मिल रही है। गांवों में रहने के बजाय प्रधान शहरी इलाकों में रहकर ही गांव का विकास देख रहे हैं, जबकि इस मामले में क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्य भी पीछे नहीं हैं। पंचायत प्रतिनिधियों के रौब के सामने अधिकारी भी बौने नजर आ रहे हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में कुल तीन विकासखंड हैं, जिनमें अगस्त्यमुनि, जखोली व ऊखीमठ शामिल हैं। तीनों ब्लाकों में कुल 336 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों के प्रधान गांव में रहने के बजाय शहरी इलाकों में डेरा डाले हुए हैं। इनके शहरों में डेरा डालने से ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्य प्रभावित हो गये हैं। जब सरकार जनता के द्वार, जन संवाद कार्यक्रम से लेकर अन्य कार्यक्रम गांव में होते हैं तो प्रधान जी गांव में रहने के बजाय किसी निजी कार्यक्रम का बहाना कहकर महत्वपूर्ण बैठकों में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जबकि जिले में रहने के बजाय श्रीनगर व देहरादून जैसे महानगरों में रहकर ऐशो आराम की जिंदगी जीकर गरीब जनता को परेशान कर रहे हैं। गांव में रहने वाले लोग अपने कार्यो को कराने के लिए लम्बे समय तक प्रधान जी का इंतजार करते हैं, जबकि समय अधिक होने पर उन्हें स्वयं प्रधान जी के पास जाना पड़ता है। स्थिति ऐसी हो गई है कि पति ही प्रधान पत्नी की मुहर लेकर घूम रहे हैं, जबकि कई महिला प्रधानों की जिम्मेदारी पति के अलावा देवर, रिश्तेदार भी संभ्भाल रहे हैं और जो बड़े घरानों से बने प्रधान हैं, वो शहरों में रहकर गरीब जनता को अपने पास बुलाकर कार्य करवा रहे हैं। इन दिनों सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गांव-गांव जाकर विकास योजनाओं की जनकारी जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्रामीण जनता की समस्याएं मौके पर सुनकर निस्तारण को कहा गया है। ऐसे में अधिकारी जब प्रधानगणों से संपर्क कर रहे हैं तो वे कार्यक्रम में आने के लिए पहले हां तो कह रहे हैं, मगर जिस दिन गांव में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, उस दिन किसी निजी कार्यक्रम में आवश्यक जाने की बात कहकर गांव में होने वाली महत्वपूर्ण बैठकों से पल्ला झाड़ रहे हैं। तीनों विकासखण्डों में ऐसी स्थिति देखने को मिल रही हैं।

## सूखी शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ाई

**देहरादून,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। मौसम के बदलते तेवरों से इस साल सर्दियों में बारिश न होने की वजह से बर्फबारी नहीं हुई है। बीते दो दिनों से सूखी शीतलहर के सक्रिय होने से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक भी बारिश-बर्फबारी के आसार नहीं है। ऐसे में पहाड़ों में पाला तो मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने से प्रदेश भर में लोगों को ठंड सताएगी।



मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलने से शीतलहर सक्रिय हो गयी है। यही वजह है कि पहाड़ से लेकर मैदान तक बिना बारिश-बर्फबारी के ठिठुरन बढ़ गई है। विंड चिल इफेक्ट की वजह से तेजी से तापमान गिरता है। ऐसे में जब व्यक्ति ठंड में बाहर खड़ा होता है तो उसके शरीर से गर्मी खत्म होने लगती है।मौसम विज्ञान

- आने वाले कुछ दिनों में बारिश के आसार नही

केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, विंड चिल इफेक्ट का सीधा असर तापमान पर पड़ता है। शीतलहर चलने से बारिश-बर्फबारी जैसी ठंड महसूस होती है। बारिश-बर्फबारी की बात करें तो अगले छह दिन तक बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। बारिश होने के बाद ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है।

### घने कोहरे के कारण सुबह एयरपोर्ट पर नही पहुंच पाई कोई फ्लाइट

देहरादून। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर घना कोहरा छाने के कारण सुबह एयरपोर्ट पहुंचने वाली कोई भी उड़ान एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाई। सुबह के वक्त देहरादून एयरपोर्ट पर अहमदाबाद और दिल्ली से दो फ्लाइट पहुंचती थी। देहरादून एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्र में बीती रात से ही घना कोहरा छाया हुआ है। आसपास के क्षेत्र में छाए घने कोहरे के कारण विजुअलिटी काफी गिर गई है।

## अतिक्रमण विरोधी में काले झंडे लेकर सड़कों पर उतरे व्यापारी

**हल्द्वानी,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश के बाद व्यापारी अलग-अलग तरीके से धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन को चेतावनी दे रहे हैं। इसी क्रम में आज व्यापारियों ने काला झंडा लेकर सड़कों पर धरना प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम को चेतावनी दी है कि अगर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई वापस नहीं ली गई, तो सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान को बंद कर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

बता दें कि व्यापारियों का आरोप है कि जिस जगह पर व्यापारी बैठे हुए हैं, वहां कई दशकों से अपना कारोबार करते आ रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन तुगलकी फरमान जारी कर उनको प्रताड़ित कर रहा है। जिला प्रशासन ने नैनीताल रोड चौड़ीकरण का आदेश जारी कर दिया है। नैनीताल रोड दोनों तरफ करीब 24 मीटर चौड़ी होनी है। सड़क चौड़ी करने के लिए जिला प्रशासन ने अतिक्रमण तोड़ने की भी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला प्रशासन सड़क चौड़ीकरण में आड़े आ रही सरकारी संपत्तियों को तोड़कर व्यापारियों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने



धरना व प्रदर्शन की दी चेतावनी

की चेतावनी भी दे चुका है। 15 जनवरी तक व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस भी जारी किए गए हैं। चौड़ीकरण के आड़े आ रहे करीब 70 दुकानों को तोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने फरमान भी जारी कर दिया है। ऐसे में दुकान तोड़े जाने के विरोध में हल्द्वानी के व्यापारियों ने एकजुट होकर जिला प्रशासन और हल्द्वानी नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

## एसएसपी ने 512 ग्राम प्रहरियों को गरम टोपी और जैकेट वितरित की

**रुद्रपुर,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। जनपद में शीतलहर और घने कोहरे का प्रकोप चल रहा हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में पुलिस ड्यूटी करता रहता हैं। पुलिस कर्मियों के कल्याण हेतु रिफ्लेक्टर जैकेट व हीटर समेत अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। वहीं एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले 512 ग्राम प्रहरियों को गरम टोपी और जैकेट वितरित की। ग्राम प्रहरी जो की पुलिस को निरंतर अपनी सेवाएं दे रहें है। एसएसपी ने बताया कि उनको सीएसआर स्कीम के माध्यम से पुलिस कल्याण के लिए ग्राम प्रहरियो को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए गरम टोपी व जैकेट वितरित की। एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों से कहा कि गांव में कोई भी संदिग्ध नजर आए तो इसकी सूचना नजदीक पुलिस स्टेशन को दें। एसएसपी के मुताबिक पुलिस कल्याण,पुलिस हित संबंधित कार्यों के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे। इस दौरान सीओ पंतनगर तपेश कुमार चंद्र, पेशकार सलाउद्दीन,आरआई वेद प्रकाश आदि मौजूद थे।



## साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद तेज

शिमला, 12 जनवरी (देशबन्धु)। सूबे में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद तेज हो गई है। साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की तरफ एक कदम आगे बढ़ाते हुए सरकार ने धर्मशाला के नजदीक त्रिउंड व अन्य ट्रैकिंग मार्गों पर प्रवेश व टेंटिंग शुल्क में 50 फीसद की कटौती कर दी है। साथ ही पंजीकृत स्थानीय टूरिस्ट गाइडों से किसी तरह का शुल्क सरकार नहीं लेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशों के बाद धर्मशाला वन वृत्त ने ट्रैकिंग रूटों पर शुल्क में कटौती का फैसला लिया है।

फैसले के बाद वन विभाग ने प्रवेश शुल्क दो सौ रुपये से कम कर 100 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन किया गया है। जबकि दो व्यक्तियों के लिए प्रवेश शुल्क सहित टेंटिंग शुल्क 1100 रुपये से घटाकर 550 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विविध साहसिक गतिविधियां नियमए 2021 के तहत पर्यटन विभाग से मान्यता प्राप्त विविध साहसिक गतिविधियां संचालकों के पंजीकृत स्थानीय गाइडों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पंजीकृत गाइडों को प्रोत्साहित करने के साथ.साथ क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। त्रिउंड धर्मशाला के नजदीक ट्रैकिंग करने वालों की पसंदीदा जगह है। शहरों के भीड़ भाड़ से दूर प्रकृति को करीब से निहारने वाले यहां पहुंचते हैं। मैक्लोडगंज के नजदीक मिनी इजरायल के नाम से मशहूर धर्मकोट से त्रिउंड की ट्रैकिंग शुरू होती है। यहां से त्रियुंड 10 किलोमीटर दूर है, हालांकि धर्मकोट से करीब डेढ़-दो किलोमीटर ऊपर गल्लू क्षेत्र है।

## मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में दो दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना

**शिमला,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में दो दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में 14 जनवरी तक कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 16 व 17 जनवरी को प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। आज भी उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों पर बारिश-बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है। उधर, आगामी दो दिनों के दौरान सुबह के समय मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। शुक्रवार सुबह भी कई क्षेत्रों में कोहरे की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

### ऊना में रिकॉर्ड हुआ सबसे ठंडा दिन और रात

वहीं, इस वर्ष की सर्दियों के मौसम में बुधवार रात और गुरुवार का दिन ऊना में सबसे ठंडा दर्ज हुआ। गुरुवार को ऊना में अधिकतम पारा 10 डिग्री और बुधवार रात को न्यूनतम तापमान दो डिग्री दर्ज हुआ। जिला में घना कोहरा पड़ने से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। विजिबिलिटी कम होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

### प्रमुख स्थानों का न्यूनतम तापमान

शिमला में न्यूनतम तापमान 9.0, सुंदरनगर -0.3, भुंतर -0.4, कल्पा 1.2, धर्मशाला 5.2, ऊना 0.2, नाहन 4.3, पालमपुर 3.0, सोलन 1.8, मनाली 1.2, कांगड़ा 3.3, मंडी -0.4, चंबा 2.9, डलहौजी 6.4, जुब्बड़हट्टी 7.9, कुफरी 8.1, कुकुमसेरी -8.9, नारकंडा 5.0, भरमौर 6.3, रिकांगपिओ 3.2, सेऊबाग 0.6, धौलाकुआं 6.3, बरठीं 1.2, समदो -5.1, पांवटा साहिब 8.0, सराहन 5.5 और देहरा गोपीपुर में 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर ऊना जिले में शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। कोहरे की मार ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। सर्द हवाओं के बीच लोहड़ी से एक दिन पहले शुक्रवार को बेहद कम लोग बाजार में खरीदारी करने पहुंचे। हालांकि, मूंगफली की थोक की दुकानों पर लोग खरीदारी करते नजर आए। सुबह व शाम के साथ अब दोपहर के समय भी लोग शीतलहर से जूझ रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में खासी परेशानी हो रही है। दुकानदार व अन्य कार्यस्थलों पर लोग हीटर व आग जलाकर सर्दी से बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं। गुरुवार की तरह शुक्रवार सुबह की शुरुआत भी घनी धुंध के साथ हुई। हालांकि, लोगों की उम्मीद थी कि दोपहर तक धूप खिलेगी और सर्दी से राहत मिलेगी।

## हर महीनें कर्ज लेना नहीं भूलती है सरकार: जयराम

- 13 महीनें के कार्यकाल में सरकार अब तक 13 हज़ार करोड़ से ज़्यादा का कर्ज़ ले चुकी सरकार

**शिमला,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष ने सूक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी चीज को लेकर गंभीर नहीं है सिवाय हर महीनें क़र्ज़ लेने के। महीना शुरू होने के पहले ही क़र्ज़ की अधिसूचना जारी हो जाती है। अभी सरकार को बने एक साल और महीना ही हुआ है और सरकार ने एक हज़ार करोड़ और क़र्ज़ लेने की अधिसूचना जारी कर दी। अपने 13 महीनें के कार्यकाल में सरकार अब तक 13 हज़ार करोड़ से ज़्यादा का कर्ज़ ले चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के एक भी काम नहीं कर रही है तो कर्ज़ किसलिए लिया जा रहा है। जो कांग्रेस हर दिन बीजेपी सरकार पर कर्ज़ को लेकर शोर मचाती थी आज वह हर दिन के साथ क़र्ज़ लेने का रिकॉर्ड क्यों बना रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस सरकार में कोई भी गंभीर नहीं है। अस्पतालों में जाँच करने वाली लैब के पैसे बकाया करने के कारण लैब ने जांच बंद कर दी और तीन दिन तक मरीज़ जाँच के लिए इधर-उधर भटकते रहे। निजी जाँच केंद्रों में जाकर मोटी रक़म खर्च करते रहे। जब लोग पूरी तरह परेशान हो गये तब जाकर सरकार ने लैब की अथॉरिटी के साथ बातचीत की और गतिरोध ख़त्म हुआ। जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि आख़िर यह काम पहले क्यों नहीं हुआ? पहले ही इस मसले का समाधान क्यों नहीं निकाला गया। पहले से बातचीत क्यों नहीं की गई। क्या सरकार प्रदेश के लोगों की जान आफ़त में डाले बिना किसी समस्या का हल नहीं निकाल सकती है। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि अस्पतालों में जाँच से जुड़ी समस्या का सरकार ने स्थाई समाधान किया होगा। एक दो हफ़्ते बाद फिर से ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार कह रही है कि उसने ओपीएस दे दी तो आज दस हज़ार से ज़्यादा कर्मचारी सड़कों पर क्यों है। सरकार को झूठ बोलना अपनी पॉलिसी बनाना बंद करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने शिमला में भवन निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा एनजीटी के ढाई मंज़िला भवन निर्माण की सीलिंग को रद्द कर 21 मीटर की ऊँचाई तक भवन निर्माण को मंज़ूरी देने के फ़ैसले की सराहना करते हुए कहा कि इस निर्णय के ख़िलाफ़ हम सुप्रीम कोर्ट गए थे। इस निर्णय से भवन निर्माण में लोगों को सहूलियत होगी।

# प्रादेशिकी

## अनुपम दुबे गिरोह पर आरोप पत्र दाखिल, 113 करोड़ की कुर्की

**फर्रुखाबाद,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने राज्य स्तरीय माफिया अनुपम दुबे के गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में 1135 पृष्ठों का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया है। पुलिस की जबरदस्त कार्रवाई से अनुपम दुबे के परिवार का साम्राज्य ध्वस्त हो गया है। मालूम हो कि 13.11.2021 को कोतवाली फर्रुखाबाद के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल द्वारा कोतवाली फर्रुखाबाद पर उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें अनुपम दुबे पुत्र महेश चन्द्र दुबे नि. हाल पता मो. कसरट्टा थाना कोत) फतेहगढ़ मूल निवासी ग्राम सहसापुर थाना मोहम्मदाबाद अनुराग दुबे उर्फ डब्बन दुबे,पंकज रस्तोगी उर्फ वंशी रस्तोगी पुत्र पन्नालाल रस्तोगी निवासी बृन्दावन गली थाना कोतवाली फर्रुखाबाद को आरोपी बनाया गया था।

# उप्र के हर गांव में बन रहे खेल के मैदान : योगी

**लखनऊ/गोरखपुर,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल महाकुंभ के आयोजनों से देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। इसी माहौल को और शानदार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश गांव-गांव में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। खिलाड़ियों को सभी संसाधन और सुविधा देने के साथ खेल की उनकी उपलब्धियों को भारी पुरस्कार राशि और सरकारी नौकरियों से जोड़ रही है।

■ **सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में विजयी खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार दोपहर बाद जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल एवं लोक कला महाकुंभ के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबाल, एथलेटिक्स और कुश्ती के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करीब सात साल पहले तक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। पर, आज हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम बन रहे हैं।

हर गांव में खेलों को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो रही है। गांवों में 80 हजार युवक मंगल दलों व महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित किए जा चुके हैं। गांवों में पंचायत सचिवालयों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़कर युवाओं को सभी सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो बातें कल्पना से दूर थीं आज वह हकीकत हैं। आज जंगल कौड़िया में कॉलेज के साथ खेल प्रतिभाओ के लिए ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के नाम से सभी सुविधाओं से युक्त स्टेडियम और स्थानीय कलाकारों के लिए आडिटोरियम बन चुका है। योगी ने सांसद खेल महाकुंभ के सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की



प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से बना खेलों का माहौल : योगी

कामना करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए युवाओं को पाठ्यक्रम के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की ओजस्विता का स्मरण कराते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के गौरव को वैश्विक मंच तक पहुंचाया था। खेल के साथ सांसद स्पर्धा में वाद्य, गायन, नृत्य, नाटक आदि विधाओं के कलाकारों को भी मंच उपलब्ध कराने के लिए सीएम ने सांसद रविकिशन की सराहना की। इस अवसर पर सीएम योगी ने गोरखपुर में विकास से आए बदलाव की भी चर्चा की। उन्होंने कहा गोरखपुर का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कल्पना से परे है। यहां खाद कारखाना शुरू हो गया है। एम्स बन गया है। जंगल कौड़िया से नेपाल तक जाने वाली सड़क 4 से 6 लेन तक बन रही है।

कहीं इंटर कॉलेज, पॉलिटेक्निक तो कहीं आईटीआई बन रहे हैं। जनता और युवाओं की आवश्यकता के अनुरूप सभी कार्य कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को मकर संक्रांति (खिचड़ी) और 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगों को उनकी जिम्मेदारी भी अनुरोध पूर्वक समझाई।

### उत्तर प्रदेश खेल नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश खेल नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य है। इस नीति के तहत सरकार ने ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि गत एशियाड में चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रदेश की खिलाड़ी पारुल चौधरी ने अपनी जीत की प्रेरणा को लेकर प्रदेश की खेल नीति को श्रेय दिया है। पारुल ने कहा था कि उन्हें गोल्ड मेडल जीतने पर डिप्टी एसपी की नौकरी देने की यूपी सरकार की घोषणा पर पूरा यकीन था और इसी यकीन ने उनके अंदर ऐसा जोश भर दिया कि उन्होंने चीन की खिलाड़ी को पीछे छोड़ स्वर्ण पदक जीत लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों का खेल नीति पर यह विश्वास हमारे लिए एक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ओलंपिक एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर छह करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि घोषित के रखी है। रजत व कांस्य पदक पर भी बड़ी धनराशि का पुरस्कार तय करने के साथ एशियाड, कामनवेल्थ और विश्व चैंपियनशिप में भी विजेताओं को नकद पुरस्कार का प्रावधान है। सरकार खिलाड़ियों को नौकरी देने के साथ ही खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में विद्युत सखी का चयन कराया जाएगा : केशव

**लखनऊ,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त कैडरों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर वार्ता की। उप मुख्यमंत्री ने बीसी सखियों, विद्युत सखियों व कैडर के लोगों से वार्ता करते जहां उनके क्रियाकलापों के उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण गुर बताए, वहीं उनमे नयी ऊर्जा व नए उत्साह का संचार भी किया। उन्होंने विभिन्न सखियों से सीधा संवाद करते हुए फील्ड में हो रहे कार्यों का फीडबैक लिया, उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनका उत्साहवर्धन भी किया। सफाई व स्वच्छता के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन की विस्तार से चर्चा करते हुए समूहों से भी स्वच्छता अभियान में प्राण प्रण से सहभागिता करने की अपील की। और कहा कि हर ग्राम -अयोध्या धाम, हर मन्दिर-श्री राम मंदिर के भाव के साथ 14 से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान चलायें। कहा सभी दीदियां 22 जनवरी को को अपने घरों में दीपावली मनायें, इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करें, समूह की दीदियां दीपक बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लायें, रंगोली सजायें और उनकी फोटो/वीडियो क्लिप बनाए, उसे सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करें और मुख्यालय भी भेजें। उप मुख्यमंत्री ने दीदियों से संवाद करते हुये कहा कि समूहों की सभी



■ **समूहों के कारोबार को बढ़ाने के भरसक प्रयास किए जाएं**
■ **महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार बेहद संवेदनशील**
■ **समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता और अधिक बढ़ाना है**

दीदियां 'नमो ऐप' डाउनलोड करें। इसके लिए उन्होंने रेफरल कोड को भी साझा किया।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में बीसी सखी का चयन नहीं हो पाया है, वहां बहनों को आवेदन व प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराया जाए, जिससे सरकार के वन जीपी-वन बीसी (प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक बी सी सखी) के लक्ष्यों पूर्ण किया जा सके। इसी तरह प्रत्येक ग्राम पंचायत में विद्युत सखी का चयन कराया जाए।

## सार संक्षेप

### मेरठ पब्लिक स्कूल समूह ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**मेरठ।** मेरठ पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन राष्ट्रीय



युवा दिवस के रूप में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने देश भक्ति के भावों से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शाखाओं में प्रधानाचार्यों ने समस्त प्रबंध समिति की ओर से स्वामी विवेकानंद के मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया और स्वामी विवेकानंद जी के संदेश उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य न प्राप्त हो जाए के आधार पर भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने पर जोर दिया।

### दो सप्ताह का क्षमता सवर्द्धन कार्यक्रम का आयोजन

**मेरठ।** आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित एवं चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 11 से 22 जनवरी तक दो सप्ताह का क्षमता सवर्द्धन कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम समन्वयक प्रो.दिनेश कुमार, प्रो.अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया, जिसके उद्घाटन दिवस पर मुख्य वक्ता प्रो.शक्ति कुमार जेएनयू दिल्ली, गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. निधि शर्मा, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि संजीव शर्मा, डीन फैकल्टी ऑफआर्ट, बीरपाल सिंह, भौतिक विज्ञान, विघ्नेश त्यागी, इतिहास विभाग, आलोक कुमार, समाजशास्त्र विभाग, अतवीर सिंह, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम दिनेश कुमार ने दो सप्ताह का क्षमता सवर्द्धन कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।

### रसायन विभाग में टेबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के निर्देशन में रसायन विभाग में में सरकार कपहपशक्ति, स्वामी विवेकानंद युवा आधिकारिक योजना के माध्यम से छात्रों को टेबलेट वितरण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया स इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर आरके सोनी द्वारा मुख्य अतिथि शॉल द्वारा सम्मान किया गया। समारोह के दौरान राजेंद्र अग्रवाल ने छात्रों के समक्ष स्वामी विवेकानंद का मेरठ का वृतांत सुनाया स जिसमें उन्होंने बताया स्वामी विवेकानंद पुस्तक पढ़ने के बहुत शौकीन थे तथा वह बहुत जल्दी सब पुस्तक पढ़ लेते थे उन्होंने बताया हम लोगों में बहुत बड़ी मेंटल एबिलिटी होती है जिसका कोई विकल्प नहीं होता और आजकल चल रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ हमारी मेंटल एबिलिटी की ही उत्पत्ति है स हमें उसका इस्तेमाल करना चाहिए।



# जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

**मेरठ,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नुपुर गोयल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदया व अन्य अधिकारीगण एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक का संचालन दीपेन्द्र कुमार उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया। बैठक एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सहायक नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया सरस्वती इण्ड एरिया में शेष सडक निर्माण हेतु नगर निगम की आगामी 15वीं वित्त आयोग की बैठक में प्रस्ताव पास किया जाएगा, तद्नुसार कार्यवाही की जाएगी। ट्रांसपोर्ट नगर में सफाई व्यवस्था एवं नगर निगम को पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। स्पोर्ट्स गुड्स काम्पलेक्स एवं मोहकमपुर फेस-प्रथम में अवैध रूप से संचालित डेरियों पर जुर्माने की कार्यवाही कराते हुए केटल कॉलोनी में शिफ्ट करने हेतु करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को पूर्व में दिए ये निर्देश के कम में पुनः निर्देशित किया गया कि तत्काल भीतिक सर्व कराकर समस्या का समाधान कराएं।

# युवाओं को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए : सरोजिनी अग्रवाल

**मेरठ,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। नेहरू युवा केंद्र द्वारा परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के परिसर में कॉलेज के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. सरोजनी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजयुमो सुखविंदर सोम, एमआईटी के चेयरमैन विष्णु सरन, जिलाध्यक्ष भाजयुमो मोहन गुर्जर किनौनी, नेहरू युवा केंद्र कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र त्यागी, भाजयुमो क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी ने दीप प्रज्वलित एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

■ **नेहरू युवा केंद्र मेरठ द्वारा एमआईटी में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित**

इस दौरान जिले से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने चरित्र और कार्यों से देश-विदेश में पहचान बनाई। आज के युवा



स्वामी विवेकानन्द के बताए मार्ग पर चलें तो विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। युवाओं को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान अतिथियों ने विकसित भारत विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम विजेता अनुष्का चपराना को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



# संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा भेजने पर जताई खुशी

**मेरठ,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के सांसद व उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा मिलने के बाद उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता न केवल उत्साह में डूबे हुए हैं बल्कि हर्ष और उल्लास के साथ अपनी प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं. आज पूरे उत्तर प्रदेश में कमोबेश उत्साह का ही माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी मेरठ के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर अपने पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को इस बात की बधाई दी कि उन्होंने दोबारा से फिर से एक बार उत्तर प्रदेश के नेता गरीबों मजलूमों की बुलंद आवाज संजय सिंह को राज्यसभा भेजने का काम किया है।

# स्वामी विवेकानन्द युवाओं के प्रेरणा स्रोत : शर्मा

**मेरठ,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के महर्षि अरबिंदो सुभारती कॉलेज और प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान अस्पताल द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयन्ती मनाई गई। श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती को

■ **महर्षि अरबिंदो सुभारती कॉलेज में मनाई गई विवेकानन्द की जयंती**

राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के लिए हार्टफुलनेस ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से आगामी यूथ यूनाइट कार्यक्रम में एक विशिष्ट भागीदारी रही। सर्वप्रथम बीएनवाईएस के छात्रों द्वारा शिववेकानन्द वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की।

स्वागत सम्बोधन स्वामी विवेकानंद पीठ के संयोजक एवं भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. तुष्टि शर्मा ने किया। अपने संबोधन में कहा कि समानता-असमानता के बीच स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ। विवेकानन्द ज्ञान और विचारों में ओत-प्रोत करने वाले युवाओं के प्रेरणास्रोत है। युवा पीढ़ी आज जो उच्च



शिक्षा के पायदान पर कदम रख रही है उन्हें भावी भारत का सही निर्माण करना है। इसके लिए उन्हें जरूरी है स्वामी विवेकानन्द के विचारों एवं साहित्यिक कृतियों से रुबरू होना। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि राष्ट्र झोपड़ियों में बसता है। स्वामी विवेकानन्द ऐसा स्मरण कराते हैं। उनका मानना है कि कोई भी मतवाद हमारा तब तक उद्धार नहीं कर सकता जब तक हम स्वंय मनुष्योचित चरित-बल प्राप्त न कर लें। विवेकानंद ने मनुष्य को तरह-तरह के बंधनों से मुक्त रहकर सही मनुष्य बनने की सलाह दी तथा समन्वय विचारधारा की बात की है। विवेकानंद ने कहा है कि मनुष्य निर्माण करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है।

### राष्ट्रीय पद्धति पर आधारित शिक्षा को हमें घर-घर पहुंचाना है : थपलियाल

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल ने कहा कि राष्ट्रीय पद्धति पर आधारित शिक्षा को हमें घर-घर पहुँचाना है ऐसा विवेकानंद का मानना था। ध्यान एक आंतरिक यात्रा है। इस आंतरिक यात्रा में, मन को शांति और समर्थन की ओर मोड़ने का मौका है। यह स्वाभाविक ध्यान के माध्यम से अपने आत्मा के साथ मिलन का समय है, जो आपको आत्म-समर्पण और स्वयं का साक्षात्कार करने की दिशा में ले जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुपम अग्रवाल समन्वयक और फैसिलिटेटर, हार्टफुलनेस ऑर्गनाइजेशन, यू.पी. ने युवा दिवस पर कहा कि विवेकानन्द हमेशा शिक्षा पर जोर देते हुए कहते थे कि हमे ऐसी शिक्षा चाहिए जो सर्वांगीण विकास के साथ-साथ हमें मनुष्य भी बनाये रखें। विंध्या गोयल, समन्वयक, युवा उत्तर प्रदेश ने अपने व्यतव्य के कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व समृद्ध, गहन एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

# विनायक विद्यापीठ में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक गणों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या अनुप्रिता शर्मा ने कहा कि देश की युवा शक्ति को स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की दूरदर्शी सोच ने विश्व में भारत का डंका बजाया। वही निदेशक इंजी. विकास कुमार ने कहा आज का दिन युवा शक्ति के लिए अविस्मरणीय है। यह एक ऐसे व्यक्तित्व को याद करने का समय है जो भारत ही नहीं बल्कि समूचे विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे। इसी दौरान एक मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.



अनुप्रिता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र एवं छात्राए हाथों में नारे लिखी तख्ती लेकर चल रहे थे जिन पर पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था और नारे भी लगा रहे थे। प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने कहा कि इस रैली को निकालने का हमारा मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को अपने मतदान के प्रति जागरूक करना था।

**आयोजन** *स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर वेंक्टेश्वरा में युवा महोत्सव-2024 का शानदार आगाज*

# दौ सौ यूनिट से अधिक रक्त संचय कर युवाओं ने लिया जीवन बचाने का संकल्प

**मेरठ,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालयध्संस्थान में युवाओं के प्रणेता, युग प्रवर्तक, भारतीय संस्कृति के वैश्विक संवाहक स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर वेंक्टेश्वरा युवा महोत्सव-2024 का शानदार शुभारम्भ हुआ। तीन दिनो तक चलने वाले इस युवा महोत्सव में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन, रक्तदान शिविर, यातायात जागरूकता, महिला सशक्तीकरण समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वेंक्टेश्वरा संस्थान के सीवी रमन सभागार में वेंक्टेश्वरा युवा महोत्सव-2024 का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, अपर जिलाधिकारी, सुरेन्द्र सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके एवं स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाकर भारत को विश्व पटल पर विश्व गुरू के रूप में स्थापित किया। उन्होंने युवाओं से



उनके आदर्शो पर चलकर देश सेवा करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आज पहले दिन एकता दौड़, यातायात जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर व रस्साकाशी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि अकेले स्वामी ने देश की छवि को विश्व पटल पर पाश्चात्य देशो के सामने विश्व गुरू के रूप में प्रस्तुत कर भारत का मान बढाया, निसन्देह वो 'यूथ आईकन' है। हमे उनके दिखाए गए शान्ति सदभाव एवं वैश्विक एकता के मार्ग

■ **भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर अंकित कराने वाले पहले महामानव थे विवेकानन्द : सुधीर गिरि**
■ **युवाओं के आर्दश, विश्व शान्ति के संवाहक स्वामी विवेकानन्द के विचार आज भी प्रांसगिक : डॉ. राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति**

पर चलकर पूरी दुनिया का सिरमौर बनने की ओर जाना है।

इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर. एस. शर्मा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, सी.ओ.ई. डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, परिसर निदेशक डॉ प्रताप सिंह, डॉ संजय तिवारी, बृजपाल सिंह, दीपक कुमार, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे।

# लिपिक के घर एंटी करप्शन टीम ने ली तलाशी

**फर्रुखाबाद,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। फतेहगढ़ स्थिति विकास भवन के रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए लिपिक की गिरफ्तारी के कई दिनों बाद एंटी करप्शन टीम ने उसके घर की गहन तलाशी ली। बताते चलें कि विकास भवन के कमरा नम्बर 28 में पंचायत राज विभाग के कार्यालय में तैंनात लिपिक लिपिक राकेश वर्मा निवासी नोंनमगंज कादरी गेट को एंटी करप्शन कानपुर की टीम नें रंगे हाथों 10 हजार की रिश्वत लेते बीते 20 दिसम्बर 2023 को गिरफ्तार किया था। लिपिक के मकान पर एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने छानबीन की। जांच टीम में एंटी करप्शन थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह, विवेचक सुशील पारासर सहित कई पुलिसकर्मीयों ने दूसरी मंजिल पर लिपिक के कमरे में दस्तावेजो को खंगाला।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, शनिवार, 13 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर के नाम पर वीर रखा अपने नवजात घोड़े का नाम

**मुंबई।** एक्टर रणदीप हुडा ने पुणे से लौटते समय मुंबई और लोनावाला के बीच स्थित अस्तबल में अपने घोड़े से मुलाकात की। रणदीप अपने पुराने घोड़े रोमेल से मिले, उनकी घोड़ी ड्रीम गर्ल, जिसके बच्चे होप का नाम रणदीप की मां आशा के नाम पर रखा गया है, के पास एक शिशु नर घोड़ा था, जिसे रणदीप ने पहली बार देखा था। रणदीप बच्चे के साथ खेले और उसकी हृष्ट-पुष्टता, शालीन एथलेटिक्स और स्वभाव को देखकर क्रांतिकारी वीर सावरकर के नाम पर उनका नाम वीर रख दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या नाम उनकी नवीनतम फिल्म 'वीर सावरकर' से प्रेरित है, तो रणदीप ने साझा किया, आखिरकार मुझे अपनी ड्रीम गर्ल के नए बच्चे को देखने का समय मिल गया।

### हृदय स्वास्थ्य सुधार को लेकर वैज्ञानिकों का खुलासा

# हृदय स्वास्थ्य सुधार से जुड़ी है रक्त में 'सीसे के स्तर' में कमी

**सैन फ्रांसिस्को,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि 'रक्त में सीसे के स्तर' (ब्लड लेड लेवल) में छोटी गिरावट अमेरिकी भारतीय वयस्कों में दीर्घकालिक हृदय स्वास्थ्य सुधार से जुड़ी थी।



**रोजाना 30 मिनट व्यायाम करना, नमक का सेवन कम करना, जीवनशैली में बदलाव से स्वास्थ्य में सुधार**

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में जिन प्रतिभागियों के रक्त में सीसे के स्तर में सबसे बड़ी कमी देखी गई, उनके सिस्टोलिक रक्तचाप में लगभग 7 मिलीमीटर मरकरी की गिरावट देखी गई, जो रक्तचाप कम करने वाली दवा के प्रभाव के बराबर थी।

कोलंबिया मेलमैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में पीएचडी सहायक प्रोफेसर ऐनी ई. निग्रा ने कहा कि हमने देखा कि किसी व्यक्ति के रक्त में सीसे के स्तर में थोड़ी सी भी कमी से स्वास्थ्य पर सार्थक परिणाम हो सकते हैं।

सिस्टोलिक रक्तचाप में सुधार देखने के अलावा शोधकर्ताओं ने पाया कि रक्त में सीसे के स्तर में कमी 'हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी' और 'हृदय विफलता' से जुड़े मार्कर में कमी के साथ जुड़ी हुई थी।

अध्ययन की शुरुआत में, प्रतिभागियों के रक्त में सीसा का औसत स्तर 2.04 प्रति माइक्रोग्राम/ डेसीलीटर था। पूरे अध्ययन के दौरान, औसत रक्त सीसे का स्तर 0.67 प्रति डेसीलीटर या 33 प्रतिशत कम हो गया।

अध्ययन में कहा गया है कि जिन प्रतिभागियों के रक्त में औसत सीसा स्तर 3.21 माइक्रोग्राम/ डेसीलीटर था और जिन्होंने लगभग 1.78 माइक्रोग्राम/ डेसीलीटर या 55 प्रतिशत की कमी का अनुभव किया था, उनमें सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन सिस्टोलिक रक्तचाप की कमी से जुड़े थे।

अध्ययन के अनुसार, सबसे महत्वपूर्ण बदलाव, उन प्रतिभागियों द्वारा वर्गीकृत किए गए, जिनके रक्त में औसत सीसा स्तर 3.21 माइक्रोग्राम प्रति डेसीलीटर था और जिन्होंने लगभग 1.78 माइक्रोग्राम प्रति डेसीलीटर या 55 प्रतिशत की कमी का अनुभव किया, वे सिस्टोलिक रक्तचाप में 7 मिलीमीटर मरकरी एचजी की कमी से जुड़े थे।

नेशनल हार्ट, लंग और ब्लड इंस्टीट्यूट में महामारी विशेषज्ञ मोना पुग्गल, एमपीएच ने कहा कि यह एक संकेत है कि इन समुदायों में रक्त में सीसे के स्तर को कम करने के लिए जो कुछ भी हो रहा है वह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तचाप में कमी उन सुधारों के बराबर है, जो आप जीवनशैली में बदलाव के साथ देखेंगे, जैसे कि रोजाना 30 मिनट व्यायाम करना, नमक का सेवन कम करना या वजन कम करना। शोधकर्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अन्य समुदायों में इन निष्कर्षों की जांच करना और विशेष रूप से जोखिम और हृदय रोग के उच्च जोखिम वाले अन्य आबादी में सीसे के जोखिम को कम करने के अतिरिक्त तरीकों की तलाश करना भी महत्वपूर्ण है।

## नम्रता सेठ ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार के बारे में किया खुलासा



**मुंबई,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। अपकमिंग शो 'कर्मा कॉलिंग' में कर्मा तलवार का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस नम्रता सेठ ने सीरीज में अपने लुक के बारे में खुलासा किया है और बताया है कि कैसे फैशन स्टाइल अपना खेल खेलती है। 'गिल्टी माइंड्स' फेम एक्ट्रेस ने बताया कि 'कर्मा कॉलिंग' में उनका लुक बेहद दिलचस्प है, क्योंकि कर्मा एक ऐसी इंसान है, जिसमें काफी खूबियां है, उसने सब कुछ खो दिया और जीवन में लंबे समय तक उसके पास कुछ भी नहीं था। कर्मा की शैली को समझाते हुए, नम्रता ने कहा कि वह इस समाज की दुनिया में वापस आने का फैसला करती है जहां उसे एक भूमिका निभानी है। हमने अभी भी उस लालित्य और अतिसूक्ष्मवाद को बरकरार रखा है जो उसके व्यक्तित्व को परिभाषित करता है। हमने कर्मा के लुक को बहुत ही खूबसूरत, आधुनिक और क्लासी रखा है जो मेरे स्टाइल से मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा कि स्क्रीन पर मेरे सभी आउटफिट्स मुझे बहुत पसंद आए। मुझे किसी भी बड़े फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से नहीं गुजरना पड़ा, क्योंकि मेरी बॉडी टाइप और कर्मा के लिए बॉडी टाइप पूरी तरह से समान है। 'गुड बैड गर्ल' फेम एक्ट्रेस ने कहा कि मैं हमेशा फिट रही हूं, अपने डाइट और एक्सरसाइज का ख्याल रखती हूं, इसलिए लुक के लिहाज से मुझे लगता है कि मैं इस किरदार के लिए पूरी तरह से फिट हूं। सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में अलीबाग की रानी इंद्राणी कोठारी (रवीना टंडन) शामिल हैं, जो कर्मा तलवार (नम्रता) से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। आर.ए.टी फिल्म्स द्वारा निर्मित और रुचि नारायण द्वारा निर्देशित, सीरीज में रवीना टंडन, नम्रता शेठ, वरुण सूद के साथ-साथ गौरव शर्मा, वलूशा डिसूजा, एमी एला, विराफ पटेल, पीयूष खाती प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## हेरिटेज वॉक के साथ तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव शुरू



**जयपुर,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बीकानेर जिले में हेरिटेज वॉक के साथ शुक्रवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव शुरू हुआ। महोत्सव के पहले दिन देशी-विदेशी पर्यटक लोक संस्कृति के इस जश्न में डूबे नजर आए। उत्सव की शुरुआत रामपुरिया हवेली से हुई, जिसमें सजे-धजे ऊंट, पारंपरिक रंग-बिरंगी पोशाकें पहने महिलाएं और लोक कलाकार हेरिटेज वॉक में शामिल हुए। स्थानीय लोक कलाकारों ने लोकगीतों के साथ-साथ रम्मतों के दौरान गाए जाने वाले गीत और नृत्य प्रस्तुत कर स्थानीय संस्कृति का परिचय दिया।



हेरिटेज वॉक के दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह फूल बरसाकर और रंगोली सजाकर अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। सिटी पार्क में उत्सव जैसा माहौल बन गया। हेरिटेज वॉक देखने के लिए सुबह बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग पहुंचे। पदयात्रा रामपुरिया हवेली से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए राव बीकाजी की टेकरी पर समाप्त हुई। बीकाजी की टेकरी पर पर्यटन विभाग द्वारा प्रतिभागियों के लिए रंगोली, मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।

## 'प्यार का पहला अध्याय' के सेट पर हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है : आन तिवारी

**मुंबई,** 12 जनवरी (एजेंसियां। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में कार्तिक की भूमिका निभाने वाले बाल कलाकार आन तिवारी ने साझा किया कि कहानी में उनकी भूमिका वास्तव में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह सेट पर हर दिन कुछ नया सीख रहे हैं। आन, जो 'बाल शिव' में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, ने कहा कि वह 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' का हिस्सा बनने का अद्भुत अवसर पाने के लिए आभारी हैं।



उन्होंने कहा कि मेरी भूमिका वास्तव में महत्वपूर्ण है, और मेरी एंट्री से शिव और शक्ति अलग हो जाएंगे, जिससे बहुत सारा ड्रामा पैदा होगा। मेरा अर्जुन बिजलानी सर और निक्की शर्मा मैडम जैसे अभिनेताओं के साथ काम करके बहुत अच्छा समय गुजर रहा है। मैं सेट पर हर दिन कुछ नया सीख रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक मेरे किरदार को उतना ही पसंद करेंगे जितना वे शो को पसंद करते हैं। स्टूडियो एलएसडी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में अर्जुन ने शिव और निक्की ने शक्ति की भूमिका निभाई है।

हाल के एपिसोड में, दर्शकों ने देखा कि कैसे शिव और शक्ति की शादी की भव्य तैयारी शुरू हो गई है। यह जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## आईओएस यूजर्स को अपनी फोटोज को स्टिकर में बदलने की सुविधा दे रहा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने एक नई सुविधा देना शुरू कर दिया है। जो आईओएस यूजर्स को खुद का स्टिकर बनाने, एडिट और शेयर करने की सुविधा देता है। व्हाट्सएप ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा कि अब आप अपनी तस्वीरों को स्टिकर में बदल सकते हैं या मौजूदा स्टिकर को एडिट कर सकते हैं। अब इसे आईओएस पर शुरू किया जा रहा है।




व्हाट्सएप के एडिटिंग टूल के साथ, आप स्टिकर को टेक्स्ट, ड्राइंग और अन्य स्टिकर को कवर करने की क्षमता के साथ कस्टमाइज कर सकते हैं। जब आप कोई कस्टम स्टिकर भेजते हैं, तो यह स्वचालित रूप से आपके स्टिकर ट्रे में सेव हो जाता है ताकि आप जब चाहें इसका पुन: उपयोग कर सकें।

किसी फोटो से स्टिकर बनाने के लिए, सबसे पहले टेक्स्ट बॉक्स के दाईं ओर स्टिकर पर क्लिक करके अपने स्टिकर ट्रे तक पहुंचें। वहां से 'स्टिकर बनाएं' विकल्प पर क्लिक करें और अपनी गैलरी से एक फोटो चुनें। फिर आप एक कटआउट का चयन करके और उसमें टेक्स्ट, अन्य स्टिकर या चित्र जोड़कर अपने स्टिकर को पर्सनलाइज्ड कर सकते हैं। जब आपका काम पूरा हो जाए, तो आप अपना स्टिकर भेज सकते हैं।

इसी बीच व्हाट्सएप कथित तौर पर एक नया 'मेटा सत्यापित' सदस्यता विकल्प विकसित कर रहा है जो व्यवसायों को सत्यापित बैज प्राप्त करने के लिए इसकी सदस्यता लेने की अनुमति देगा। यह सदस्यता व्हाट्सएप प्रीमियम की पिछली सदस्यता की जगह लेगी, जिसमें एक कस्टम बिजनेस लिंक और 10 डिवाइस तक लिंक करने की क्षमता शामिल थी।

## हिंदुत्व में अनूप जलोटा के साथ नजर आएगी दीपिका चिखलिया

**मुंबई,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। टीवी धारावाहिक रामायण में माता सीता की भूमिका के जरिये लोगों के बीच खास पहचान बनाने वाली दीपिका चिखलिया भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी की फिल्म हिंदुत्व में नजर आएगी।

दीपिका चिखलिया ने कहा कि हमने तो उस दौर में हर घर में भगवान और हिंदुत्व को पहुंचाया था जिस दौर में भारत मे सेक्युलरिज्म चरम पर था। अब तो खै़र हालात भी उतने मुश्किल नहीं रहे। हमें गर्व होना चाहिए अपनी हिंदुत्व वाली संस्कृति पर। यह वसुधैव कुटुम्बकम वाली परम्परा है और हमें अपनी हिंदुत्व वाली परम्परा का निरन्तर निर्वहन करते रहना है ।

फ़िल्म हिंदुत्व के निर्देशक करण राजदान ने बताया कि हमारे पास जब इस विषय को लाया गया तभी हमने निर्णय ले लिया था कि इस विषय पर हम दुनिया के सामने एक बेहतरीन फ़िल्म बनाकर लाएंगे। हिंदुत्व सिर्फ हमारी फ़िल्म नहीं है, यह 110 करोड़ हिंदुओं की पीड़ा और संवेदना है।

टैग प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। हिन्दुत्व के लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है।

## सोनी एंटरटेनमेंट के महाधारावाहिक 'श्रीमद रामायण' में प्रस्तुत की गई भगवान राम की अमर कथा

**नई दिल्ली** 12 जनवरी (एजेंसियां)। इस सप्ताह, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की महा गाथा 'श्रीमद रामायण' में अयोध्या के महान राजकुमार भगवान राम (सुजय रेऊ ) को साहस, आत्म-खोज और धार्मिकता से भरी एक मनोरम यात्रा पर निकलते देखा जाएगा। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद, दर्शक भगवान राम और उनके पिता, राजा दशरथ (आरव चौधरी) के आनंदमय पुनर्मिलन को देखेंगे। हालाँकि, यह पुनर्मिलन पल भर का है, क्योंकि भगवान राम और उनके वफादार भाई लक्ष्मण (बसंत भट्ट) को ऋषि विश्वामित्र द्वारा खतरनाक ताड़का का सामना करने के लिए निर्देशित किया जाता है, जिसे टेलीविजन अभिनेता अंशा सैयद ने निभाया है, जबकि भरत (निखलेश राठौड़) और शत्रुघ्न (सामर्थ्य गुप्ता) आगे की ट्रेनिंग के लिए प्रस्थान करते हैं। अंशा सैयद, सी.आई.डी. में सब-इंस्पेक्टर पूर्वी का किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं। एक शक्तिशाली और डरावनी राक्षसी ताड़का की भूमिका निभाएंगी। ताड़का के साथ मुठभेड़ न केवल भगवान राम के युद्ध कौशल का परीक्षण करती है, बल्कि एक महिला से लड़ने की नैतिक दुविधा का सामना करने पर उनके गहरे निहित मूल्यों को भी चुनौती देती है।



वर्तमान कहानी पर विस्तार से बताते हुए, सुजय रेऊ कहते हैं, कभी-कभी, हम जिन सबसे कठिन लड़ाइयों का सामना करते हैं, वे हथियारों से नहीं बल्कि हमारे भीतर के संघर्षों से लड़ी जाती हैं, जो हमारे मूल्यों के सार का परीक्षण करते हैं। हर कदम, हर चुनाव, उस पथ को परिभाषित करता है जिस पर हम चल रहे हैं। उस दृश्य की शूटिंग जिसमें भगवान राम कर्तव्य और विवेक के बीच दोराहे पर खड़े हैं, ने मुझे सिखाया कि सच्ची ताकत सिर्फ वीरता में नहीं है, बल्कि करुणा में है जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करती है। और जैसे-जैसे नियति अपने जटिल धागे बुनती है, यह हमें अप्रत्याशित परिस्थितियों के करीब लाती है, हमारे उद्देश्य की छिपी गहराइयों को उजागर करती है।

## 'सूमो दीदी' ने पाम स्प्रिंग्स में भारत को किया गौरवान्वित




**मुंबई,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। भारत की पहली प्रोफेशनल सूमो पहलवान हेतल दवे की बायोपिक 'सूमो दीदी' दुनिया भर के कुछ फिल्म फेस्टिवल में दिल जीत रही है। 36वें टोक्यो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शानदार प्रतिक्रिया के प्रीमियर के बाद, हाल ही में 35वें पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की गई, इस फिल्म को भारत की एक अभूतपूर्व फिल्म के रूप में देखा जा रहा है, जो देश को गौरवान्वित कर रही है।

'सूमो दीदी' इस साल इन दो फिल्म समारोहों में प्रदर्शित होने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, यह फिल्म ज्योति देशपांडे, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रोडक्शन हाउस फ्रेशलाइम फिल्म्स और एमए एंड टीएच एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

लीड रोल में श्रीयम भगनानी के साथ, 'सूमो दीदी' एक भारतीय मध्यमवर्गीय लड़की की यात्रा को चित्रित करती है, जिसने अपनी कमजोरी, अपने वजन को अपनी सबसे बड़ी ताकत में बदल दिया, रूढ़ियों को चुनौती दी और ग्लोबल स्टेज पर महिला सूमो कुश्ती में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के प्रोग्रामर थेरेसी हेज ने कहा, कोविड के बाद, मैं ऐसी कहानियां खोजने के लिए उत्सुक थी, जो प्रेरणादायक हों। कुछ पॉजिटिव, जहां लोग अपनी परिस्थितियों से ऊपर उठते हैं और जीतते हैं, और यह फिल्म उसी भावना को दर्शाती है। फ्रेशलाइम फिल्म्स के अरुणव जॉय सेनगुप्ता ने कहा कि रिसेप्शन ने मुझे अभिभूत कर दिया। सभी को फिल्म पसंद आई। जब दर्शक फिल्म देखने के बाद उसमें प्रवेश कर रहे थे तो उन्हें रेटिंग देने के लिए एक फॉर्म दिया गया। जो महिला फॉर्म जमा कर रही थी उसने आकर मुझे दिखाया कि सभी ने फिल्म को 'एक्सीलेंट' रेटिंग दी है।

# राम मंदिर आंदोलन में कारसेवकों को मदद करने वालों की भी नहीं थी कमी

**देवरिया,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। देश दुनिया में करोड़ो रामभक्तों की आस्था का प्रतीक अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर के साकार रूप लेने में अब चंद दिन शेष हैं। इस पुनीत अवसर पर सारा देश उन कारसेवकों को भी याद करेगा जिन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। इन कारसेवकों को तन मन धन से मदद पहुंचाने वालों की भी कमी नहीं थी जो 22 तारीख को अपने आराध्य की प्राण प्रतिष्ठा के इंतजार में पलक बिछायें बैठे है।



कारसेवकों के मददगार रूद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम माहीगंज निवासी भाजपा नेता कामेश्वर सिंह ने बताया कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मन्दिर तैयार हो गया है और 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह देख सुनकर मन भाव विभोर हो जा रहा है।

राम मंदिर आंदोलन के दिनो की याद करते हुए सिंह ने कहा कि आंदोलन में भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष मदन मोहन गुप्त और पत्रकार मृत्युंजय प्रसाद विशारद की सक्रियता से चिढ़े तत्कालीन जिला प्रशासन ने इन्हें गिरफ्तार करने के लिए रूद्रपुर के टेढ़ा स्थान वार्ड स्थित घर पर छापा डाला और दोनों लोगो के न मिलने से नाराज पुलिस मृत्युंजय के 70 वर्षीय पिता स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद गुप्त व मदन मोहन के छोटे भाई अशोक मोहन गुप्त को थाने ले गई और देवरिया पुलिस लाइन भेज दी थी।

उन्होंने बताया कि इन राम भक्तों की गिरफ्तारी से परेशान परिजनों की मदद एक समाचार एजेंसी के संवाददाता सदानन्द दुबे ने की थी जिन्होने जिलाधिकारी से मिल कर दोनो को छोड़ने का आग्रह किया, जिसे हालांकि नाकार दिया गया मगर उन लोगों के पॉकेट में रखे समान व पहने हुए चेन आदि घर भेजवाने की व्यवस्था की।

सिंह ने बताया कि देवरिया के बंदियों को बस्ती की जेल में भेजा जाता था, जहां बस्ती व आस पास के जिलों के लोग बंदियो के परिजनो के लिए फल, भुजा, चूड़ा, गुड़ भेजते थे। सिंह ने बताया कि उस समय वे स्वयंसेवक के रूप में राम सेवकों की सेवा के लिए लगे थे। रामसेवको के परिजनों को खोज के वे अपने मिल में स्थित आवास पर ले जाकर भोजन कराते थे, सोने के लिए बिस्तर, सुबह का जलपान करवाना उनकी नियति बन गई थी और यह कार्य लोगों को बहुत सकून देता था।

उन्होंने बताया कि जो कार सेवक मगहर होते हुए आमी नदी के किनारे-किनारे पैदल जाते थे, उनकों रोक कर रात में छुपा कर भोर के समय पगडंडी के रास्ते भोजन पानी की व्यवस्था के साथ भेजने का कार्य करते थे। आज उन यादों को याद कर कामेश्वर सिंह कहते हैं, भले ही प्रत्यक्ष कारसेवा करने का सौभाग्य नही मिल सका, मगर बस्ती जेल में बंद, बंदियों के परिजनों की सेवा करने का अवसर मिला, मैं अपने को धन्य समझता हूं।

देशबन्धु

# अर्थ जगत

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| रिलायंस | 2.58 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.29 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.17 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.09 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| इंफ़ोसिस | 1.62 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.28 प्रतिशत |
| एलटी | 1.18 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.85 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 05 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात सप्ताह के बाद 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.8 अरब डॉलर चढ़कर 623.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.96 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546.7 अरब डॉलर पर आ गयी।



## ओपनएआई समर्थित 1एक्स ने नेक्स्ट जनरेशन के ह्यूमनॉइड रोबोट बनाने के लिए जुटाए 100 मिलियन डॉलर

**सैन फ्रांसिस्को,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। ओपनएआई द्वारा समर्थित नॉर्वेजियन रोबोटिक्स स्टार्टअप 1एक्स टेक्नोलॉजीज ने ईक्यूटी वेंचर्स के नेतृत्व में अपने सीरीज बी फंडिंग राउंड में 100 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। राउंड के हिस्से के रूप में, 1एक्स ने एक महत्वपूर्ण सेकंडरी की भी फैसिलिटी प्रदान की, जिसमें मौजूदा निवेशक सैंडवाटर ने राउंड में तीसरे सबसे बड़े योगदान के साथ अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी।



कंपनी ने एक बयान में कहा कि अन्य सेकंडरी प्रतिभागियों में नए निवेशक सैमसंग नेक्स्ट और मौजूदा निवेशक स्केगरक कैपिटल और निस्ताद ग्रुप शामिल हैं। 1एक्स का उद्देश्य नई पूंजी का उपयोग करके 'एनईओ' नामक अपनी दूसरी जनरेशन का एंड्रॉइड मार्केट में लाने का है। द्विपाद ह्यूमनॉइड के रूप में डिजाइन किया गया, एनईओ रोजमर्रा की घरेलू सहायता के लिए तैयार किया गया है, यह फंड लॉजिस्टिक्स और गार्डिंग में 1एक्स के मौजूदा एंटरप्राइज क्लाइंट्स का भी समर्थन करेगा 1एक्स के सीईओ बर्नट ओइविंड बोर्निच ने कहा, 'हम रोमांचित हैं कि ये लीडिंग इंवेस्टर्स स्मार्ट बिहेवियर वाले एंड्रॉइड को नए मार्केट्स में सुरक्षित रूप से तैनात करने के 1एक्स के मिशन का समर्थन कर रहे हैं। हमारा अगला मील का पत्थर एम्बोडिड एआई के लिए हमारी डेटा कलेक्शन स्ट्रैटेजी को बढ़ाना और उपभोक्ताओं को एनईओ की पेशकश करना होगा।।

कंपनी ने पिछले साल मार्च में ओपनएआई और टाइगर ग्लोबल के नेतृत्व में सीरीज ए फंडिंग राउंड को सफलतापूर्वक पूरा किया। 1एक्स ने अब 12 महीने से भी कम समय में 125 मिलियन डॉलर से अधिक जुटा लिया है। 1एक्स ने कहा, 'यह फंडिंग ग्लोबल लेबर मांगों को पूरा करने और एक प्रचुर समाज का निर्माण करने के लक्ष्य के साथ व्यावसायिक स्तर पर सुरक्षित और उन्नत एंड्रॉइड का उत्पादन करने के उनके मिशन का समर्थन करेगी।'

'लियोनार्डो दा विंची से लेकर आज के साइंस-फिक्शन तक, मनुष्यों ने 500 से अधिक सालों से ह्यूमनॉइड रोबोट का सपना देखा है।' ईक्यूटी वेंचर्स के पार्टनर टेड पर्सन ने कहा, 'एंड्रॉइड का हमारे ह्यूमन वर्कफोर्स में शामिल होने का प्रभाव, हमारी शर्तों पर परिवर्तनकारी होगा। हम आश्वस्त हैं कि 1एक्स अपने एनईओ एंड्रॉइड के साथ हमारे तकनीकी और मानव भविष्य के पहले कदमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## दिसम्बर 2023 में 10.1 अरब डॉलर का रिकॉर्ड एफपीआई प्रवाह

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। बैंक ऑफ बड़ौदा के एक शोध में कहा गया है कि दिसंबर 2023 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का देश के पूँजी बाजार में निवेश 10.1 अरब अमेरिकी डॉलर का रहा जो किसी एक महीने में दर्ज किया गया सबसे अधिक मासिक प्रवाह है।




रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में एफपीआई प्रवाह में 2023 में बदलाव देखा गया और 28.7 अरब डॉलर का प्रवाह दर्ज किया गया। इससे पहले 2022 में एफपीआई ने घरेलू बाजार से 17.9 अरब डॉलर निकाले थे। रिपोर्ट में कहा गया है, '2023 में निवेश 2017 के बाद सबसे अधिक रहा, जब एफपीआई ने घरेलू बाजार में 30.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था। हालाँकि, अपनी प्रकृति के अनुरूप, एफपीआई प्रवाह ने पूरे वर्ष काफी अस्थिरता प्रदर्शित की।' रिपोर्ट में कहा गया है कि निराशाजनक शुरुआत के बाद, भारत में एफपीआई प्रवाह में तेजी आई, जो 2023 में कुल मिलाकर 28.7 अरब डॉलर हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इक्विटी सेगमेंट का प्रदर्शन बेहतर रहा है, लेकिन डेट सेगमेंट में भी उत्साहजनक रुझान दिखाई दे रहा है, खासकर साल के आखिरी कुछ महीनों में।' इसमें कहा गया है कि बेहतर कॉर्पोरेट लाभप्रदता, स्थिर घरेलू मैक्रोज़, सीमित मुद्रास्फीति और स्थिर राजनीतिक माहौल भारत को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में पसंद करते हैं।


रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 जून को जेपी मॉर्गन के बॉन्ड इंडेक्स में भारत को शामिल करने के साथ-साथ उम्मीद है कि भारत को बाद में अन्य बॉन्ड सूचकांकों में भी शामिल किया जा सकता है, जो डेट सेगमेंट में एफपीआई प्रवाह का प्रमुख चालक रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह रुझान जारी रहने और 2024 की पहली दो तिमाहियों में और अधिक गति पकड़ने की संभावना है।' इसमें कहा गया है कि यह भारतीय रुपये के लिए सकारात्मक होगा, जिसके 2024 में सराहना पूर्वाग्रह के साथ व्यापार करने की संभावना है।

## अमेजन डॉट इन ने की 13 से 18 जनवरी, 2024 तक ग्रेट रिपब्लिक डे सेल की घोषणा

नई दिल्ली 12 जनवरी (एजेंसियां)। अमेजन इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल' का 13 जनवरी से 18 जनवरी, 2024 तक आयोजन करने की घोषणा की है, जिसमें अमेजन प्राइम मेंबर्स को 13 जनवरी को रात 12:00 बजे से सुबह 11:59 बजे तक 12 घंटे का अर्ली एक्सेस मिलेगा। ग्राहक कारीगरों और बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, ब्रांड्स और लोकल पड़ोस की दुकान सहित विक्रेताओं द्वारा स्मार्टफोंस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन एड ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम एंड किचन, लार्ज एप्लाएंसेस, टीवी आदि सहित विभिन्न श्रेणियों में पेश किए गए लाखों उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। फेस्टिव सेलिब्रेशन के एक हिस्से के रूप में अमेजन डॉट इन ने रेडमी नोट 13 5जी द्वारा सह-संचालित 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल' की घोषणा की है। ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के दौरान, ग्राहक रेडमी स्मार्टफोन, इंटेल लैपटॉप, कैडबरी, लैक्मे, लोरियल, पैम्पर्स, डव, वैसलीन, गार्नियर, मेबेलिन, टीसीएल और सैमसंग के टेलीविजन, एलजी से लार्ज एप्लाएंसेस आदि पर शानदार डील्स की उम्मीद कर सकते हैं। अमेजन लाइव के साथ खरीदारी को बनाएं मजेदार : रणविजय, विनीत मल्होत्रा, राजीव मखनी, टेक्नो रूहेज़ और ट्रैकिन टेक सहित अन्य मशहूर हस्तियों और प्रौद्योगिकी उत्साही लोगों के साथ डील्स की खोज करें और अपनी खरीदारी के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए उनके साथ चैट करें।

## टाटा ने गुजरात में अधिगृहित फोर्ड इंडिया संयंत्र से कारों का उत्पादन शुरू किया

**चेन्नई,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। टाटा मोटर्स लिमिटेड की सहायक कंपनी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) ने शुक्रवार को कहा कि उसने गुजरात के साणंद1 में अपने नए प्लांट में टाटा बैज वाली पहली कार तैयार की है। यह प्लांट पिछले साल फोर्ड इंडिया से खरीदा गया था।टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टीपीईएम के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा, साणंद में नई टीपीईएम सुविधा की पहली कार को देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमने 12 महीने की सबसे कम अवधि में कारखाने को सफलतापूर्वक फिर से तैयार किया है, मौजूदा उत्पादों और भविष्य की एक विस्तृत श्रृंखला को समायोजित करने




के लिए इसे नए स्तर पर ले गए हैं। नए मॉडल आने वाले हैं।' चंद्रा के अनुसार, नई सुविधा की विनिर्माण क्षमता तीन लाख यूनिट प्रति वर्ष होगी, जिसे बढ़ाकर चार लाख 20 हजार यूनिट प्रति वर्ष किया जाएगा। 460 एकड़ में फैली नई सुविधा, आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल बनाने के लिए गुजरात में टाटा मोटर्स का दूसरा संयंत्र होगा। फोर्ड इंडिया से अधिग्रहण के बाद, संयंत्र में बड़े पैमाने पर नये उपकरण लगाये गये हैं और उन्नयन किया गया है। एक बयान में कहा गया है कि संयंत्र में वर्तमान में एक हजार से अधिक कर्मचारी (तकनीशियन के साथ) हैं और उत्पादन बढ़ाने की योजना के अनुरूप, क्षेत्र में अगले तीन-चार महीने में एक हजार अतिरिक्त नौकरियां पैदा की जाएंगी। फोर्ड इंडिया ने अपना गुजरात संयंत्र टीपीईएम को 725.70 करोड़ रुपए में बेच दिया था। साणंद में संयंत्र में संपूर्ण भूमि और भवन, वाहन विनिर्माण संयंत्र, इसकी मशीनरी और उपकरण और फोर्ड इंडिया के वाहन निर्माण कार्यों के सभी पात्र कर्मचारियों का स्थानांतरण शामिल है।

## आईटी और टेक समूह ने बाजार को दी उड़ान

**मुंबई,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मजबूत तिमाही परिणाम से उत्साहित निवेशकों की दमदार लिवाली की बदौलत आईटी और टेक समूह की पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी से आज शेयर बाजार में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 847.27 अंक अर्थात 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर तीन दिन बाद 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 72,568.45 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 247.35 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,894.55 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.36 प्रतिशत मजबूत होकर 37,875.43 अंक और स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत चढ़कर 44,503.70 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3942 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2112 में लिवाली जबकि 1742 में बिकवाली वहीं 88 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां हरे जबकि शेष आठ लाल निशान पर बंद हुई। बैंक निफ्टी की दिशा में संकेतों के लिए बाजार 16 जनवरी को एचडीएफसी बैंक के नतीजों पर उत्सुकता से नजर रखेगा। टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में 11097 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 10883 करोड़ रुपये की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है। हालांकि यमन में अमेरिकी हमले के बीच वैश्विक बाजार का मूड नरम रहा, जिससे आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें दो प्रतिशत से अधिक बढ़ गईं। इससे निवेश धारणा मजबूत होने से बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा, जिनमें से आईटी और टेक समूह के शेयरों ने सबसे अधिक क्रमशः 5.06 और 4.40 प्रतिशत का लाभ कमाया। साथ ही कमोडिटीज 0.11, सीडी 0.30, ऊर्जा 1.09, एफएमसीजी 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.35, इंडस्ट्रियल्स 0.39, दूरसंचार 0.77, बैंकिंग 0.59, कैपिटल गुड्स 0.77, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.62, धातु 0.09, तेल एवं गैस 1.71, रियल्टी 1.93 और सर्विसेज समूह 0.17 प्रतिशत चढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार का रुख मिलाजुला रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.77, जर्मनी का डैक्स 0.96 और जापान का निक्केई 1.50 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.35 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

इसी तरह निफ्टी 126 अंक की बढ़त लेकर 21,773.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,715.15 अंक के निचले जबकि 21,928.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,647.20 अंक की तुलना में 1.14 प्रतिशत चढ़कर 21,894.55 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफ़ा कमाने वाली कंपनियों में इंफ़ोसिस 7.84, टेक महिंद्रा 4.73, टीसीएस 3.89, विप्रो 3.88, एचसीएल टेक 3.85, एसबीआई 2.17, एलटी 1.73, आईसीआईसीआई बैंक 1.30, भारती एयरटेल 1.25, इंडसइंड बैंक 0.98, आईटीसी 0.86, रिलायंस 0.80, टाइटन 0.69, सन फार्मा 0.62, कोटक बैंक 0.60, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.44, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.32, टाटा स्टील 0.30 और टाटा मोटर्स 0.05 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, बजाज फिनसर्व 1.05, पावरग्रिड 0.97, अल्ट्रासिमको 0.81, एचडीएफ़सी बैंक 0.57, मारुति 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.43, एक्सिस बैंक 0.38, नेस्ले इंडिया 0.33, एशियन पेंट 0.30, बजाज फाइनेंस 0.20 और एनटीपीसी के शेयर 0.08 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

बीएसई सेंसेक्स 12 जनवरी 2024

अधिकतम उछाल

खुला 72,148.07 | बंद 72,568.45 | पिछला बंद 71,721.18 | बदलाव: 847.27 (1.18%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| इंफोसिस | 1,612.20 | 7.84 |
| टेक महिंद्रा | 1,307.55 | 4.73 |
| टीसीएस | 3,881.70 | 3.89 |
| विप्रो | 465.45 | 3.88 |
| एचसीएल टेक | 1,543.00 | 3.85 |
| एसबीआई | 633.75 | 2.17 |
| एल एंड टी | 3,565.95 | 1.73 |
| आईसीआईसीआई | 1,003.85 | 1.30 |
| भारती एयरटेल | 1,076.10 | 1.25 |
| इंडसइंड बैंक | 1,674.40 | 0.98 |

KBK Infographics

## पर्यावरण अनुकूल वाहनों की ओर बढ़ रहे हैं लोग

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। बीते वर्ष में देश के यात्री वाहन बाजार में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं जहां कार के खरीददारों में ईवी की ओर रूख करने के साथ ही एसयूवी और पुरानी कारों की मांग भी बढ़ी है। भारत सरकार द्वारा भारत एनसीएपी रेटिंग्स की पेशकश के साथ कारों में सुरक्षा का महत्व कहीं अधिक बढ़ गया है, इस बीच हमारा सड़क नेटवर्क भी लगातार बेहतर हुआ है। ऑटो टेक कंपनी कार्स 24 ने आज अपनी 'माइलेज रिपोर्ट' जारी की जिसमें ये बातें कही गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक कार्स 24 ने 2022 की तुलना में बिक्री में 42 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। किफ़ायती और उचित मूल्य की वजह से पुरानी कारें आज के युवाओं की स्मार्ट पसंद बन गई है। 2023 में मिलेनियल्स और जनरेशन ज़ी के युवाओं ने न सिर्फ बढ़-चढ़कर कारें खरीदीं बल्कि अपनी कारों को अपग्रेड भी किया, इस तरह कार मार्केट में मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर कम हुआ। कार्स 24 के आंकड़ों पर नज़र डालें तो 2023 में नई और पुरानी कारों का 1 अनुपात डेढ़ रहा, यानि मार्केट में हर 10 नई कारों की बिक्री पर 15 पुरानी बेची गईं। यंग, प्रीमियम पुरानी कारों ने बहुत से भारतीयों



क ा कार खरीदने का सपना पूरा किया है। एक और रूझान जो इस दौरान देखने में आया, पुरानी कार मार्केट में उंची कीमत की कारों की मांग बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2023 के बीच 8 लाख रुपए से अधिक कीमत की कारों की बिक्री में 14 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। पर्यावरण अनुकूल वाहनों की ओर झुकाव देखा गया है।

## सार संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा की घोषणा के बाद से मेकमाईट्रिप पर अयोध्या के सर्च में 1,806 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप ने शुक्रवार को कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की घोषणा के बाद से उसके प्लेटफॉर्म पर अयोध्या की खोज में 1,806 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। कंपनी ने इंस्टाग्राम पर डेटा साझा करते हुए कहा कि उसने पिछले दो वर्षों में आध्यात्मिक स्थलों की खोज में 97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। अयोध्या के लिए सबसे ज्यादा खोज पिछले साल 30 दिसंबर को दर्ज की गई थी जब हवाई अड्डे का उद्घाटन हुआ था। शीर्ष 10 तीर्थ और आध्यात्मिक स्थल जिनकी खोज में वृद्धि देखी गई है, उनमें शामिल हैं - अयोध्या (585 प्रतिशत), उज्जैन (359 प्रतिशत), बद्रीनाथ (343 प्रतिशत), अमरनाथ (329 प्रतिशत), केदारनाथ (322 प्रतिशत), मथुरा (223 प्रतिशत), द्वारकाधीश (193 प्रतिशत), शिरडी (181 प्रतिशत), हरिद्वार (117 प्रतिशत), और बोधगया (114 प्रतिशत)। कंपनी ने कहा कि अयोध्या को विश्व स्तर पर भी खोजा जा रहा है, जिसमें अधिकतम खोज - अमेरिका (22.5 प्रतिशत), खाड़ी क्षेत्र (22.2 प्रतिशत), कनाडा (9.3 प्रतिशत), नेपाल (6.6 प्रतिशत), और ऑस्ट्रेलिया (6.1 प्रतिशत) से आ रही है। 22 जनवरी को नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होगा। राम मंदिर के प्रवेश द्वार पर हाथियों, शेरों, भगवान हनुमान और गरुड़ (भगवान विष्णु के 'वाहन') की मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

### एक्सपीरियन डेवलपर्स, 100 प्रतिशत एफडीआई-फंडेड रियल एस्टेट डेवलपर, ने नोएडा में भूखंड खरीदा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट के लिए आकर्षण का केंद्र बने नोएडा में हाल में प्रमुख डेवलपर्स का प्रवेश देखने को मिला है। यह इस क्षेत्र में विकास की नई लहर का संकेत है। शहर के विकास के साथ जबरदस्त प्रभाव डालने वाली ऐसी ही एक कंपनी है एक्सपीरियन डेवलपर्स। यह पूरी तरह से एफडीआई-फंडेड रियल एस्टेट डेवलपर है और एक्सपीरियन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। नोएडा के सेक्टर 45 में लगभग 250 करोड़ रुपये में 5 एकड़ के भूखंड के अधिग्रहण के साथ एक्सपीरियन डेवलपर्स ने नोएडा के हलचल-भरे रियल एस्टेट बाज़ार में प्रवेश किया है। इसके अलावा, कंपनी ने गुरुग्राम में भी चार भूखंड खरीदे हैं। विश्वसनीय सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार कंपनी सभी भूखंडों पर प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना बना रही है, जो रियल एस्टेट निर्माण के प्रति इसके रणनीतिक और व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली**, 12 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 20 रिंगिट बढ़कर 3760 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.69 सेंट की तेजी लेकर 49.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## फर्स्ट सोलर का 3.3 गीगावॉट क्षमता वाला विनिर्माण संयंत्र शुरू

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी कंपनी फर्स्ट सोलर इंक ने आज तमिलनाडु में अपने पहले संयंत्र का उद्घाटन किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह कंपनी का देश में पहला पूरी तरह वर्टिकली इंटिग्रेटेड सौर विनिर्माण संयंत्र है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तमिलनाडु के उद्योग, संवर्धन और वाणिज्य (इंडस्ट्रीज, प्रमोशंस और कॉमर्स) मंत्री डॉ. टी आर बी राजा के साथ-साथ भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी और यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (डीएफसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्कॉट नाथन उपस्थित थे।



डॉ. राजा ने कहा, 'हमें खुशी है कि फर्स्ट सोलर ने इस ऐतिहासिक निवेश के लिए तमिलनाडु को चुना, जिससे भारत के विनिर्माण केंद्र के रूप में हमारे राज्य की स्थिति मजबूत हुई। यह कारखाना स्थिरता और बेहतर विनिर्माण की दिशा में एक उच्च मानक स्थापित करता है और हमारे राज्य में अपनी उपस्थिति के साथ अच्छी नौकरियां पैदा करता है, और इससे सौर प्रौद्योगिकी के मामले में आत्मनिर्भर बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को समर्थन मिलता है।' फर्स्ट सोलर के सीरीज 7 फोटोवोल्टिक (पीवी) सौर मॉड्यूल का उत्पादन करने वाले इस संयंत्र की सालाना नेमप्लेट क्षमता 3.3 गीगावाट (जीडब्ल्यू) है और यह प्रत्यक्ष रूप से लगभग 1,000 लोगों को रोजगार देता है। इस मॉड्यूल को अमेरिका में कंपनी के अनुसंधान और विकास केंद्रों में विकसित किया गया था और भारतीय बाज़ार को ध्यान में रखते हुए इसे अनुकूलित किया गया था।

फर्स्ट सोलर अमेरिकी मुख्यालय वाली अकेली कंपनी होने के कारण दुनिया के सबसे बड़े सौर विनिर्माताओं में बेजोड़ है। कंपनी का टेल्यूरियम-आधारित सेमीकंडक्टर आज उपलब्ध दूसरी सबसे आम फोटोवोल्टिक तकनीक है, जो इसे चीनी क्रिस्टलीय सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता से बचने में सक्षम बनाता है।

श्री गार्सेटी ने कहा, 'एक महीने पहले दुबई में, सीओपी28 प्रतिभागियों ने 2050 तक नेट-जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लिए, दुनिया को जीवाश्म ईंधन से दूर जाने के लिए एक साहसिक आह्वान किया था। फर्स्ट सोलर का यह उत्पादन संयंत्र हमारे स्वच्छ, हरित ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव को संभव बनाने में मदद करेगा। यह इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि जब अमेरिका और भारत जलवायु से जुड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों में मिलकर काम करते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है। लगभग 70 करोड़ डॉलर के निवेश वाला यह संयंत्र फर्स्ट सोलर का छठा परिचालन कारखाना है और इसके साथ कंपनी के वैश्विक विनिर्माण का अमेरिका, मलेशिया और वियतनाम सहित चार देशों में विस्तार हो गया है। इसमें पहले घोषित डीएफसी के लिए 50 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण शामिल है।

# खेल जगत

## आंध्रा की कप्तानी से हटे हनुमा विहारी



**विशाखापत्तनम** 12 जनवरी (एजेंसियां) मौजूदा रणजी ट्राफी सत्र में आंध्र टीम की अगुवाई कर रहे हनुमा विहारी बल्लेबाजी पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए कप्तानी से हट गये। सीजन के पहले मुकाबले में बंगाल के साथ ड्रॉ खेलने के बाद हनुमा विहारी ने कप्तानी छोड़ी। इसके बाद शेष रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए रिकी भुई को आंध्रा का कप्तान बनाया गया है। ग्रुप बी के दूसरे मैच में मुंबई के खिलाफ वह एकादश में जगह बनाने में कामयाब रहे। विहारी ने भारत के लिए पिछली बार 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में मैच खेला था और अब उनकी नजरें भारत की टेस्ट टीम में दोबारा जगह बनाने पर है। विशाखापत्तनम में हुए पहले रणजी मैच में उन्होंने अकेली पारी में 51 रन बनाए थे। पिछले सीज़न में उन्होंने आंध्रा की कप्तानी करते हुए टीम को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया था।

# शिवम दुबे के अविजित अर्धशतक से भारत ने अफगानिस्तान को हरा 1-0 की बढ़त ली

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 12 जनवरी (देशबन्धु)। ऑलराउंडर शिवम दुबे के शानदार अविजित अर्द्धशतक, तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के चटकाए दो-दो विकेट की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को मोहाली में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) मैदान पर तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले मैच में बृहस्पतिवार की सर्द रात छह विकेट से हरा कर 1-0 की बढ़त ले ली। मैन ऑफ द मैच रहे शिवम दुबे ने साथ ही अपनी दूसरी गेंद पर अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान का विकेट भी चटकाया। भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार (2/33) और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल (2/23) ने सही वक्त पर विकेट चटका कर रहमतुल्लाह गुरबाज (23 रन, 28 गेंद, एक छक्का, दो चौके) व इब्राहिम जादरान(25 रन, 22 गेद, एक छक्का, दो चौके) की सलामी जोड़ी की 50 रन तथा अजमत उल्लाह उमरजई(29 रन, 22 गेंद,एक छक्का, दो चौके) और मोहम्मद नबी (42 रन, 27 गेंद, तीन छक्के, दो चौके)की चौथे विकेट की 68 रन की भागीदारियों के बावजूद पहले बल्लेबाजी की दावत पाने वाली अफगानिस्तान की टीम को निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 158 रन पर रोक दिया।

जवाब में शिवम दुबे की तिलक वर्मा (26 रन, 22 गेंद, एक छक्का, दो चौके)के साथ तीसरे विकेट की 44 रन, जीतेश शर्मा (31 रन, 20 गेंद, 5 चौके) के साथ चौथे विकेट की 43 तथा रिंकू सिंह के साथ पांचवें विकेट की 42 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर मैच जीत लिया। शिवम दुबे 40 गेंद खेल कर दो छक्कों और पांच चौकों की मदद से 60 तथा रिंकू सिंह 9 गेंद खेल कर दो चौकों की मदद से 16 रन बना अविजित रहे। शिवम दुबे नवीन उल हक के चौथे ओवर की तीसरी गेंद को पुल कर चौका जड़ भारत को भारत को यह शानदार दिलाई। शिवम दुबे ने अजमत उल्लाह उमरजई की गेंद को फ्लिक कर 38 गेंद खेल कर एक छक्के और चार चौकों की मदद से भारत के लिए अपना दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जड़ा। मिस्ट्री स्पिनर मुजीब उर रहमान (2/21) अफगानिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जबकि एक विकेट तेज गेंदबाज ऑलराउंडर अजमत उल्लाह उमरजई के हिस्से आया जबकि भारत के कप्तान रोहित शर्मा खाता खोले बिना ही भारत की पारी की दूसरी गेंद पर रन आउट हुए।

भारत जीत के लिए 159 रन का पीछा करते हुए कप्तान रोहित (0) और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल (23 रन 12 गेंद, 5 चौके) के रूप में शुरू के चार ओवर में दो विकेट खोकर 28 रन पर गंवा संकट में फंस गया था। कप्तान रोहित ने फजल हक फारुकी की गेंद को मिड ऑफ पर ड्राइव कर एक रन के लिए दौड़ते लेकिन शुभमन अपनी क्रीज पर खड़े रहे और इब्राहिम जादरान ने गेंद विकेटकीपर गुरबाज को दी और भारत ने अपना पहला विकेट बिना कोई रन बनाए खो दिया। शुभमन गिल ने मिस्ट्री स्पिनर मुजीब उर रहमान की शुरू की चार गेंदों पर दो चौके जडने के बाद अगली गुगली को क्रीज छोड़ उड़ाने निकले और हवा में मात खा गए और विकेटकीपर रहमतुल्लाह गुरबाज ने गिल्लियां उड़ा उन्हें स्टंप आउट कर दिया और भारत चार ओवर में अपना दूसरा विकेट 28 पर गंवाकर संकट में फंस गया। तिलक वर्मा ने तेज गेंदबाज अजमत उल्लाह उमरजई

की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में डीप बैकवर्ड स्कवॉयर पर गुलाबदीन नायब को कैच थमा दिया और भारत ने तीसरा विकेट नौवें ओवर की चौथी गेद पर 72 रन पर खो दिया। विकेटकीपर जीतेश शर्मा ने क्रीज पर उतर कर ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की लेकिन पारी 14 वें और मिस्ट्री स्पिनर मुजीब उर रहमान

■ मुकेश और अक्षर ने सही वक्त पर चटकाए दो-दो विकेट

(2/21) के आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद को उड़ाने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर कप्तान इब्राहिम जादरान को कैच थमा दिया और भारत ने चौथा विकेट 117 पर खो दिया। शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने पांचवें विकेट के लिए 42 रन की अटूट भागीदारी कर 15 गेंदों के बाकी रहते भारत को जीत दिला कर ही दम लिया।

इससे पहले भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार (2/33) ने अपने चौथे व आखिरी तथा पारी के 18 वें ओवर की पहली गेंद पर उमरजई को बोल्ड कर उनकी और नबी की पारी की सबसे बड़ी भागीदारी को तोडने के बाद अंतिम गेंद पर नबी को रिंकू सिंह के हाथों स्वीपर कवर में कैच करा अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 130 कर दिया। नजीबुल्लाह जादरान (अविजित 19 रन, 11 गेंद, तीन चौके) ने करीम जन्नत (9 रन, 5 गेंद, दो चौके) के साथ छठे विकेट के लिए आखिरी की 12 गेंदों में 28 रन की अटूट भागीदारी कर अफगानिस्तान के स्कोर को 150 के पार पहुंचाया। अफगानिस्तान ने तेज शुरू कर 7.5 ओवर में 50 रन जोड़े लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल (2/23) ने अपने दूसरे ओवर मे गुरबाज और तीसरे ओवर में रहमत शाह को आउट कर तथा तेज गेंदबाज शिवम दुबे ने अपनी दूसरी ही गेंद पर इब्राहिम जादरान को आउट अफगानिस्तान का स्कोर दसवें ओवर में 57 रन कर दिया। अफगानिस्तान ने अंतिम दस ओवर में 101 रन जोड़े और मात्र तीन विकेट खोए। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने सलामी बल्लेबाज रहमतुल्लाह गुरबाज को अपनी ऑफ स्टंप पर कोण बना भीतर होती गेंद पर चकमा दे विकेटकीपर जीतेश शर्मा के हाथों कैच कराया और अफगानिस्तान आठवें ओवर की अंतिम गेंद पर 50 रन पर पहला विकेट गंवाया।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 46 रनों से हराया



**ऑकलैंड,** जनवरी (एजेंसियां)। केन विलियमसन के 57 रन और डेरिल मिचेल के 61 रनों अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद टिम साउदी के चार विकेटों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को पाकिस्तान को 46 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। पाकिस्तान ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में डेवन कॉन्वे शून्य का विकेट गंवा दिया। इसके बाद फिन ऐलन और कप्तान केन विलियमसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट पर 49 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में फिन ऐलन के रूप में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिरा। ऐलन तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 15 गेंदों में 34 रन बनाये। इसके बाद 12वें ओवर में केन विलियमसन भी 57 रन बनाकर आउट हो गये। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके लगाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डेरिल मिचेल ने चार चौके और चार छक्कों की मदद से 27 गेंदों में 61 ठोक डाले। ग्लेन फ़िलिप्स 19 रन, मार्क चैपमैन 26 रन और ऐडम मिलन 10 रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट 226 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और शाहीन शाह अफरीदी ने तीन-तीन विकेट लिये। हारिस रउफ ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी अच्छा नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज सैम अयूब का विकेट खो दिया। उन्होंने दो चौके, तीन छक्के की मदद से आठ गेदों में 27 रन बनाये। मोहम्मद रिजवान ने दो चौके और दो छक्के की मदद से 14 गेंदों में 25 रन ठोक डाले। लेकिन इनके आउट होने के बाद पाकिस्तान के लगातार विकेट गिरते रहे। हालांकि पूर्व कप्तान बाबर आजम ने पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने छह चौके और दो छक्कों की मदद से 35 गेंदों में 56 रन की पारी खेली, लेकिन वह टीम की हार नहीं बचा सके। पाकिस्तान की पूरी टीम 18 ओवर में 180 रन पर सिमट गई।

न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने 25 रन देकर चार लिये। वहीं एडम मिल्ने और बेन सीर्स के नाम 2-2 विकेट मिले। ईश सोढ़ी को एक बल्लेबाज को आउट किया।

# माही से मैच खत्म करने के बारे में सिखा : शिवम दुबे



**मोहाली** 12 जनवरी (एजेंसियां)। पहले टी-20 मुकाबले में भारत की जीत के हीरो रहे ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि मैंने महेन्द्र सिंह धोनी (माही भाई) से मैच को खत्म करने के बारे में सीखा है।

प्लेयर ऑफ द मैच दुबे ने कहा, मैं लंबे समय से मौके का इंतजार कर रहा था। मैं स्वयं को तैयार रख रहा था, जिससे जब भी मौका मिले तो मैं अच्छा करूं। जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो वही किया जो मैंने माही भाई (एमएस धोनी) से मैच को खत्म करने के बारे में सीखा था। बल्लेबाजी में बदलाव के बारे में दुबे ने कहा, मैं माही भाई से लगातार बात करता हूं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है।

वह मुझे बताते हैं कि कैसे अलग-अलग परिस्थिति का सामना करना है। उन्होंने मुझे दो से तीन सुझाव दिए हैं और मेरी बल्लेबाजी को रेट किया है। तो मुझे लगता है कि अगर वे मेरी बल्लेबाजी को रेट कर रहे हैं तो मैं लगातार अच्छा करूंगा। मेरा आत्मविश्वास इस वजह से बहुत बढ़ा है। मैं अपनी गेंदबाजी पर भी लंबे समय से काम कर रहा हूं। यह बदलाव एकदम से नहीं आया हैं। मैं मौके का इंतजार कर रहा था और आज मुझे मौका मिला तो मैंने अच्छा किया।

उन्होंने कहा, रोहित भाई ने मुझे मैच के हिसाब से बल्लेबाजी करने को कहा और मुझ पर विश्वास जताया कि मैं मैच को किसी भी स्थिति में जिता सकता हूं। मोहाली में बहुत ठंड थी तो जब मैं बल्लेबाजी करने गया तो बल्ला भी नहीं पकड़ा जा रहा था लेकिन दो तीन गेंद खेलने के बाद मैं पूरी तरह से रम गया।

उन्होंने कहा, मैं लबे समय से गेंदबाजी कर रहा था और महसूस कर रहा था कि मैं अच्छा कर रहा था। ऑफ सीजन में भी मैंने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया और इससे मुझे मदद मिली। इसके बाद मैंने घरेलू क्रिकेट में भी अपनी गेंदबाजी में काफी सुधार किया। मैंने आज सही जगह पर गेंदबाजी की और मुझे अच्छी गति भी मिली।

उन्होंने कहा कि रोहित भाई ने मुझसे कहा था कि मैच की स्थिति को देखते हुए वह मुझे गेंद देंगे। मौका मिलने पर मुझे अच्छा लगा।

आगामी टी-20 विश्वकप के बारे में उन्होंने कहा, विश्वकप खेलना और जीत में योगदान देना हर क्रिकेटर का सपना होता है। तो यह हमेशा मेरे दिमाग में चलता रहता है, लेकिन अभी इसमें बहुत समय बचा है तो मैं एक-एक कदम आगे बढ़ूंगा।

# अखिल श्योराण को पुरुषों की 50 मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक




**जकार्ता** 12 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के अखिल श्योराण ने शुक्रवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां हुये फाइनल मुकाबले में अखिल ने 460.2 के स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता, वहीं ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 459.0 के साथ रजत पदक अपने नाम किया। थाईलैंड के निशानेबाज थोंगफाफम वोंगसुकडी को 448.8 अंक के साथ कांस्य पदक मिला।

अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भारत को 1-2 से बराबरी दिला दी है। क्वालीफाइंग राउंड में तीन भारतीयों ने जकार्ता मीट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर है। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर क्वालीफायर में 588 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि श्योराण 586 अंक और स्वप्निल कुसाले 584 अंक क्रमश: छठे और नौवें स्थान पर रहे। कुसाले ने फाइनल में शॉट लगाया और छठा स्थान हासिल किया। नीरज कुमार और चैन सिंह भी क्वालीफायर में शीर्ष पांच में रहे, लेकिन दोनों निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इस बीच, पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में अखिल श्योराण, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले के कुल 1758 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## सार संक्षेप

### चोट के कारण बीबीएल से बाहर हुए झाई रिचर्डसन

**नई दिल्ली।** पर्थ स्कॉर्चर्स और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को एक बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को बाईं ओर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बिग बैश लीग (बीबीएल) के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया, जिससे उनकी अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में भागीदारी पर संशय मंडराने लगा है। 27 वर्षीय तेज गेंदबाज को गाबा में ब्रिस्बेन हीट के चोट लगी थी। शुक्रवार को जांच के बाद उन्हें आराम देने का फैसला किया गया है। इस सीज़न में बीबीएल में छह विकेट और 9.18 की इकॉनमी रेट के साथ रिचर्डसन के खराब प्रदर्शन के बावजूद, उनका वेस्टइंडीज वनडे के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल होना 2022 के बाद से एक महत्वपूर्ण वापसी है। स्कॉर्चर्स लाइनअप में उनकी अनुपस्थिति बीबीएल तालिका में प्रतिष्ठित दूसरा स्थान हासिल करने के लिए उनकी बोली में जटिलता जोड़ती है, जिससे उन्हें फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे। स्कॉर्चर्स वर्तमान में दो मैच शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर है। उनसे पहले स्थान पर मौजूद हीट के खिलाफ और एक तीसरे स्थान पर मौजूद सिक्सर्स के खिलाफ मौके मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज 2 फरवरी को मेलबर्न में शुरू होने वाली है।

### जेहान दारूवाला फॉर्मूला ई डेब्यू के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय रेसर जेहान दारूवाला इस सप्ताह के अंत में मैक्सिको सिटी में रेस विजेता वर्क्स टीम मासेराती एमएसजी रेसिंग के साथ ग्रिड पर उतरकर ऑल-इलेक्ट्रिक फॉर्मूला ई चैंपियनशिप में अपनी शुरुआत करेंगे। 25 वर्षीय, एफ1 फीडर श्रृंखला फॉर्मूला 2 से स्विच करते हुए, मैक्सिमिलियन गुंथर के साथ ड्राइव करेंगे, नारायण कार्तिकेयन के आखिरी बार लाइन में आने के एक दशक से भी अधिक समय बाद फ़ॉर्मूला वन ग्रिड पर सिंगल-सीटर विश्व चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने वाले केवल तीसरे भारतीय ड्राइवर बन जाएंगे। जेहान ने कहा, यह कहना उचित है कि मैं मेक्सिको में मासेराती एमएसजी रेसिंग के साथ अपनी शुरुआत के लिए वास्तव में उत्साहित हूं - फॉर्मूला ई ड्राइवर के रूप में मेरी यात्रा शुरू करने के लिए यह एक प्रतिष्ठित जगह है। टीम के साथ मिलकर हमने पिछले कुछ महीनों में यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है कि मैं सीज़न की शुरुआत से पहले यथासंभव तैयार रहूँ। उन्होंने कहा, ट्रैक लेआउट ड्राइव करने में मजेदार लगता है और मेक्सिको में माहौल कुछ ऐसा है जिसे मैं अनुभव करने के लिए बहुत उत्सुक हूं - लोग इन चीजों के ड्राइवर पर पड़ने वाले प्रभाव को कम आंकते हैं। हालांकि सबसे बढ़कर, मैं खुद को और अपनी टीम को गौरवान्वित करना चाहता हूं।

# आईपीएल के जरिए टी20 विश्व कप में अपनी जगह बनाना चाहते हैं अक्षर



**मोहाली,** 12 जनवरी (आईएएनएस)। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल का लक्ष्य आगामी आईपीएल 2024 में दमदार प्रदर्शन करके टी20 विश्व कप टीम में जगह पक्की करना है, क्योंकि चोट के कारण उन्हें वनडे विश्व कप से बाहर होना पड़ा था। अक्षर ने गुरुवार को मोहाली में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और चार ओवर में 23 रन दिए।

अक्षर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरा काम अपने काम की नैतिकता और प्रक्रिया में 100 प्रतिशत देना है। मैं इस बारे में ज्यादा चिंता नहीं कर रहा हूं कि विश्व कप टीम चयन का क्या होगा। अगर मैं ऐसा करता हूं, तो मैं खुद पर दबाव डालूंगा। अभी मैं आईपीएल पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं और फिर हमें जल्द ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी खेलनी है। वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले विश्व कप से पहले भारत को सिर्फ दो और टी 20 मैच खेलने हैं। अक्षर भारतीय टीम में एक स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को लेकर सचेत हैं।

उन्होंने कहा, हम विश्व कप से पहले आखिरी दो टी20 मैच खेलने जा रहे हैं। फिर हमारे पास आईपीएल है। मुझे पता है कि वहां भारत की टीम में विश्व कप स्थान के लिए बहुत प्रतिस्पर्धा होगी, लेकिन मेरी प्रतिस्पर्धा खुद से है और मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान दूंगा।

# इंटर काशी को एफसी गोवा से हार का सामना करना पड़ा




**भुवनेश्वर,** 12 जनवरी (आईएएनएस) एफसी गोवा ने शुक्रवार को कलिंगा स्टेडियम में कलिंगा सुपर कप के ग्रुप डी मैच में इंटर काशी को 2-1 से हराया। गोवा के विंगर नोआ सदौई गोवा के खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने एक स्कोर किया और दूसरे में अपनी जीत को मजबूत करने में मदद की। पहले हाफ में पूरी तरह से हावी रहे एफसी गोवा अपने सामने आए मौकों का फायदा नहीं उठा सकी। शुरुआत से ही, उनके मिडफ़ील्ड का संचालन विंग पर नूह सदौई द्वारा किया गया था।

इंटर काशी संख्या में बचाव कर रही थी, उनके लगभग सभी खिलाड़ी यह सुनिश्चित करने के लिए अपने शरीर को दांव पर लगा रहे थे कि गोवा शुरुआती बढ़त न ले सके। सबसे अच्छा मौका यकीनन कार्ल मैकहुग के पास गिरा, डिफेंडर सदौई के कॉर्नर को हेड करने के लिए सबसे ऊपर उठे। लेकिन बार के ऊपर मार बैठे।

कुछ भी हो, गोवा ने दूसरे हाफ में जोरदार पलटवार किया और भट्टाचार्य से निपटने के लिए बॉक्स में बहुत सारी गेंदें डालीं। किले पर कब्ज़ा करने में काशी की सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती थी कि जब भी सदौई गेंद को बॉक्स के चारों ओर ले जाता था, तो उसका डिफेंस दोगुना हो जाता था। 54वें मिनट में आखिरकार वह अनुशासन टूट गया, ब्रिसन फर्नांडिस ने बायीं ओर से सदौई को एक सहज पास दिया। अमेरिकी को एक बार सुमीत पासी के साथ आमने-सामने का सामना करना पड़ा और उन्होंने इसका पूरा उपयोग किया, एक तरफ जाने का नाटक किया, अपने दाहिने पैर से कट लगाया और गेंद को ऊपरी दाएं कोने में घुमाया। गोवा को बढ़त मिल गयी।

काशी को अब गोवा के गोल पर हमला करने के लिए मजबूर होना पड़ा और जैसे ही उन्होंने ऐसा किया, पीछे से उनकी संख्या कम हो गई। 66वें मिनट में गोवा ने दूसरा गोल किया, सदौई फिर से इसमें शामिल हो गया, उसने अपनी दाहिनी ओर से कट किया और कार्लोस मार्टिनेज के पास पहुंचा, जो बॉक्स के अंदर चला गया था। फारवर्ड ने क्रॉस को नीचे गिरा दिया और भट्टाचार्य की पहुंच से परे फेंक दिया।

जब ऐसा लग रहा था कि गोवा जीत की ओर बढ़ रहा है, तो काशी ने पलटवार करते हुए खेल का घबराहट भरा अंत कर दिया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम के सामने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की मुश्किल चुनौती

**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम के सामने 13 से 19 जनवरी तक रांची में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर्स 2024 में शीर्ष तीन में रहकर लगातार तीसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की मुश्किल चुनौती है। भारत का पहला मकसद अपने पूल बी में शीर्ष दो में स्थान बनाकर सेमीफाइनल में स्थान बनाना होगा। अनुभवी स्ट्राइकर उपकप्तान वंदना कटारिया के रांची में अभ्यास के दौरान गाल की हड्डी में फ्रैक्चर के चलते बाहर होने और टीम ड्रैग फ्लिकर -फुलबैक गुरजीत कौर और दीप ग्रेस एक्का को टीम में शामिल नहीं किए जाने से भारत के पास बतौर ड्रैग फ्लिकर अकेले स्ट्राइकर दीपिका ही हैं। भारत को पेनल्टी कॉर्नर पर गोल के लिए ज्यादा इनडायरेक्ट गोल करने पर ही निर्भर करना होगा। भारत को बेशक अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया की कमी अखरेगी और टीम की चीफ कोच यॉकी शॉपमैन भी इस बात से इत्तेफाक रखती हैं। वंदना कटारिया की जगह भारतीय टीम में जगह पाने वाली बलजीत कौर बतौर स्ट्राइकर ओलंपिक क्वालिफायर्स में कसौटी पर होंगी। रांची में होने वाले ओलंपिक क्वालिफायर्स में आठ टीमें शिरकत करेंगी और इनमें से तीन शीर्ष टीमें 2024 में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के एस्ट्रो टर्फ अमेरिका के खिलाफ शनिवार को पहले दिन पूल बी के अंतिम मैच से करेगी। भारत ने अमेरिका को 2019 में ओलंपिक महिला हॉकी क्वालिफायर में डबल हेडर में 6-5 से हराकर




2020 के टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। भारत के लिए मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कार्नर बनाने का दारोमदार ललरेमसियामी के साथ संगीता कुमारी, दीपिका जैसे स्ट्राइकर और आक्रामक मिडफील्डर निशा वारसी, नेहा गोयल, नवनीत कौर, सलीमा टेटे पर रहेगा। भारत के लिए एक अच्छी बात यह है कि अनुभवी फुलबैक निकी प्रधान और मोनिका किले की मजबूत चौकसी के साथ ओवरलैप कर आगे गोल करने के मौकों को भुनाने का दम रखती है। भारत की महिला

■ भारत का पहला मकसद पूल में शीर्ष दो में रह सेमीफाइनल में स्थान बनाना

■ भारत को स्ट्राइकर वंदना का बाहर होना अखरेगा

टीम पूल बी में अमेरिका, न्यूजीलैंड व इटली के साथ है। वहीं ओलंपिक रजत पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम जर्मनी, जापान, चिली और चेक रिपब्लिक की टीमें पूल ए में हैं। भारत की महिला टीम अपने अभियान का आगाज 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करने के बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से भिड़ेगी। दोनों सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल और तीसरे स्थान के मैच 19 जनवरी को खेले जाएंगे।

**क्षमता के मुताबिक खेले तो जरूर ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करेंगेः शॉपमैन**

भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने पेरिसओलंपिक के लिए क्वॉलफाई करने के दबाव की बाबत कहा, ओलंपिक सबसे बड़ा टूर्नामेंट है और बेशक दबाव होगा। हर टीम ओलंपिक क्वॉलिफायर्स में आई हर टीम ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना चाहती है और जैसा की सविता ने कहा कि हमारी टीम ओलंपिक क्वॉलिफायर्स के लिए बढ़िया ढंग से तैयार है और रांची में खेलना में लाभदायक है। हमने देचा कि जब रांची में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हुई तो टीम में हर कोई दूसरे का साथ निभाने को तैयार दिखा था। रांची में दर्शकों के समर्थन भी खासा अहम रहेगा।